फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 3 प्रभात जयपुर, सोमवार 3 अगस्त, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Celebrating Love That Ripens with Time

Let me not to the marriage of true minds, Admit impediments. Love is not love, Which alters when it alteration finds, Or bends with the remover to remove

The Punganur Comeback

Petrarch and the Birth of Humanism

# ‘जंतर मंतर के प्रदर्शनकारियों द्वारा भद्दी, गाली युक्त नारेबाजी को सरकार इतना भारी मुद्दा क्यों बना रही है?’

## छात्र आंदोलनकर्ताओं के नेता का कहना है कि सरकार के इस प्रयास का एक ही मकसद है, पुलिस के बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज, पैलैट गन के हिंसक कारनामों की जवाबदेही से जनता का ध्यान बंटाना

- **इन नेताओं ने निम्न स्तर की भाषा के उपयोग पर माफी मांगने व खेद व्यक्त करने से साफ इन्कार किया।**
- **प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब सत्ता पक्ष के नेताओं ने छात्र प्रदर्शनकारियों के बारे में सदन में तथा संसद के बाहर, बड़े निम्न स्तर के संबोधनों का उपयोग किया और कहा, ‘‘छात्र बलात्कार प्रिय युवाओं व युवतियों का समूह हैं’’, तो क्या यह आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं थी और इसके लिए क्या माफी मांगी गई थी और खेद प्रकट किया गया था।**
- **छात्र नेताओं का कहना है कि छात्र आंदोलनकारी माफी मांगकर, खेद व्यक्त करने का खेल नहीं खेल रहे हैं। क्योंकि मुख्य मुद्दा प्रदर्शनकारियों पर हिंसात्मक तरीके से कील जड़ी लाठियों से प्रहार करने व पैलैट गन से छात्रों को जख्मी करने का है। सरकार इस ध्येय से ध्यान बंटाकर, नारों की भाषा को मुद्दा बनाना चाहती है।**

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। जंतर-मंतर पर 23 दिन तक भूख हड़ताल करने वाली ऑल इण्डिया स्टूडैन्ट्स एसोसिएशन (ए.आई.एस.ए.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों की भाषा को लेकर हो रहे विवाद का इस्तेमाल, संसद मार्च के दिन पुलिस की कार्रवाई के लिए जवाबदेही के मुद्दे को दबाने के लिए किया जा रहा है।

केन्द्र सरकार के खिलाफ कई प्रदर्शनकारियों द्वारा इस्तेमाल की गई गाली-गलौज वाली भाषा के लिए माफी मांगने या उसकी निंदा करने से इनकार करते हुए, नेहा बोरा ने आलोचकों पर 20 जुलाई की कार्रवाई के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन और पुलिस बल के इस्तेमाल से ध्यान भटकाने की कोशिश का आरोप लगाया।

एक समाचार एजेन्सी को दिए गए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों की भाषा को लेकर हो रहे विवाद का इस्तेमाल संसद मार्च के दिन पुलिस की कार्रवाई के लिए जवाबदेही के मुद्दे को दबाने के लिए किया जा रहा है।

प्रदर्शन खत्म होने के बाद से ही भाजपा आईटी सैल और भाजपा समर्थक संगठनों तथा लोगों द्वारा प्रदर्शनकारियों की कथित अभद्र भाषा वाले वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे हैं, जिसके बाद यह मामला राजनीतिक बहस का विषय बन गया है।

ऐसी ही एक प्रदर्शनकारी रुचिका सिंह का उदाहरण देते हुए, जो 15 साल की लड़की है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपशब्दों वाली आलोचना के कारण विवाद के केंद्र में आ गईं और उनके खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गईं, नेहा ने कहा कि इस किशोरी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई ‘‘चुनिंदा आक्रोश’’ (सिलैक्टिव आउटरेज) का मामला है।

छात्र नेता ने कहा, ‘‘आपको अपशब्दों का इस्तेमाल इतना बुरा लगता है। क्या आपको तब बुरा नहीं लगा जब धर्मेंद्र प्रधान ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों को ‘‘आतंकवादी’’ कहा था? क्या आपने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई? जब नितिन नबीन ने हमें वायरस कहा था, तब क्या किसी ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई?’’

नेहा के अनुसार चर्चा भाषा पर नहीं, बल्कि प्रदर्शनकारियों को लगी चोटों पर होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ‘‘सबसे पहले, जो लोग हमसे इन अपशब्दों के इस्तेमाल की निंदा करने को कहते हैं, उनसे मैं माफी चाहती हूं। हमें अफसोस है, लेकिन हम आपका यह खेल नहीं खेलेंगे। आप हमसे यह खेल इसलिए खेल रहे हैं क्योंकि हम अमित शाह से जवाबदेही मांग रहे हैं। हम पुलिस आयुक्त से जवाब मांग रहे हैं। आपको लगता है कि छात्रों पर पैलैट गन चलाना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीजेपी कोर कमेटी की बैठक 5 को

- **संगठन की आगे की रणनीति व भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा होगी।**

छत्रपति संभाजीनगर, 02 अगस्त। नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में आंदोलन चलाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की कोर कमेटी की अहम बैठक 5 अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में होगी। बैठक में संगठन की आगे की रणनीति और भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके के आवास पर आयोजित होगी। इसमें आंदोलन से जुड़े प्रमुख सदस्य हिस्सा लेंगे और पिछले आंदोलन के अनुभवों के साथ आगे की कार्ययोजना पर विचार करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले महीने चले करीब एक महीने लंबे आंदोलन के बाद संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से कुछ समय परिवार के साथ बिताने को कहा था। साथ ही उन्हें छात्रों और स्वयंसेवकों से बातचीत कर उनके सुझाव जुटाने और 5 अगस्त की बैठक में उन्हें साझा करने के लिए कहा गया है। बैठक खत्म होने के बाद सीजेपी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी।

इसमें संगठन अपनी आगामी रणनीति और आगे होने वाले आंदोलनों या कार्यक्रमों की घोषणा कर सकता है।

# हमने हमला रोकने की गुजारिश नहीं की- ईरान

## ट्रंप ने घोषणा की थी कि ईरान के आग्रह पर उन्होंने हमले रोक दिए हैं

- **राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते के लीिए होर्मुज़ को तुरंत पूरी तरह और बिना रोक-टोक खोलना जरूरी है।**
- **ईरानी मीडिया ने कहा कि होर्मुज़ पर उनके देश का स्टैंड बिल्कुल नहीं बदला है।**

तेहरान, 02 अगस्त। ईरान की ओर से कभी भी डॉनल्ड ट्रंप से हमले रोकने की गुजारिश नहीं की गई, ईरानी सेना पूरी मजबूती से लड़ रही है और लड़ती रहेगी। यह बात रविवार को ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर ने देश की सरकार और सेना के अधिकारियों के हवाले से कही है। यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन करते हुए आई है, जिसमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से नए हमले ना करने का आग्रह किया था। इसी गुजारिश पर डॉनल्ड ट्रंप ने हमले रोके हैं।

मेहर न्यूज एजेंसी ने सैन्य अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा, ईरान की सेना हाई अलर्ट पर है और किसी भी हालात का सामना करने के लिए तैयार है। डॉनल्ड ट्रंप का यह कहना है कि तेहरान ने वॉशिंगटन से नए हमले नहीं करने को कहा था, पूरी तरह से झूठ और बेबुनियाद है। यह उनके झूठों की संख्या को बढ़ाता है, जो उन्होंने लगातार बोले हैं।

डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उनकी आर्मी ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई कर सकती थी लेकिन तेहरान और खाड़ी के दूसरे देशों ने उनसे नए हमले रोकने का आग्राह किया। ऐसे में उन्होंने भी ईरान के साथ संभावित समझौते की कोशिश के दौरान उन्होंने हमलों को रोकने पर सहमति जताई थी।

डॉनल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते के लिए होर्मुज़ जलडमरूमध्य को तुरंत, पूरी तरह और बिना किसी रोक-टोक के खोलना जरूरी होगा। ईरानी मीडिया की ओर से अब कहा गया है कि ना तो उनकी फौज ने लड़ाई रोकने की गुजारिश की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नशे से परिवार, समाज व राष्ट्र कमज़ोर होता है- मोदी

## प्रधानमंत्री की ‘‘नशा मुक्त युवा’’ राष्ट्रव्यापी वीडियो कॉन्फ्रैंस में 28 हजार स्थानों पर एक करोड़ युवा जुड़े

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश भर में लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि अगले 100 रविवार कला, संस्कृति, खेल, ध्यान, आध्यात्म व सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।**

नई दिल्ली, 02 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स कुछ समय के लिए हाई देता है लेकिन आपके करियर और फैमिली लाइफ को लो कर देता है। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारे युवा नशा और ड्रग्स के खतरों को समझकर जागरुक रहते हुए इससे दूर रहें।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज ‘नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान’ का शुभारंभ किया, जिसमें इस दौरान राष्ट्रव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे से परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। दुश्मन देश भी षड्यंत्र करके देश के युवाओं को नशे की लत में खींचने की कोशिश करते रहते हैं। ड्रग सप्लाई करके देश को तबाह करना भी आतंकी साजिश का हिस्सा होता है। इसलिए हमें हर एक युवा को नशे के चुंगल में फंसने से बचाना है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि देशभर के लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि यह संकल्प अगले 100 सप्ताह तक लगातार आगे बढ़ेगा। इस दौरान प्रत्येक रविवार कला, संस्कृति, खेल, ध्यान, अध्यात्म और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम साबित होंगे।

प्रधानमंत्री ने नशा मुक्ति में योग, ध्यान और पुनर्वास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से यह विधाएं व्यक्ति के अंतर्मन को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आज नशा छोड़ने के लिए पुनर्वास केंद्र जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, यदि कोई युवा गलती से नशे की गिरफ्त में आ गया है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसके सभी रास्ते बंद हो गए हैं। उचित सहयोग और उपचार से वह सामान्य जीवन में लौट सकता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आरबीआई मौद्रिक समीक्षा बैठक

- **रैपो रेट यथावत् रहने की संभावना।**

नई दिल्ली, 02 अगस्त। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 3 अगस्त से शुरू होकर पांच अगस्त तक चलेगी। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक के निर्णय की जानकारी संजय मल्होत्रा 5 अगस्त को देंगे।

आर्थिक मामलों के जानकारों ने रविवार को बताया कि आरबीआई पश्चिम एशिया संकट और महंगाई के जोखिमों को देखते हुए इस बार भी अपने नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और उसे 5.25 फीसदी पर यथावत (अपरिवर्तित) रख सकता है।

केंद्रीय बैंक ने वृद्धि दर को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 1.25 फीसदी की कटौती की थी। आरबीआई वर्तमान रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा है।

# जंतर मंतर पर छात्र प्रदर्शन में जैश ने आतंकी हमले की योजना बनाई थी

## जैश के आतंकी हमीम मंडल व उसकी महिला मित्र अर्पिता सरकार से पूछताछ में कई खुलासे हुए

- **बंगाल एसटीएफ की जाँच के अनुसार, मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी सहित कई राजनेता व वरिष्ठ अधिकारी आतंकियों के निशाने पर थे। मंत्री उमेश राय के पुत्र के अपहरण के मामले में जाँच के दौरान इस आतंकी नेटवर्क की जानकारी मिली।**

कोलकाता, 02 अगस्त। जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी हमीम मंडल से पूछताछ में कई चौंकाने वाले राज़ फाश हुए हैं। बंगाल एसटीएफ के आइजी गौरव शर्मा ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल में हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस की वर्दी पहनकर हमले की साजिश रची गई थी। हमीम वहां पहुंचा था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई राजनेता व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी आतंकियों के निशाने पर थे। मुख्यमंत्री की गतिविधियों पर नज़र रखने और ऐसे स्थानों की जानकारी जुटाने का जिम्मा हमीम को ही दिया गया था। भाजपा विधायक एवं मंत्री उमेश राय के पुत्र के अपहरण और फिरौती की साजिश की जांच के दौरान इस नेटवर्क का पता चला था।

एसटीएफ ने हमीम की महिला मित्र अर्पिता सरकार को झारखंड के साहिबगंज से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ का दावा है कि अर्पिता संदिग्ध आतंकी माड्यूल की सक्रिय सदस्य है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, अर्पिता करीब चार वर्ष पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हमीम के संपर्क में आई थी। आरोप है कि वह उसके निर्देश पर विभिन्न गतिविधियों में सहयोग करती थी। इनमें लोगों को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश, मोबाइल नंबर जुटाना, व्यक्तियों एवं घरों की तस्वीरें एकत्र करना तथा रेकी करना शामिल है।

ट्रांजिट रिमांड पर बद्धर्मान लाकर अदालत में पेश करने पर उसे 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अब हिरासत में हमीम व अर्पिता को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी।

अर्पिता के भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क से सीधे संपर्क के संकेत मिले हैं। हमीम और अर्पिता इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से किन विदेशी हैंडलरों के संपर्क में थे और बंगाल और झारखंड के रास्ते संदिग्ध फंडिंग कैसे पहुंचाई जाती थी, एसटीएफ इसकी भी जांच कर रही है।

मालूम हो कि बंगाल एसटीएफ ने गत गुरुवार को पूर्व बद्धर्मान के एक आवासीय परिसर के जिम से हमीम को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ का दावा है कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, कुख्यात गैंग्सटर शहजाद भट्टी और पुलवामा हमले के आरोपित सज्जाद भट्ट के संपर्क में था।

# शेख हसीना पहली बार दिल्ली में मीडिया से बात करेंगी

- **वे फॉरेन कॉरैस्पॉन्डैन्ट्स क्लब के कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगी।**

नई दिल्ली, 02 अगस्त। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पहली बार भारत में मीडिया के सामने आने वाली हैं। बांग्लादेश में छात्रों के बड़े पैमाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बीच उनकी सरकार के सत्ता से हटने के लगभग दो साल बाद यह कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में फॉरेन कॉरस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया (एफसीसी साउथ एशिया) की ओर से वर्चुअली किया जाएगा। इसमें हसीना के अपने भविष्य की योजनाओं और बांग्लादेश लौटने की योजना के बारे में बात करने की उम्मीद है। बता दें कि शेख हसीना एफसीसी नहीं पहुंचेंगी। वे वर्चुअली जुड़ेंगी।

यह बातचीत 5 अगस्त 2026 को शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक नई दिल्ली में मथुरा रोड पर स्थित सर मार्क टली ऑडिटोरियम में होगी और क्लब के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी। यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाकिस्तान में पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती हमला

- **बम धमाके में 14 की मौत 18 घायल।**

इस्लामाबाद, 02 अगस्त। पाकिस्तान के स्वात जिले में पुलिस स्टेशन के बाहर हुए आत्मघाती बम धमाके में 14 लोगों की मौत हो गई है और 18 घायल हो गए हैं।

स्वात जिले के पुलिस अधिकारी उमर खान ने डॉन न्यूज को बताया कि जब पुलिसकर्मियों ने स्टेशन के गेट पर हमलावर को रोकने और उसकी तलाशी लेने की कोशिश की, तो उसने विस्फोटक में धमाका कर दिया।

सुरक्षाबलों ने तुरंत इस इलाके की घेराबंदी कर दी और जांच शुरू कर दी। यह धमाका पुलिस स्टेशन के पास तब हुआ जब सैकड़ों लोग स्वात घाटी में हाल ही में बढ़े आतंकवाद के विरोध में पास के काबल चौक पर प्रदर्शन कर रहे थे।

# भारत के क्लीन एनर्जी उत्पादन की क्षमता में एक बड़ा फैक्टर रेडियोएक्टिव वेस्ट भी है

## प्रति मेगावाट बिजली जनरेशन में न्यूक्लियर पावर प्लांट, 150 लीटर रेडियोएक्टिव वेस्ट भी बनाता है

- **इस रेडियोएक्टिव वेस्ट को जानी-मानी सुपरिचित प्रक्रिया से, निष्क्रिय व कम हानिकारक बनाकर सीमेंट कंकरीट की ट्रैंच (खाइयों) में दफन किया जाता।**
- **इन खाइयों की ‘‘लोकेशन’’ का बृहत् नक्शा बनाकर, चौबीस घंटे, सालों तक पहरेदारी में रखा जाता है, जिससे ‘‘रेडियोएक्टिव’’ मेटेरियल वातावरण में समय से पूर्व रिलीज न हो जाए।**
- **काफी सख्त ‘‘कण्डीशन्स’’ का निर्वहन करते हुए, न्यूक्लियर एनर्जी की क्षमता में इज़ाफा किया जाता है।**
- **जिस अनुपात में क्लीन एनर्जी का जनरेशन बढ़ता है, उसी अनुपात में रेडियाऐक्टिव वेस्ट के मैनेजमैंट का ‘‘फूल प्रूफ’’ इंतजाम भी लाजमी है। जिसके लिए प्रशिक्षित स्टाफ, कर्मचारी, इंजीनियर्स व साजोसामान उपलब्ध होना जरूरी है। इसलिए यह एक महत्वपूर्ण लिमिटेशन है कि किस गति से क्लीन एनर्जी का जनरेशन बढ़ा सकता है भारत।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 अगस्त। हर बार जब कोई परमाणु बिजलीघर बिजली पैदा करता है, तो उसके साथ ऐसा कचरा भी निकलता है जिसे सामान्य कचरे की तरह फेंका नहीं जा सकता।

कोयले से चलने वाले बिजलीघरों के कचरे के विपरीत, रेडियोधर्मी (रेडियोएक्टिव) कचरे को सावधानीपूर्वक प्रोसैस, मॉनिटर और स्टोर करना पड़ता है, ताकि उससे लोगों या पर्यावरण को कोई खतरा न हो।

इस पूरी प्रक्रिया का अधिकांश हिस्सा आम लोगों की नजर से दूर होता है। यही वजह है कि परमाणु कचरा देश की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का सबसे कम समझा जाने वाला हिस्सा है।

तथापि, सरकार ने अब पहली बार यह जानकारी दी है कि भारत इस अदृश्य बाय प्रोडक्ट (उप उत्पाद) को कैसे मैनेज करता है।

संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) ने बताया कि भारत के परमाणु बिजलीघर हर वर्ष प्रति मेगावाट (मेगावाट) क्षमता पर लगभग 0.15 क्यूबिक मीटर रेडियोएक्टिव सॉलिड कचरा पैदा करते हैं। इसमें बिजलीघर के संचालन के दौरान और उसके बंद करने (डीकमिशनिंग) के समय पैदा होने वाला कचरा भी शामिल है।

यदि इसे आसान भाषा में समझें, तो 0.15 क्यूबिक मीटर लगभग 150 लीटर के बराबर होता है, जो सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाले लगभग डेढ़ बाथटब के बराबर है। यह मात्रा किसी परमाणु बिजलीघर की प्रति मेगावाट उत्पादन क्षमता के हिसाब से हर वर्ष की है।

विभाग ने यह भी बताया कि रेडियोएक्टिव कचरे के निपटान (डिस्पोज़ल) की मात्रा और उसके निपटान के स्थान का रिकॉर्ड नियमित रूप से भारत के एटॉमिक एनर्जी रैगुलेटरी बोर्ड (एईआरबी) के पास जमा कराया जाता है। जो भारत का न्यूक्लियर सेफ्टी रैगुलेटर है।

जैसे-जैसे भारत बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए परमाणु ऊर्जा का विस्तार करने की योजना बना रहा है, उम्मीद है कि ध्यान केवल बिजली उत्पादन ही नहीं, बल्कि अरबों लोगों तक बिजली पहुंचाने के बाद बचने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विचार बिन्दु

**मनुष्य का कत्तर्व्य है कि वह उदार बनने से पहले त्यागी बने। –डिकेंस**

# नई पीढ़ी कटघरे में क्यों?

क्या हमारी नई पीढ़ी सचमुच ग़ैर ज़िम्मेदार है? दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए शिक्षामंत्री हटाओ आंदोलन के बाद यह प्रश्न फिर से चर्चा के केंद्र में है। असल में यह आंदोलन अनेक ऐसे प्रश्न छोड़ गया है, जिन पर लंबे समय तक चर्चा होती रहेगी। इस आंदोलन ने एक विरोधाभास भी सामने रखा। कुछ युवाओं की अमर्यादित अभिव्यक्तियाँ आलोचना का कारण बनीं, तो उन्हीं युवाओं का अनुशासन, साहस और संगठन–क्षमता व्यापक सराहना का विषय भी बनी। हमारा समय तीखे ध्रुवीकरण का है। ऐसे समय में किसी एक या किन्हीं कुछ घटनाओं के आधार पर किसी पीढ़ी का मूल्यांकन करना उचित नहीं कहा जाएगा।

अगर आप थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो पाएंगे कि दुनिया के हर देश और हर काल में वर्तमान पीढ़ी अपनी उत्तराधिकारी पीढ़ी से असंतुष्ट रही है। प्राचीन यूनानी दार्शनिकों और रोमन लेखकों ने युवाओं की खूब शिकायतें की हैं। असल में तो हर युग में बुजुर्गों ने युवाओं के प्रति अपनी नाराज़गी व्यक्त की है। उनकी मुख्य शिकायतें ये रही हैं कि युवा मेहनत से कतराते हैं, वे अनुशासनहीन हैं, बड़ों का सम्मान नहीं करते हैं, उनके मन में परंपराओं के प्रति सम्मान नहीं है वगैरह। आजकल भारत में बड़ों से यह सुनना आम है कि युवा हर समय मोबाइल में खोये रहते हैं और कोई सार्थक काम करने की बजाय रीलें देखते रहते हैं। भारतीय बुज़ुर्गों की आम राय यह है कि वे बहुत अच्छे थे और युवा उतने अच्छे नहीं हैं। हमारे ज़माने में.... उनका बेहद प्रिय प्रारम्भिक कथन होता है। रोचक बात यह है कि हर पीढ़ी की अपनी बाद वाली पीढ़ी के लिए ऐसी ही राय रही है।

अगर हम आज की युवा पीढ़ी को देखें और उसका एक तटस्थ आकलन करने का प्रयास करें तो हम पाते हैं कि जो आरोप उस पर लगाए जाते हैं, वे एक सीमा तक सही भी हैं। मसलन यही कि उसमें धैर्य की कमी है। वह बहुत जल्दी सब कुछ हासिल कर लेना चाहती है। लेकिन फिर मैं सोचता हूं कि इसमें बुराई क्या है? जो चीज़ हमारी पीढ़ी को बीस साल में हासिल हुई उसे अगर बाद वाली पीढ़ी पांच साल में हासिल करना चाहती है और कर भी रही है, तो इसकी तारीफ़ की जानी चाहिए, न कि आलोचना। इस पीढ़ी पर आरोप लगाया जाता है कि इसे संस्थाओं पर, चाहे वे सामाजिक हों, धार्मिक हों, सांस्थानिक हों, प्रशासनिक हों, कोई भी हों– कम भरोसा है। बात सही है। लेकिन विचार कीजिए कि क्या संस्थाओं ने ख़ुद को ऐसा बनाया है कि उन पर आँख मूंदकर भरोसा किया जाए? अगर नहीं, तो उन पर कम भरोसा रखना कौन–सा गुनाह हो गया? नई पीढ़ी की डिजिटल निर्भरता की बहुत आलोचना होती है। ठंडे मन से सोचिए, क्या इससे उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि नहीं हुई है? कब तक हम केवल परंपरा के नाम पर नवाचारों से कतराते रहेंगे?

इसी संभावनाशील युवा पीढ़ी का एक हिस्सा ग़ैर ज़िम्मेदार, अराजक, और उच्छृंखल भी है। उसमें त्वरित सफलता की इतनी तीव्र आकांक्षा है कि असफलता का सामना करने का धैर्य जैसे रह ही नहीं गया है। सोशल मीडिया ने तुलना और त्वरित मान्यता की ऐसी संस्कृति बना दी है कि उसके अभ्यस्तों को संघर्ष की लम्बी यात्रा असहनीय लगने लगती है। बहुत सारे युवा ऐसे भी हैं जो अपने आसपास के यथार्थ से एकदम निर्लिप्त हैं और उनका एकमात्र सरोकार अपना पैकेज है। ऐसे भी युवा हैं जिनके लिए नैतिकता अब कोई मूल्य नहीं है। लेकिन पूरी युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व ऐसे युवा नहीं करते हैं।

> **पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे बड़े मुद्दों पर युवा पीढ़ी ने जो सक्रियता दिखाई है वह हम सबको आह्लादित करती है। भारत में भी समय-समय पर विभिन्न मुद्दों पर इसी पीढ़ी ने ख़तरे उठाकर भी अपनी आवाज़ बहरे कानों तक पहुंचाई है और वर्तमान नीट परीक्षा वाले आंदोलन में युवाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है।**

अधिकांश युवा ऊर्जा और उत्साह से लबरेज़ हैं। उनकी गहरी संलग्नता अपने परिवेश और समय के साथ है और इस बात के प्रमाण वे समय–समय पर देते भी रहते हैं।


अब ज़रा तस्वीर का यह पक्ष भी ठीक से देख लिया जाए। पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे बड़े मुद्दों पर युवा पीढ़ी ने जो सक्रियता दिखाई है वह हम सबको आह्लादित करती है। भारत में भी समय–समय पर विभिन्न मुद्दों पर इसी पीढ़ी ने ख़तरे उठाकर भी अपनी आवाज़ बहरे कानों तक पहुंचाई है। गुजरात के नवनिर्माण आंदोलन, जेपी आंदोलन, अन्ना के आंदोलन और वर्तमान नीट परीक्षा वाले आंदोलन में युवाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। नीट वाले आंदोलन में अनुशासन का बने रहना, लड़कियों के प्रति दुर्व्यवहार का एक भी मामला न होना, सत्ता की निरंकुशता का सामना उत्कृष्ट हास्यबोध और रचनात्मकता से करना, और पूरे आंदोलन स्थल को यथासंभव साफ़ रखना ऐसे बिंदु हैं जिन्हें सर्वत्र सराहा गया है। और ऐसा नहीं है कि यह पीढ़ी केवल आंदोलनों में ही अपनी क्षमता प्रदर्शित करती है। भारत की स्टार्टअप संस्कृति, तकनीकी नवाचार, ओपन–सोर्स समुदाय, स्वयंसेवा, रक्तदान और आपदा–राहत जैसे असंख्य क्षेत्रों में उसकी ऊर्जा और रचनात्मकता साफ दिखाई देती है। कला संस्कृति के क्षेत्र में भी इनका योगदान उल्लेखनीय और सराहनीय है।

यहीं ज़रा ठहर कर ख़ुद से एक सवाल कर लिया जाना चाहिए। हम युवा पीढ़ी का आकलन करते हैं, इस पीढ़ी को अक्षम, अकर्मण्य, आलसी, ग़ैर ज़िम्मेदार वगैरह ठहराते हैं। उस पर तमाम तरह के आरोप लगाते हैं। लेकिन क्या हम इन्हें ज़िम्मेदारी भी देते हैं? क्या हम इन्हें स्वतंत्र रूप से कुछ करने की आज़ादी भी देते हैं? घर–परिवार में, शैक्षिक संस्थाओं में, समाज में, राजनीति में–कहां हम इन्हें खुलकर कुछ करने देते हैं? राजनीति में वृद्धजन युवाओं के लिए जगह खाली ही नहीं करते हैं। घर–परिवार में कोई किशोर या युवा क्या पढ़ेगा, यह उसके बजाय उसके मां–बाप तय करने की कोशिश करते हैं। अगर कोई अपनी पसंद से विवाह करना चाहे तो उसे सुनना पड़ता है, क्या हमने तुम्हें इसी दिन के लिए पाल पोस कर बड़ा किया था? आजीविका के मामले में हम कभी उसे स्वतंत्र निर्णय नहीं लेने देते। अगर वह किसी कला या खेल में रुचि लेता है तो हम उसे धिक्कारते हैं और पढ़ाई में मन लगाने के लिए धकेलते हैं। वह गायक बनना चाहता है हम उसे आईआईटी की तैयारी के लिए कोटा भेज देते हैं। ज़रा सोचिये, जिस देश और समाज में बीस–पच्चीस साल के युवा की ज़िंदगी के सारे फैसले उसके पचास–साठ साल के माता–पिता ही करें, वहां युवाओं से किस ज़िम्मेदारी की अपेक्षा की सकती है? और क्यों की जानी चाहिए? हम उन्हें स्वतंत्र रूप से चलने–फिरने तो देते नहीं और फिर कहते हैं कि उनमें आत्मविश्वास नहीं है।

इतना सब कह देने के बाद यह भी कहना ज़रूरी है कि हर पीढ़ी अपना निर्माण ख़ुद करती है। वह अपनी राह और मंज़िल खुद चुनती है, बशर्ते उसे ऐसा करने दिया जाए। हमारा स्वभाव यह है कि हम अपनी बाद वाली पीढ़ी के हाथ पांव बांध कर उस पर आरोप लगाने में सुख प्राप्त करते हैं कि वह दौड़ नहीं रही है। हम उससे ज़िम्मेदारी की अपेक्षा तो करते हैं लेकिन उसे ज़िम्मेदारी सौंपने की हिम्मत नहीं दिखाते। हम उसके लिए रास्ते तय करते हैं, उसकी मंज़िल निश्चित करते हैं और फिर शिकायत करते हैं कि वह अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो रही है। सच तो यह है कि हर पीढ़ी अपने से बाद वाली पीढ़ी को वही देती है जो उसके भीतर होता है – विश्वास या भय। यदि हम सक्षम युवाओं का समाज चाहते हैं तो उन्हें नियंत्रित करने से अधिक उन पर विश्वास करना सीखना होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

## राशिफल सोमवार 3 अगस्त, 2026



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2083, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 10:00 तक, सुकर्मा योग रात्रि 9:14 तक, कौलव करण दिन 11:03 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मिथुन, बुध–मिथुन, गुरू–कर्क, शुक्र–कन्या, शनि–मीन राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज प्रथम सावन वन सोमवार, नाग पंचमी (राज.) है। आज हरदेव पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 7:35 तक, शुभ 9:14 से 10:54 तक, चर 2:12 से 3:51 तक, लाभ–अमृत 3:51 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 7:10

**मेष**
घर–परिवार के कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। समय अनावश्यक खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होने का भय बना रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आज अनाश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।


**धनु**
घर–परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का मानसिक तनाव दूर होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# अन्नदाताओं को ऊर्जादाता बनाने का सच – आधी हकीकत, आधा फ़साना



रामपाल जाट

दोहरे मापदंडः– पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री सुरेश गोपी द्वारा लोकसभा में 7 अगस्त 2025 को दिए गए उत्तर के अनुसार 2014–15 से जून 2025 तक इथेनॉल मिश्रण से 238 लाख मैट्रिक टन कच्चे तेल का प्रतिस्थापन हुआ, एवं 1,40,000 करोड रुपए से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। भारत के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के अनुसार इसी अवधि में खाद्य तेल एवं दलहन के आयात की मात्रा 1,311.6 मैट्रिक लाख टन रही एवं आयात पर 21,09,600 करोड रुपए खर्च हुए हैं, यानि यह बचत की राशि से 15 गुणा से अधिक है। सुदृढ़ खाद्य सुरक्षा एवं इथेनॉल निर्माण में से प्राथमिकता का निर्धारण किए बिना ही दीवार घड़ी के पेंडुलम की भांति चलना दोहरे मापदंडों का परिचायक है।

भारत में वर्ष 2003 मे पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय नीति आरंभ हुई। वर्ष 2014 तक पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण की मात्रा 1.5 प्रतिशत रही, वर्ष 2014 जून के बाद मिश्रण की मात्रा 5 से 10 प्रतिशत कर दी गई, 2018 में नई नीति तैयार की गई, जिसके अनुसार मिश्रण की मात्रा को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की अवधि 2030 निर्धारित की गई, इसके 5 वर्ष पूर्व मार्च 2025 में मिश्रण की मात्रा 19.2 प्रतिशत कर दी गई, जो 2025–26 में 20 प्रतिशत हो गई। इस नीति में ब्राजील की भांति गाड़ियों के अनुकूल इंजन तैयार करने, मूलभूत अवसंरचना को सुदृढ़ करने, और जनसामान्य को विकल्प देने का प्रावधान नहीं किया गया।

राजनेताओं की चीनी मिलों को घाटे से बचाने के लिए इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की नीति पर वर्ष 2013 के पहले विचार आरंभ हो गया था। माह जून 2014 के उपरांत सरकारी प्रभाव से इस नीति के पंख लग गए। इसी को न्यायोचित ठहराने के लिए अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाकर मालामाल करने का राग अलापना आरंभ हो गया।

देश में प्रदूषण रहित ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत जानवर था, जो आधुनिक प्रौद्योगिकी के नाम पर पार्श्व में धकेल दिया गया। ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों की अपेक्षा इथेनॉल को रामबाण औषधि के रूप में मान लिया गया। इसी से इथेनॉल निर्माण इकाइयों को मूल्य निर्धारण एवं विपणन की चिंता से मुक्त कर दिया गया। उन पर संरक्षण एवं सहायता के रूप में सरकारी कृपा बरसना आरंभ हो गई। इथेनॉल से अपेक्षित अच्छे विकल्पों के विचार पर ग्रहण लग गया। राजनीति में स्वयं को लूट से दूर रखने का संकल्प व्यक्त करने वाले भी ऐसे परिवेश में लूट की धारा में बह जाते हैं। इससे उनकी प्रतिष्ठा धूमिल होने लगती है। लालच को त्यागे बिना स्वयं की श्रेष्ठता को प्रमाणित करने में वे अपनी बुद्धि एवं शक्ति का उपयोग करने लग जाते हैं। यह कागज के फूलों में सुगंध उत्पन्न करने जैसा ही निरर्थक श्रम है।

जिस मक्का की इथेनॉल निर्माण में 72 प्रतिशत भागीदारी रही है, उस मक्का को 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' 2400 रुपए प्रति क्विंटल होते हुए भी मक्का उत्पादक किसानों को एक क्विंटल के दाम अधिकतम 1800 रुपये प्राप्त हुए। जबकि इथेनॉल निर्माण इकाइयों ने उत्पादन खर्च की गणना 2400 रुपए प्रति क्विंटल के आधार पर की थी, उसी के अनुसार इथेनॉल निर्माण इकाइयों को एक लीटर इथेनॉल के दाम 71.86 रूपये प्राप्त हुए। किसानों को प्राप्त होने वाले अधिकतम दामों के आधार पर गणना करने पर एक लीटर के दाम 54.52 रुपए प्राप्त होने चाहिए थे। इसी प्रकार 100 प्रतिशत कटे चावलों की स्थिति है। जिसका घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,183 रुपए प्रति क्विंटल है, इथेनॉल निर्माण इकाइयों के लिए 100 प्रतिशत कटे चावल का मूल्य 2320 से लेकर 2390 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है। एक नवंबर 2026 से 31 प्रतिशत अक्टूबर 2027 तक 72 लाख मैट्रिक टन चावल इथेनॉल कंपनियों के लिए आरक्षित किया गया है, इसके पूर्व 2025–26 में इसी अवधि में 52 लाख मैट्रिक टन चावल आरक्षित किया गया था। नीति आयोग तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की, रोड मैप फार एथेनॉल ब्लेडिंग इन इंडिया 2020–25 के प्रतिवेदन के अनुसार गन्ने से एक लीटर इथेनॉल तैयार करने में 3000 लीटर पानी का उपयोग होता है। मेरी विरासत में कम पानी वाली फसलों को प्रोत्साहित कर रही है, दूसरी ओर रोडमेप फॉर इथेनॉल ब्लेंडिंग इन इंडिया की ओर दौड़ रही है।

विकल्प– यह सही है कि 85 प्रतिशत क्रूड विदेशों से आयात हो रहा है, होर्मुज़ बंद जैसी घटनाओं के बाद आयात की निर्भरता को कम करना, विदेशी मुद्रा को बचाना तथा पर्यावरण की रक्षा करना सामयिक आवश्यकता है। इसके लिए इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा, भूगर्भ से ऊर्जा, जानवरों से प्राप्त ऊर्जा जैसे श्रेष्ठतर विकल्पों के उपयोग पर विचार किए बिना देश की खाद्य सुरक्षा की बलि देना उचित नहीं हो सकता।

जिस प्रकार इथेनॉल निर्माण इकाइयों के लिए निश्चित मूल्य प्रदान करने एवं विपणन की चिंता से मुक्त रखने की नीति तैयार की गई है, इस प्रकार की नीति इथेनॉल निर्माण में काम आने वाले मक्का, चावल जैसी कृषि उपजों के लिए नहीं है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत गन्ना को आवश्यक वस्तु घोषित कर गन्ना नियंत्रण आदेश प्रसारित किया गया है, उस प्रकार से मक्का को आवश्यक वस्तु के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है। इसके अभाव में भी मक्का उत्पादक किसानों को घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी वंचित रहना पड़ता है।

कृषि उपजों को लाभकारी मूल्य दिलाने की दिशा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का कानून श्रेष्ठ उपाय है। सरकारी नीतियां उस प्रयोजन को पूरा करने के लिए तैयार नहीं की गई है। बल्कि वर्ष 1968 में कृषि मूल्य नीति में न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटीड मूल्य के रूप में वर्णन किया गया, उसका क्रियान्वयन 58 वर्ष व्यतीत होने के उपरांत भी नहीं हो पाया है। इसी अनुक्रम में 12 जुलाई 2022 को गठित समिति के उपसमूह ने 21 अप्रैल 2023 को न्यूनतम समर्थन मूल्य को आरक्षित मूल्य श्रेणी में रखकर मंडियों में नीलामी बोली का आरंभ न्यूनतम समर्थन मूल्य से करने संबंधी अनुशंसा की हुई है। उस समिति का प्रतिवेदन अभी तक भी प्रकाशित नहीं किया गया है। सरकार द्वारा अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का मंतव्य किसानों का कल्याण करना नहीं बल्कि किसानों के नाम पर इथेनॉल निर्माण करने वाले धनपतियों को लाभान्वित करना है। इथेनॉल को आइसोब्यूटेनॉल में बदलकर ही डीजल में उपयोग किया जा सकता है। अब भारत में डीजल में भी 15 प्रतिशत आइसोब्यूटेनॉल मिलावट करने की तैयारी चल रही है। दूसरी ओर भारत 1.5 करोड़ टन का पेट्रोल का फ्रांस, नीदरलैंड सहित अनेक देशों को निर्यात करता है, उसमें इथेनॉल मिश्रण वाला पेट्रोल नहीं है वरन शुद्ध पेट्रोल है। यदि मिश्रण श्रेष्ठ है तो निर्यात में भी भारत सरकार बढ़त लेनी चाहिए।

एथेनॉल मिश्रण का प्रयोग करने के लिए वाहनों के इंजन के प्रौद्योगिकी का परीक्षण करना पूर्ववर्ती शर्त है। ब्राज़ील ने 10 से 30 प्रतिशत की यात्रा पूरी करने में 50 वर्ष का समय लगाया, भारत में 5 से 20 प्रतिशत तक की यात्रा 6 वर्ष में ही पूरी कर ली। परिवहन मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में विक्रय किए गए 10 में से 7 वाहन 80:20 मिश्रण के अनुकूल नहीं थे, कारों और दो पहिया वाहनों में 3 प्रतिशत से भी कम वाहन इस मिश्रण के अनुकूल थे। मंत्रालय के वाहन पोर्टल के अनुसार 2025 के पूर्व विक्रय किए गए 1.37 करोड़ दोपहिया वाहनों में से 52 लाख तथा 33.6 लाख कारों में से 9 लाख कार ही इस मिश्रण के अनुकूल है। इसी प्रकार दो पहिया वाहनों में 72.5 प्रतिशत, तीन पहिया वाहनों में 71.6 प्रतिशत, कारों में 72.2 प्रतिशत, हल्के मालवाहक वाहनो में 66.6 प्रतिशत इस मिश्रण के अनुकूल नहीं है। वर्ष 2023 से पहले निर्मित वाहनों में से तो कार एवं दोपहिया कोई भी एथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं है। पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में स्वीकार किया है कि सरकार ने इस तथ्य का आकलन नहीं कराया कि देश में कितनी प्रतिशत गाड़ियां 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के अनुकूल है। इसके बिना ही 20 प्रतिशत मिश्रण से गाड़ियों के इंजन को क्षति के संबंध में आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं होना दर्शाया है। यद्यपि इस उत्तर में 3 से 5 प्रतिशत माइलेज कम होने को स्वीकारा है। सरकार द्वारा अपुष्ट तथ्यों के आधार पर 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण को सही की संज्ञा देने से सरकार की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ जाती है।

वर्ष भर भारत में 300 से अधिक दिनों तक सूर्य की असीम ऊर्जा प्राप्त होती है। 120 से अधिक देशों के समूह इंटरनेशनल सोलर अलायंस का भारत नेतृत्व कर रहा है। वर्ष 2025 में नयी सौर को जोड़कर 38 गीगावाट सौर क्षमता हो गई, जो अमेरिका के 35 गीगावाट से अधिक है। इस प्रकार देश की कुल सौर क्षमता 150 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। पेट्रोल डीजल से चलने वाले उपकरणों में सौर ऊर्जा का उपयोग करने से 10 करोड़ बैरल तेल की मात्रा घट सकती है, जिससे लगभग 716 अरब से 1,050 अरब रूपये विदेशी मुद्रा की बचत की जा सकती है। सौर से प्राप्त अनंत ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए विकल्प ही नहीं सामयिक राष्ट्रीय आवश्यकता है। प्रत्येक छत पर सौर उपकरणों की स्थापना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छोटा किंतु निर्णायक कदम हो सकता है। यह विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने का श्रेष्ठ उपाय है,यह होर्मोज जलडमरूमध्य की निर्भरता से छुटकारा दिलाने की दिशा में कारगर सिद्ध हो सकता है। वर्ष 2025 में 2.3 टेरावाट घंटे की सौर ऊर्जा को ग्रिड की क्षमता के अभाव में छोड़ना पड़ा था, जिसे जिसे केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकार किया है, उसमें नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार अप्रैल से जून 2026 के मध्य 8,133 गीगावॉट घंटा जीडब्ल्यूएच शोर बिजली का उत्पादन रोकना पड़ा, सबसे अधिक कटौती मई महीने में 3,235 जीडब्ल्यूएच में हुई, ऊर्जा क्षेत्र में उत्पादन रोकने की यह स्थिति सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़ा करती है। इसी प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा क्षेत्र में छलांग लगाने की क्षमता का तदानुकूल पूरे मन से उपयोग नहीं करने का स्पष्टीकरण सरकार से अपेक्षित है। परंपरागत रूप से पशुधन का ऊर्जा के रूप में उपयोग तो अनुभव सिद्ध प्रमाण है। 'जन –जंगल– जमीन –जानवर' आधारित सर्वसुलभ– प्रदूषण रहित ढांचे को युगानुकुल तैयार करने में आधुनिकता के नाम पर सरकारों ने उपेक्षा ही की है।

देश की आर्थिक स्थिति सुधार करने, क्रूड ऑयल पर निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा की बचत करने, प्रदूषण को रोकने एवं पर्यावरण को मानव जीवन के अनुकूल रखने, स्वतंत्रता के स्थायित्व के लिए खाद्य सुरक्षा को वरीयता देने, पानी के दुरुपयोग को नियंत्रित करने,भारतीय संविधान में प्रदत्त सम्मान पूर्वक जीवनयापन के लक्ष्य को प्राप्त करने के संदर्भ में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता देश की अनिवार्य आवश्यकता है। देश को समृद्ध बनाने वाले 'जन– जमीन– जंगल– जानवर' आधारित अर्थ रचना में प्रदूषण की संभावनाएं नगण्य है, वहीं पशुधन देश में ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत रहा है, जिसकी उपयोगिता प्रदूषण रहित सर्व सुलभता के रूप में पूर्व से ही सिद्ध है। इथेनॉल मिश्रण के संबंध में उल्लिखित सभी कारक वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त होना संभव है।

**–रामपाल जाट, राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**किसान महापंचायत।**

# लंदन डायरी : ब्रिटेन में सघन हरियाली का राज

पेड़ों का पृथ्वी पर बहुत महत्व है। इनके बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। दुनिया के जंगलों में प्राकृतिक और मानवीय पर्यावरण को बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रिटेन हरियाली के लिहाज से एक समृद्ध देश है। मौसम की अनुकूलता और नागरिकों का पर्यावरण के प्रति असीम प्रेम और लगाव मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। अपनी इसी खूबसूरती के कारण सम्पूर्ण ब्रिटेन दुनियां भर में प्रसिद्ध है। यहां हर घर के पास 10 मिनट वाक पर एक पार्क मिल ही जायेगा। ब्रिटेन को ग्रीन एन्ड प्लीजेंट लैंड यूं ही नहीं कहा जाता है। यहां हरियाली सिर्फ एक नज़ारा नहीं अपितु यहाँ के निवासियों की लाइफ स्टाइल है। यहां के स्कूलों में बच्चों को छोटी उम्र से ही गार्डनिंग सिखाई जाती है। चूँकि यहां सालभर बारिश होती है, इसलिए भी घास हरी मिलती है। ब्रिटेन ने साबित कर दिया है कि इस देश में विकास के साथ नेचर को भी बचाया जा सकता है। शहरों के चारों तरफ निर्माण कार्य प्रतिबंधित है ताकि खेत खलिहान और जंगल बचे रहे। इसलिए यहाँ आकर देशी और विदेशी पर्यटकों को लगता है कि शहर भी सांस ले रहा है। ब्रिटेन में किसी भी पेड़ को काटने से पहले कॉउंसिल से इज़ाज़त लेनी पड़ती है। इस प्रदेश में हज़ारों साल पुराने पेड़ देखने को मिल जाते है। ब्रिटेन में 400 साल से भी ज्यादा पुराने जंगलों की संख्या दो हज़ार से ज्यादा है। इनकी समुचित देखभाल सरकारी और निजी ट्रस्टों के माध्यम से की जाती है। अनेक जंगलों में भ्रमण के लिए जाने पर बाकायदा प्रवेश शुल्क भी देना पड़ता है। यहाँ हर साल द वुडलैंड ट्रस्ट नये पेड़ लगाता है। ब्रिटेन में हर आदमी के हिस्से औसतन 145 पेड़ आते है।

ब्रिटेन में वृक्षारोपण का तरीका बड़ा अजब गजब है। सघन वृक्षारोपण में पौधा लकड़ी के सहारे खड़ा करते है। थोड़ा बड़ा पौधा लगाते है तो लकड़ी के दो सहारों के साथ लगाते है ताकि वह मजबूती से खड़ा रहे। मौसम तो इनका साथ बखूबी देता ही है जिससे पेड़ जिंदा रहता है। इन पंक्तियों के लेखक ने लंदन में सड़क किनारे और वहां के गांवो में इस प्रकार के हजारों पौधे देखे जो लकड़ी के सहारे खड़े थे। वृक्षों की कटाई और लकड़ी का यहाँ बड़ा कारोबार है मगर एक वृक्ष काटेंगे तो दो पहले लगा कर उसे जीवित रखेंगे। तभी यहाँ इतनी सघन हरियाली है जो तन और मन की सुकून देती है।

**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार।**



# भ्रष्टाचार का दलदल : क्या नैतिक नेतृत्व का संकट लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है?



राम शर्मा

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके प्राकृतिक संसाधनों, सैन्य सामर्थ्य या आर्थिक विकास में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक जीवन की नैतिकता में निहित होती है। जब शासन व्यवस्था में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही कमजोर होने लगती है, तब लोकतंत्र का बाहरी ढांचा भले ही कायम रहे, उसकी आत्मा धीरे–धीरे क्षीण होने लगती है। आज भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यही है कि भ्रष्टाचार केवल कुछ व्यक्तियों का अपराध नहीं रह गया है, बल्कि कई क्षेत्रों में यह एक ऐसी प्रवृत्ति बन चुका है जिसने व्यवस्था पर जनता के विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है।

देश में समय–समय पर सामने आए विभिन्न घोटाले, रिश्वतखोरी के मामले, सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं के आरोप, अवैध खनन, भूमि घोटाले और भर्ती परीक्षाओं में धांधली जैसे प्रकरण यह संकेत देते हैं कि भ्रष्टाचार केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट भी है। यही कारण है कि आम नागरिक के मन में यह प्रश्न उठता है कि क्या सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों का ह्रास हमारी सबसे बड़ी राष्ट्रीय समस्या बन चुका है?

भारत ने डिजिटल शासन, ऑनलाइन सेवाओं, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और ई–टेंडरिंग जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से भ्रष्टाचार कम करने के अनेक प्रयास किए हैं। इन सुधारों का सकारात्मक प्रभाव भी दिखाई देता है। फिर भी अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 2025 में भारत 182 देशों में 91वें स्थान पर रहा। यह स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में कुछ बेहतर अवश्य है, किंतु यह भी संकेत देती है कि सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर अभी लंबी दूरी तय करनी बाकी है।

भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि यह गरीब और ईमानदार नागरिक को सबसे अधिक नुकसान पहुँचाता है। जब किसी पात्र व्यक्ति को उसका अधिकार रिश्वत दिए बिना नहीं मिलता, जब सरकारी योजनाओं का लाभ बीच में ही कहीं गायब हो जाता है, जब योग्य अभ्यर्थी की जगह धन या प्रभाव रखने वाला व्यक्ति अवसर प्राप्त कर लेता है, तब केवल एक व्यक्ति नहीं हारता, बल्कि पूरा लोकतंत्र कमजोर होता है। इससे युवाओं में यह संदेश जाता है कि सफलता का मार्ग परिश्रम नहीं, बल्कि पहुँच और पैसे से होकर गुजरता है। यह सोच किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है।

महात्मा गांधी ने कहा था, "साधनों की पवित्रता के बिना साध्य की पवित्रता संभव नहीं।" यह विचार आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। यदि शासन का उद्देश्य जनकल्याण है, तो उस तक पहुँचने के साधन भी पूर्णतः नैतिक और पारदर्शी होने चाहिए। दुर्भाग्य से आज अनेक अवसरों पर राजनीति में सेवा की भावना के स्थान पर सत्ता को विशेषाधिकार मानने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। दूसरी ओर नौकरशाही के कुछ हिस्सों में भी जनसेवा की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता देने के आरोप सामने आते रहते हैं। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि देश में अनेक ईमानदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी आज भी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं और उन्हीं के कारण व्यवस्था चल रही है। भ्रष्टाचार का एक गंभीर आर्थिक पक्ष भी है। जब सार्वजनिक धन का दुरुपयोग होता है, तब सड़कें घटिया बनती हैं, अस्पतालों में संसाधनों की कमी रहती है, विद्यालयों की गुणवत्ता गिरती है और विकास परियोजनाएँ समय पर पूरी नहीं हो पातीं। इसका सीधा प्रभाव निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास पर पड़ता है। अंततः इसकी कीमत सामान्य करदाता को चुकानी पड़ती है। आज आवश्यकता केवल भ्रष्टाचार विरोधी भाषणों की नहीं, बल्कि संस्थागत सुधारों की है। लोकसेवकों की जवाबदेही सुनिश्चित हो, सरकारी खरीद और ठेकों की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बने, शिकायतकर्ताओं और व्हिसलब्लोअर्स को प्रभावी सुरक्षा मिले, न्यायिक प्रक्रिया तेज हो तथा दोषियों को समयबद्ध दंड मिले। साथ ही राजनीतिक दलों की वित्तीय पारदर्शिता और चुनावी सुधारों पर भी गंभीरता से कार्य करना होगा। जब तक राजनीति और प्रशासन दोनों में उत्तरदायित्व की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान अधूरा रहेगा।

नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यदि समाज स्वयं छोटे–छोटे लाभ के लिए नियमों को तोड़ने, अनुचित सिफारिश कराने या रिश्वत देकर काम कराने को सामान्य मान ले, तो भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी होती जाती हैं। इसलिए भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष सरकार और न्यायालयों के साथ–साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। भारत आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि इस विकास यात्रा को स्थायी और न्यायपूर्ण बनाना है, तो सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को सर्वोच्च मूल्य बनाना होगा। आर्थिक प्रगति तभी सार्थक होगी जब उसके साथ नैतिक प्रगति भी जुड़ी हो। लोकतंत्र की वास्तविक सफलता चुनाव जीतने में नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतने में निहित है।

भ्रष्टाचार का अंत केवल नए कानूनों से नहीं होगा; उसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता, त्वरित न्याय, सक्रिय नागरिक समाज और नैतिक शिक्षा–इन पाँचों का समन्वय आवश्यक है। जिस दिन सार्वजनिक जीवन में पद को अधिकार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व माना जाने लगेगा, उसी दिन भारत भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकलकर सुशासन की नई पहचान स्थापित कर सकेगा। तभी 'विकसित भारत' का सपना वास्तव में जनविश्वास और नैतिकता की मजबूत नींव पर खड़ा होगा।

**–राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# मुख्यमंत्री ने उदयपुर जिले को दी 421 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

## वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जाएगी, अब तक 26 जिलों में दिन में बिजली आपूर्ति की जा रही है : भजनलाल शर्मा

-कार्यालय संवादाता-

**उदयपुर/जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर के नगर निगम सभागार में 421 करोड़ रुपये की लागत के 457 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 2.24 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए। वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जाएगी। अब तक 26 जिलों में दिन में बिजली आपूर्ति की जा रही है। विभिन्न क्षमताओं के नए जीएसएस की स्थापना हो रही है। वहीं, किसान पीएम-कुसुम योजना से अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन रहे हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर के नगर निगम सभागार में 421 करोड़ रुपये की लागत के 457 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित किया।

- मुख्यमंत्री ने कहा ''उदयपुर झीलों की नगरी होने के साथ-साथ शक्ति और भक्ति की भी भूमि है। राजसमंद, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जिले हैं, इन क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।''

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान के विकास का रोडमैप बनाया, जिसके तहत पानी, बिजली, उद्योग, रोजगार एवं सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। रामजल सेतु लिंक परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है। इससे आमजन, किसान और उद्योगों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता संभव हो पाया। उदयपुर तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों के लिए भी देवास परियोजना के कार्यों को गति प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया। इसमें हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 4 लाख नौकरियां देने के वादे को पूरा करने के क्रम में अब तक 1.78 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। शेष 1.32 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। अब तक कुल 3 लाख 80 हजार पदों पर भर्तियों का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उदयपुर झीलों की नगरी है। साथ ही, शक्ति और भक्ति की भी भूमि है। राजसमंद, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जिले हैं, इन क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उदयपुर जिले के आमजन के लिए 47 करोड़ रुपये से अधिक की 21 प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है।

इनमें 7 करोड़ रुपये से आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज में आधुनिक कैथ लैब, पौने 5 करोड़ रुपये से उदयपुर शहर में 75 बेड का बुजुर्गों के लिए पुनर्वास गृह, 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से फलासियां में राजकीय कन्या महाविद्यालय भवन, 2 करोड़ 80 लाख रुपये से कानोड़ में राजकीय सावित्री बाई फूले अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, 2 करोड़ 31 लाख रुपये से अधिक की लागत से सविना में आर.सी.सी. नाले का निर्माण, करीब डेढ़ करोड़ से वल्लभनगर के दरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे कार्य जनता को समर्पित किए हैं।

उन्होंने कहा कि 1 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तितरड़ी के नए बस स्टैंड के लिए सड़क निर्माण, 2 करोड़ 31 लाख रुपये से भुवाणा, वल्लभनगर एवं मावली में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के भवन, करीब डेढ़ करोड़ रुपये से महाराणा प्रताप खेलगांव में लेक्रोस खेल मैदान, बोहरा गणेश जी आयड़ में ओपन पार्किंग और अमरख जी महादेव मंदिर मार्ग का लोकार्पण भी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उदयपुर के बुनियादी ढांचे और विकास के लिए 373 करोड़ रुपये से अधिक की 436 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसमें 121 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा भूपाल चिकित्सालय में मातृ एवं शिशु विंग, 75 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से भुवाणा क्षेत्र में आधुनिक सीवरेज सिस्टम, करीब 51 करोड़ रुपये से जिला चिकित्सालय भींडर का भवन निर्माण, 5 करोड़ 75 लाख रुपये से फतहनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि साढ़े 4 करोड़ रुपये से गोगुंदा में राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास भवन, साढ़े 4 करोड़ रुपये से पुलिस लाईन उदयपुर में अधिकारियों के लिए 12 आवासीय भवन, 3 करोड़ 80 लाख रुपये से झाडोल के ढीमड़ी क्षेत्र में राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास, करीब 3 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से सुखेर में सर्विस रोड, 6 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से बनास नदी पर गोगुंदा के पानेर और केलथरा मार्ग पर सबमर्शिबल पुलिया का शिलान्यास भी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े 5 करोड़ रुपये से खेलगांव उदयपुर में जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास और डबोक में बालक आश्रम छात्रावास, 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से गोगुंदा के बोमरचा में बनास नदी पर सबमर्शिबल पुलिया निर्माण, खेरोदा, झाडोल व सायरा में 2-2 करोड़ के अटल प्रगति पथ के निर्माण की नींव रखी गई है। साथ ही, जिले में विभिन्न स्कूलों में शेड, डोम एवं सोलर पनघट और बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई, शहरी एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास से जुडे विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 34 हजार 128 करोड़ रुपये से 49 हजार 197 किलोमीटर सड़क नेटवर्क विकसित किया है। प्रदेश में 2750 किलोमीटर लंबे 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

18 हजार 67 किलोमीटर नई सड़कें बनाई गईं तथा 1 हजार 758 गांवों को पहली बार डामर सड़क से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 10 हजार किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कें बनाई गईं हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 हजार 286 किमी सड़कों का विकास किया है।

समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, सांसद मन्नालाल रावत, चुन्नीलाल गरासिया, विधायक फूलसिंह मीणा, प्रताप लाल भील, उदय लाल डांगी, ताराचन्द जैन, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पुलिस गश्त से नाकाम हुई एटीएम लूट, 32 लाख रुपये सुरक्षित बचे

## वी.के.आई. क्षेत्र में बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम की तिजोरी तोड़ने का प्रयास

**जयपुर( कासं )।** विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में रविवार तड़के नकाबपोश बदमाशों ने बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम को निशाना बनाकर उसमें रखी नकदी लूटने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की नियमित गश्त ने उनकी योजना विफल कर दी। बदमाश एटीएम की तिजोरी का लॉक तोड़ चुके थे, लेकिन गश्ती दल के पहुंचने की भनक लगते ही करीब 32 लाख रुपये एटीएम में ही छोड़कर फरार हो गए।

- सीसीटीवी में कैद हुए 4 नकाबपोश बदमाश, पुलिस तलाश में जुटी

पुलिस के अनुसार घटना रविवार तड़के करीब 1:45 बजे की है। चार नकाबपोश बदमाश विश्वकर्मा क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ में घुसे और अपने साथ लाई लोहे की रॉड से एटीएम मशीन तथा उसकी तिजोरी का लॉक तोड़ दिया। बदमाश नकदी निकालने की तैयारी में थे, तभी विश्वकर्मा थाना पुलिस की गश्ती टीम नियमित चेकिंग के दौरान मौके के पास पहुंच गई।

पुलिस वाहन की आहट मिलते ही बदमाश घबरा गए और एटीएम को उसी हालत में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। गश्ती दल ने एटीएम बूथ की जांच की तो मशीन टूटी हुई मिली। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों और बैंक प्रबंधन को सूचना दी गई। बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में एटीएम की जांच की गई, जिसमें मशीन में रखे पूरे 32 लाख रुपये सुरक्षित पाए गए। पुलिस की तत्परता से बड़ी नकदी चोरी होने से बच गई। घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र में तत्काल नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी।

एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चार नकाबपोश बदमाश वारदात का प्रयास करते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और बदमाशों के भागने के संभावित मार्ग के आधार पर उनकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कर्मचारी नेता स्व. मांगीलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर 245 यूनिट रक्तदान

**जयपुर ( कासं )।** राजापार्क स्थित शिव हरमिलाप भवन में पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब एवं प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन (इंटक) के संयुक्त तत्वावधान में जलदाय फैडरेशन इंटक के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष, श्रमिक जगत के प्रेरणास्त्रोत एवं लोकप्रिय कर्मचारी नेता स्वर्गीय मांगीलाल शर्मा की 33वीं पुण्यतिथि पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों कर्मचारी नेताओं, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मानवीय सेवा के इस पुनीत अभियान में 245 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।




पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कर्मचारी नेता स्व. मांगीलाल शर्मा की पुण्यतिथि आयोजित शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया।

आयोजन समिति एवं संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, महामंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, विधि सलाहकार मुकेश कुमार माथुर, जलदाय यूथ इंटक के प्रदेशाध्यक्ष अजीत सिंह शेखावत तथा प्रदेश प्रवक्ता विजय सिंह ने बताया कि स्व. मांगीलाल शर्मा के सेवा, संघर्ष और कर्मचारी हितों के आदर्शों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया।कार्यक्रम में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, राजापार्क पार्षद स्वाति परनामी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा इस जनसेवा अभियान की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम का समापन स्वर्गीय मांगीलाल शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके बताए सेवा, संघर्ष और संगठन के मार्ग पर चलने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# गुरुजी खुद गुड़ खाएं, तो बच्चों को उपदेश ना दें : शेखावत

## मीडिया से बातचीत में पूर्व सीएम गहलोत पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने निशाना साधा

**जयपुर ।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि जो गुरुजी खुद गुड़ खाए, उन्हें बच्चों को गुड़ न खाने का उपदेश नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर लगातार टिप्पणी करने से पहले गहलोत को वर्ष 2018 से 2023 के दौरान प्रदेश की परिस्थितियों को याद करते हुए आत्ममंथन करना चाहिए।

- शेखावत ने कहा '' 2018 से 2023 के हालात पर पहले अपने गिरेबान में झांकें गहलोत''

रविवार को मोटिवेशनल सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित 'सुपर एक्सीलेंसी अवार्ड' समारोह और 'टैलेंट रिक्वायर्स मोटिवेशन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी के दौरान मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत विपक्ष के वरिष्ठ नेता हैं। उनकी पार्टी ने उन्हें भले ही कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी हो, लेकिन बड़े नेता होने के नाते विपक्ष की भूमिका निभाना उनका दायित्व है। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आलोचना करने से पहले गहलोत को अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था, प्रशासन और शासन की स्थिति पर भी नजर डालनी चाहिए। राहुल गांधी के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा कि गैर-जिम्मेदाराना बयान देना उनके लिए कोई नई बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी संसद के भीतर और बाहर, देश तथा विदेश में कई बार इस प्रकार के वक्तव्य दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में विशेषाधिकार हनन या संवैधानिक प्रावधानों के तहत कोई प्रक्रिया शुरू हुई है, तो उस पर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करना उचित नहीं कहा जा सकता।

शेखावत ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से दूर रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत 100 सप्ताह के राष्ट्रीय महाअभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि आज अवसाद और नशा दुनिया भर में युवाओं तथा उनके परिवारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। यदि किसी देश को आगे बढ़ना है तो उसकी युवा शक्ति को सहेजना, संवारना और सही दिशा देना अनिवार्य है।

# 3 हजार का इनामी भूमाफिया गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक धोखाधड़ी और भू-माफिया से जुड़े मामलों में वांछित 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी रामस्वरूप मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है और अन्य भूमि घोटालों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामस्वरूप मीणा (48) पुत्र सुवालाल मीणा, श्रीराम की नांगल (सांगानेर) का निवासी है। वह आरएस ग्रुप राम श्याम बिल्डटेक कॉलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से टोंक रोड स्थित कार्यालय संचालित करता था।

पुलिस के अनुसार टोंक जिले के पीपलू निवासी अर्जुन चौधरी ने 27 मार्च 2026 को सांगानेर सदर थाने में मामला दर्ज कराया था।

# संभागीय चुनाव संचालन समितियों का गठन

## जयपुर से प्रसन्न चंद मेहता सहित कई वरिष्ठ नेताओं को मिली जिम्मेदारी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनावों की तैयारियों को गति देते हुए प्रदेश के सभी सात संभागों के लिए संभागीय चुनाव संचालन समितियों का गठन किया है। इन समितियों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों एवं संगठन पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। समितियों का उद्देश्य चुनावी रणनीति को मजबूत करना, संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करना तथा संभाग स्तर पर चुनाव संचालन को प्रभावी बनाना है।

जयपुर संभाग की समिति में पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न चंद मेहता, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी तथा पूर्व विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोधपुर संभाग में प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व सांसद सी.आर. चौधरी और पूर्व विधायक हेमाराम मीणा को शामिल किया गया है। उदयपुर संभाग की समिति में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व सांसद जसकौर मीणा तथा पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को स्थान मिला है। कोटा संभाग में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सी.पी. जोशी, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा तथा पूर्व विधायक अजीत मेहता को जिम्मेदारी दी गई है।

बीकानेर संभाग की समिति में पूर्व सांसद राजेन्द्र गहलोत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा को शामिल किया गया है। भरतपुर संभाग में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, राज्यसभा सांसद अलका सिंह तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम रिणवा को जिम्मेदारी दी गई है।

अजमेर संभाग की समिति में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल तथा पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया को शामिल किया गया है। पार्टी संगठन का मानना है कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ चुनावी तैयारियों में मिलेगा तथा संभाग स्तर पर बूथ प्रबंधन, समन्वय और रणनीति को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# जयपुर घोषणा पत्र-2026 से कॉमनवेल्थ देश मीडिएशन के जरिए शांति-न्याय के लिए प्रतिबद्ध

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पीस मीडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ विषय आयोजित तीन दिवसीय कॉमनवैल्थ पीस मीडिएशन कॉन्फ्रेंस का समापन रविवार को हुआ। तीसरे दिन कॉमनवेन्थ देशों ने जयपुर घोषणा पत्र से शांति, न्याय और विधि के शासन को मजबूत बनाने के लिए मीडिएशन को प्रभावी तौर पर बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। विभिन्न देशों के न्यायाधीशों ने भी जयपुर घोषणा-पत्र को वैश्विक स्तर पर शांति एवं मध्यस्थता को नई दिशा देने वाला दस्तावेज बताया।

- घोषणा-पत्र में सीमा-पार विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, कॉमनवेल्थ देशों के बीच सहयोग बढ़ाने तथा न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।
- हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा ''प्रदेश के 1495 कोर्ट व 1517 न्यायिक अधिकारी पेपरलेस होंगे''

घोषणा-पत्र में सीमा-पार विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, कॉमनवेल्थ देशों के बीच सहयोग बढ़ाने तथा न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने, विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण तथा कानून के शासन को मजबूत करने के लिए मध्यस्थता को संस्थागत रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई गई।

कॉन्फ्रेंस के समापन पर नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि शांति उच्च-विश्वास वाले समाज की आधारशिला है, ऐसा समाज ही सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता केवल विवाद समाधान की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका बनना चाहिए, जिससे संबंधों, विश्वास और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखते हुए विवादों का समाधान संभव हो सके। अदालतें विवाद की शुरुआत नहीं, बल्कि अंतिम समाधान का मंच बननी चाहिए।

कार्यक्रम में कोर्ट ऑफ अपील बहामास के न्यायाधीश वशीष्ट कोकाराम ने बहामास की संवैधानिक यात्रा का उल्लेख करते हुए आशा जताई कि जयपुर घोषणा-पत्र जयपुर को विश्व स्तर पर शांति के शहर के रूप में नई पहचान देगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर की संवाद, सौहार्द और सह-अस्तित्व की ऐतिहासिक परंपरा इसे ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए आदर्श स्थल बनाती है। जाम्बिया सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश आभा नायर पटेल ने कहा कि शांति का सबसे मजबूत तत्व संवाद है। श्रीलंका सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ए.एच.एम.डी. नवाज़ ने भारत को श्रीलंका का विश्वसनीय मित्र बताते हुए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को मध्यस्थता की आधारशिला बताया।

हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि राजस्थान की न्यायपालिका ने सदैव तकनीकी नवाचार को अपनाया है। इसी संबंध में न्यायायन-द डिजिटल वे ऑफ जस्टिस सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया है। इस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रदेश की जिला न्यायपालिका में पूरी तरीके से पेपरलेस कार्यप्रणाली लागू किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि 36 एनआईएक्ट मामलों की कोर्ट और 12 वाणिज्यिक कोर्ट सहित कुल 1,495 न्यायालय और 1,517 न्यायिक अधिकारी अब पेपरलेस प्रणाली के तहत काम करेंगे। यह न्यायपालिका के डिजिटल रुपांतरण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# शिव भक्ति के रंग में रंगी छोटी काशी

## गलता तीर्थ से उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब, आज होगा महाभिषेक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सावन मास के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर रविवार को राजधानी जयपुर पूरी तरह शिवमय हो गई। उत्तर तोताद्रि गलता तीर्थ से हजारों कांवड़िए पवित्र जल लेकर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के साथ शहर के प्रमुख शिवालयों के लिए रवाना हुए। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों, डीजे और आकर्षक झांकियों के साथ निकली कांवड़ यात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।

गलता तीर्थ के पवित्र कुंडों में स्नान और जल भरने के बाद कांवड़ियों के जत्थे सूरजपोल, हिदा की मोरी, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार और एमआई रोड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव, रोजगारेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव, धूलेश्वर महादेव सहित विभिन्न शिवालयों तक पहुंचे। मार्ग में सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया।

सोमवार को पहले सावन सोमवार पर तड़के से ही लाखों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए मंदिर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। चौड़ा रास्ता स्थित प्राचीन ताड़केश्वर



सावन के पहले सोमवार पर आराध्यदेव भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए रविवार को गलताजी से हजारों कावड़ियों ने तीर्थ जल लिया।

महादेव मंदिर के पट सुबह 4 बजे खुलेंगे। दुग्धाभिषेक, घृताभिषेक और मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक शुरू होगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से बेल्ट और जूते पहनकर प्रवेश नहीं करने की अपील की है। शाम को भगवान शिव का विशेष फूल बंगला एवं झांकी सजाई जाएगी।

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में सुबह 4:30 बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक प्रारंभ होगा। मंदिर सचिव श्रीप्रकाश सोमानी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्ग बनाए गए हैं। शाम को भगवान शिव का विशेष फूल बंगला श्रृंगार कोलकाता से मंगवाए गए फूलों से किया जाएगा। मंदिर परिसर में 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, 150 से 200 स्वयंसेवक तथा वैशाली नगर थाना पुलिस तैनात रहेगी। वाहनों की पार्किंग क्वींस रोड एवं पेट्रोल पंप के पीछे निर्धारित की गई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए जयपुर पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर सभी डीसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। छह मोबाइल पार्टियां, पुलिस लाइन से करीब 200 अतिरिक्त पुलिसकर्मी, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कांवड़ यात्रा और प्रमुख मंदिरों की निगरानी की जाएगी। गलता गेट, घाट गेट और परकोटा क्षेत्र में यातायात डायवर्जन भी लागू रहेगा।

शहरभर में स्वयंसेवी संस्थाओं और भामाशाहों की ओर से कावड़ियों के लिए जलपान, फलाहार और चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान राहत मिल रही है।

इधर श्री प्रेम प्रकाश सेवा मंडली एवं श्री अमरापुर स्थान में सोमवार सुबह 6 से 6:40 बजे तक अमरापुरेश्वर महादेव का विशेष अभिषेक एवं पूजन होगा। संतों और पंडितों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगाजल, पंचामृत और बिल्वपत्र से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले बॉर्डर पर बड़ी मात्रा में हथियार और 50 करोड़ की हेरोइन बरामद

## 11 विदेशी पिस्टल, 22 मैगजीन और 100 कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

- भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बीकानेर जिले के खाजूवाला क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई की
- प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह खेप पाकिस्तान की ओर से ड्रोन ड्रॉपिंग के जरिए सीमा क्षेत्र में गिराई गई थी

**बीकानेर,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस से पहले भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बीकानेर जिले के खाजूवाला क्षेत्र में पुलिस ने नशे और हथियारों की एक बड़ी खेप बरामद की है।

खाजूवाला थाना पुलिस ने ऑपरेशन 'शॉक वेव' के तहत करीब 10 किलो अफगान मार्का हेरोइन, 11 विदेशी पिस्टल, 22 मैगजीन, 100 कारतूस और एक बाइक जब्त की है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपए आंकी गई है। मामले में तस्कर वीरेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह खेप पाकिस्तान की ओर से ड्रोन ड्रॉपिंग के जरिए सीमा क्षेत्र में गिराई गई थी। आरोपी इसे वहां से उठाकर आगे सप्लाई करने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर पूरी साजिश को नाकाम कर दिया। पूछताछ के आधार पर तस्करी सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों को भी नामजद किया गया है।

आईजी और एसपी ने बताया कि पाकिस्तान से राजस्थान में बड़ी साजिश रची जा रही थी, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया। बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश और एसपी मृदुल कच्छावा कार्रवाई के बाद मौके पर पहुंचे और पूरे ऑपरेशन का जायजा लिया। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि डीएसटी बीकानेर और खाजूवाला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खाजूवाला थाना क्षेत्र के 32 हेड स्थित चक 6 बीडी सड़क मार्ग पर दबिश दी। यहां से आरोपी को करीब 10 किलो हेरोइन, विदेशी हथियारों के जखीरे और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ड्रोन से गिराई गई खेप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 तुर्किये निर्मित जिगाना पिस्टल, 4 ग्लॉक पिस्टल, 5 स्टार मार्क 30 बोर पिस्टल, 22 मैगजीन और 100 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा 999 अफगान मार्का करीब 10 किलो हेरोइन भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार हेरोइन की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए प्रति किलो के हिसाब से करीब 50 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार भारत में पहुंचाने की साजिश रची गई थी। बीकानेर पुलिस लगातार खुफिया इनपुट पर नजर बनाए हुए थी।

इसी सूचना के आधार पर ऑपरेशन 'शॉक वेव' चलाकर यह बड़ी कार्रवाई की गई। पूरा अभियान आईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में संचालित किया गया।

पूरे ऑपरेशन में एडीएसपी (ग्रामीण) बनवारीलाल मीणा, खाजूवाला थानाधिकारी अशोक बिश्नोई, साइबर एक्सपर्ट दीपक यादव, श्रीराम सहित डीएसटी और खाजूवाला थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पूरे तस्करी नेटवर्क और सीमा पार के संपर्कों की गहन जांच कर रही है।

# 70 लाख के लालच में मुनीम ने की थी मालिक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर बुजुर्ग मालिक की हत्या कर दोनों पैरों को सीमेंट के पोल से बांध कुएं में लाश फेंक दी थी
- आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है, वहीं फरार मुख्य आरोपी रोशन गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के बागौर थाना पुलिस ने मदनपुरा सरहद में मिले 78 वर्षीय बुजुर्ग के शव और निर्मम हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार मुख्य आरोपी रोशन गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।70 लाख रुपये के लालच में मुनीम ने ही अपने साथी के साथ मिलकर मालिक की हत्या की खौफनाक साजिश रची थी।

जानकारी के अनुसार गत 26 जुलाई को मदनपुरा सरहद में स्थित एक खेत के कुएं में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। सूचना पर बागौर थानाधिकारी बच्छराज चौधरी मय जाब्ता और टीम मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान बावलास निवासी शोभालाल पिता हरकलाल जैन (78) के रूप में हुई। मृतक के हाथ पीछे लोहे के तारों से बंधे हुए थे, मुंह पर प्लास्टिक की टेप चिपकी थी और दोनों पैरों को सीमेंट के पोल से लोहे के तार द्वारा बांधा गया था, ताकि शव ऊपर न आ सके। मृतक के पुत्र भैरूलाल जैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस कप्तान सागर राणा के निर्देशानुसार बागौर थाना पुलिस और सायबर सैल की विशेष टीम का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि अडसीपुरा निवासी रोशन गुर्जर (36) मृतक शोभालाल जैन के पास मुनीम का काम करता था। रोशन को पता था कि शोभालाल के बैंक खाते में 70 लाख रुपये से अधिक जमा हैं। रोशन ने शराब पार्टी के दौरान नारायण सरगरा (32) को 10 लाख रुपये देने का लालच देकर हत्या की साजिश में शामिल किया।

उनका मकसद हत्या के बाद ओटीपी के जरिए बैंक खाते से रुपये निकालना था। 19 जुलाई को आरोपी शोभालाल जैन को सिरियारी (पाली) जैन मंदिर ले गए। लौटते समय बेमाली के पास आरोपियों ने लोहे का तार और टेप खरीदी। सुनसान रास्ते पर कार रोककर दोनों ने बुजुर्ग का मुंह दबाकर हत्या कर दी और सोने की चेन, अंगूठी, मोबाइल व घड़ी लूट ली। इसके बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को मदनपुरा में खेत के कुएं में सीमेंट के पोल से बांधकर फेंक दिया। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व अथक प्रयासों के बाद वारदात में शामिल आरोपी नारायण सरगरा पुत्र बाबूलाल सरगरा निवासी अडसीपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है, वहीं फरार मुख्य आरोपी रोशन गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# जोधपुर में मूसलाधार बारिश, शहर व लूणी कस्बे में जलभराव से परेशानी बढ़ी

## जोधपुर में इस सीजन में अब तक सामान्य से 6 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, भारी बारिश के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों सहित माता का दान चौराहा, मथुरादास माथुर अस्पताल के सामने की सड़क, शहर व लूणी कस्बे की गलियों और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड इलाके के पार्कों में भारी जलभराव हो गया। बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। जोधपुर में इस सीजन में अब तक सामान्य से 6 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। पिछले कुछ दिनों से जिले में बारिश का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। इससे पहले शनिवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही, लेकिन इसके बावजूद शहर में उमस और गर्मी का असर बना रहा, जिससे रविवार को हुई बारिश ने राहत दिलाई।

जोधपुर में हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्रों सहित मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल के सामने की मुख्य सड़क पर भारी जलभराव हो गया। जलभराव होने के कारण स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जोधपुर में शनिवार को सुबह से ही तेज धूप खिली रही, जिससे दिनभर लोग उमस और भीषण गर्मी से परेशान नजर आए। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक यानी 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.0 डिग्री अधिक रहते हुए 29.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में जोधपुर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। विभाग के अनुसार, 4 अगस्त तक दिन में एक से दो बार बारिश का दौर चलने की उम्मीद है, जिससे लोगों को उमस और तपती गर्मी से बड़ी राहत मिल सकती है।

# भरतपुर के गांव मवई में युवक ने महिला को गोली मारी, मौत

## बताया जा रहा है कि घर के बाहर खड़े होने से रोकने पर हुआ था विवाद

- ग्रामीणों ने घेराबंदी कर आरोपी को अवैध कट्टे सहित पुलिस के हवाले कर दिया

**भरतपुर,** (निसं)। डीग जिले के जनूथर थाना क्षेत्र के गांव मवई में रविवार सुबह मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक युवक ने अवैध कट्टे से गोली मारकर 55 वर्षीय महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन महिला को उपचार के लिए आरबीएम अस्पताल, भरतपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ लिया और अवैध हथियार सहित पुलिस के हवाले कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:30 बजे गांव निवासी कान्हा (22), पुत्र स्वर्गीय शंकर जाट, जीत सिंह जाट के घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान जीत सिंह की पत्नी गीता ने उसे घर के बाहर खड़े रहने पर टोका। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर जीत सिंह ने कान्हा को थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज कान्हा जाते समय उन्हें देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया।

जनूथर थाने के एएसआई रणधीर सिंह ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे गीता खेत से चारा लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में कान्हा ने अवैध कट्टे से उसके सीने में गोली मार दी। गोली लगने से गीता गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए आरबीएम अस्पताल, भरतपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गोलीकांड के बाद आरोपी कान्हा मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर जनूथर थाना पुलिस गांव मवई पहुंची। इस बीच ग्रामीणों ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया और उसे अवैध कट्टा सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरबीएम अस्पताल, भरतपुर में मृतका गीता (55) पत्नी जीत सिंह जाट के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अवैध हथियार जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से घर के उपकरण जले, महिला बाल-बाल बची

**मसूदा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम साधू का बाड़िया में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया। बिजली मकान के बाहर लगे विद्युत मीटर पर गिरने से घर में लगे हजारों रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर नष्ट हो गए, जबकि पास में खड़ी महिला बाल-बाल बच गई।

- विद्युत मीटर पर गिरी बिजली, टीवी, चक्की सहित सभी उपकरण नष्ट हो गये
- राजस्व विभाग ने मौका मुआयना किया, ग्रामीणों ने आर्थिक सहायता की मांग उठाई



ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह तेज बारिश थमने के कुछ समय बाद अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सुरेंद्र पुत्र हरजी के मकान के बाहर लगे विद्युत मीटर पर आ गिरी। बिजली गिरने के साथ ही उसका प्रभाव पूरे घर की विद्युत लाइन में फैल गया और मुख्य द्वार के पास तक करंट पहुंच गया। घटना के समय अफसाना मकान के बाहर खड़ी थी। करंट का हल्का असर उसके पैरों तक पहुंचा, जिससे वह घबरा गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए मसूदा उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। आकाशीय बिजली गिरने से घर की पूरी विद्युत वायरिंग क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही टेलीविजन, फ्रिज़, आटा चक्की तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इससे परिवार को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

परिजनों ने बताया कि तेज गर्जना के साथ अचानक चमकती रोशनी मकान पर लगे विद्युत मीटर पर गिरी, जिससे पूरे घर में भय का माहौल बन गया। सौभाग्य से अफसाना कुछ दूरी पर होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी समदा काठात मौके पर पहुंचे और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पाटन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 104 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठित कर 31 जुलाई को कार्रवाई करते हुए हसामपुर निवासी महेश शर्मा (37) पुत्र रामकिशन शर्मा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 104 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पाटन थाने में एनडीपीएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से गांजे की बिक्री कर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी मादक पदार्थ कहां से लाता था और इसके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। पाटन थाना पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सीएम ने राज. अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक ली

- 'जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आजीविका, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, स्वरोजगार एवं कौशल विकास तथा पर्यटन से संबंधित बजट घोषणाओं एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए'

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान मॉडल (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) के आधार पर राज्य सरकार प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के आर्थिक सशक्तीकरण, सामाजिक सुरक्षा और समग्र उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आजीविका, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, स्वरोजगार एवं कौशल विकास तथा पर्यटन से संबंधित बजट घोषणाओं एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री रविवार को उदयपुर के कृषि महाविद्यालय में राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पीएम जन-मन योजना का फीडबैक लिया तथा अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी परिवारों तक योजनाओं का पूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रमुख बजट घोषणाओं के संबंध में निर्देश दिए कि पूर्ण गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी पहलों को धरातल पर तेजी से उतारा जाए। उन्होंने आश्रम छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों तथा खेल व सह-शैक्षिणक गतिविधियों के कुशल संचालन करने तथा उदयपुर में बनने वाली देश की प्रथम लैक्रोज अकादमी की बजट घोषणा को भी मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां-बाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल कूद की गतिविधियों से लाभान्वित किया जाए तथा अधिकारी इसकी निरन्तर मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने एवं ड्रॉप-आउट को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा विभाग की छात्रवृत्ति योजना एवं कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना से विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में रह रहे आमजन की आजीविका को बढ़ाने के लिए डबल इंजन की सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका से जुड़ी जनजाति महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने हर 2 माह में मुख्य सचिव स्तर पर राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद् की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे विकास कार्यों की निरन्तर मॉनिटरिंग की जा सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर के फलासिया पंचायत समिति के जालमपुर गांव निवासी प्रगतिशील किसान प्रेमचंद कपाया को जैविक, पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'किसान ब्रांड एंबेसडर' बनाया तथा कोटा स्थित जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया है। बैठक में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायकगण, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# इटली के युगल ने पुष्कर में हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लिए

**पुष्कर,** (निसं)। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी पुष्कर एक बार फिर विदेशी पर्यटकों के लिए भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का केंद्र बनीं। इटली निवासी मार्टिना और टोमस ने कृष्ण घाट पर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर विवाह किया और भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

बताया गया कि टोमस पिछले कई वर्षों से इंटरनेट के माध्यम से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं का अध्ययन कर रहे थे। इसी दौरान उनका संपर्क पुष्कर भ्रमण का आयोजन करने वाले मनीष पाराशर से हुआ। भारत आने के बाद दोनों ने वाराणसी और जोधपुर सहित कई धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया, लेकिन उन्हें सबसे अधिक आकर्षित पुष्कर ने किया। दोनों ने पुष्कर में पारंपरिक हिंदू विवाह करने की इच्छा जताई, जिसके बाद कृष्ण घाट पर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की संपूर्ण तैयारियां की गईं। मनीष पाराशर ने उन्हें पुष्कर के धार्मिक महत्व तथा पद्म पुराण की कथाओं को अंग्रेजी और इतालवी भाषा में अनुवाद कर समझाया, जिससे वे अत्यंत प्रभावित हुए। विवाह समारोह में विदेशी



इटली निवासी मार्टिना और टोमस ने पुष्कर में शादी की।

युगल ने हवन कुंड के समक्ष लगभग डेढ़ घंटे तक विधिवत हवन किया और अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। इसके बाद टोमस ने मार्टिना की मांग में सिंदूर भरकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। विवाह संस्कार पंडित वीरेंद्र पाराशर ने संपन्न कराया।

जानकारी के अनुसार दोनों कई वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे और शीघ्र विवाह करना चाहते थे। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक वातावरण से प्रभावित होकर उन्होंने विवाह के लिए पुष्कर को चुना। पिछले एक दशक में यूरोप सहित कई देशों के लोगों का भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इसी कारण पुष्कर में हर वर्ष अनेक विदेशी युगल हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कर रहे हैं। इस परंपरा को आगे बढ़ाने में दीपु महर्षि, मनीष पाराशर, दामोदर पाराशर और दामु सर सहित कई स्थानीय लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**पाटन,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम हसामपुर के पास रेला मार्ग पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-

- हादसे में दो जने गंभीर रुप से घायल हो गये

सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से पाटन के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान चिकित्सक डॉ. विजय कुमावत ने अंगद पुत्र नरेश बावरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल निरंज पुत्र नरेश बावरिया एवं मोहित को इलाज के लिए कोटपूतली अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में हुए अलग-अलग हादसों में तीन जनों की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। सदर कोतवाली पुलिस को गुलाबसागर की सीढ़ियों पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। आंगणवा भील बस्ती में दिनेशचंद्र नामक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई। दिनेशचंद्र नीचे गिर गया। गंभीर हालत में परिजन उसे एमडीएम अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यूपी निवासी 18 वर्षीय अवधेश पूरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अवधेश 24 जुलाई को काम के दौरान गर्म चाशनी गिरने से बुरी तरह झुलस गया था।

# मसूदा में पिकअप और ट्रेलर की टक्कर में दो की मौत, चार घायल

## मिट्टी की रस्म से लौट रहे थे ग्रामीण, पिकअप में करीब 20 लोग सवार थे

- दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया

**मसूदा,** (निसं)। ब्यावर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर थाना क्षेत्र के श्री सीमेंट तिराहे के समीप ट्रेलर और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के समय पिकअप में करीब 20 लोग सवार थे।

हादसे की सूचना मिलते ही सदर थानाधिकारी गजराज पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और राजमार्ग एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को तत्काल राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद अजयसर (अजमेर) निवासी बाबू तथा इमरान को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की स्थिति चिंताजनक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया गया। वहीं सकीना और मीरा का अमृतकौर चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में उपचार जारी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी लोग निकटवर्ती ग्राम रावला का बाड़िया में आयोजित मिट्टी की रस्म में शामिल होकर पिकअप से अपने गांव अजयसर लौट रहे थे। इसी दौरान श्री सीमेंट तिराहे के पास सामने से आ रहे ट्रेलर से उनकी पिकअप की भीषण टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू कराया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के पीछे वाहन की गति, लापरवाही अथवा अन्य कारणों की पड़ताल कर रही है।

**करंट से युवक की हुई मौत**

कोटा के बोरखेड़ा थाना इलाके में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि मालीखेड़ा हाल बालाजी आवास निवासी मुकुट मीणा (35) करंट की चपेट में आ गया, जिसे अचेतावस्था में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मुकुट मीणा को मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# ज्वैलरी कारखाने में सेंध लगाने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ किया

## प्रेमिका समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । खोरा बीसल थाना पुलिस ने बिल्यूवास गांव स्थित ज्वैलरी कारखाने में हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी, उसकी प्रेमिका और मुंहबोले साले सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 11 किलो चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन, चांदी की सिल्ली के टुकड़े, आभूषण निर्माण सामग्री तथा चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। मामले में आरोपियों से पूछताछ जारी है।

डीसीपी (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राजू गवारिया उर्फ राजकुमार उर्फ राजा, उसका मुंहबोला साला लोकेश गवारिया तथा महिला मित्र इंद्रा वर्मा शामिल हैं। तीनों के खिलाफ चोरी और नकबजनी के कई मामले पहले से दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को बिल्यूवास निवासी लालचंद स्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जुलाई को गांव जाने के दौरान उनके मकान के पीछे स्थित ज्वैलरी कारखाने के ताले तोड़कर चोर करीब 11 किलो चांदी के आभूषण व बर्तन तथा 30 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर ले गए।



खोरा बीसल थाना पुलिस ने बिल्यूवास गांव स्थित ज्वैलरी कारखाने में हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी, उसकी प्रेमिका और मुंहबोले साले सहित तीन जनों को पकड़ा।

वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा संदिग्धों की पहचान कर निगरानी शुरू की। जांच के दौरान जहाजपुर (भीलवाड़ा) निवासी राजू गवारिया और लोकेश गवारिया को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने महिला साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद किशनबाग स्थित महिला के घर से चोरी का माल बरामद किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि लोकेश पहले सूने मकानों और कारखानों की रेकी करता था। वारदात के बाद दोनों आरोपी पार्क या फुटपाथ पर पहुंचकर नशे में होने का नाटक करते, जबकि महिला साथी चोरी का माल अपने साथ ले जाती थी। बाद में माल को ठिकाने लगाने की तैयारी की जाती थी। पुलिस ने आरोपियों द्वारा

**■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 11 किलो चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन, चांदी की सिल्ली के टुकड़े, आभूषण निर्माण सामग्री तथा चोरी का अन्य सामान बरामद किया**

पिघलाई जा रही कुछ चांदी भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी लोकेश गवारिया के खिलाफ जयपुर के हरमाड़ा, मुहाना, सांगानेर, मानसरोवर, शिप्रापथ, गलता गेट तथा टोंक जिले के देवली थाने सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी और नकबजनी के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों का भी खुलासा करने का प्रयास कर रही है। इस कार्रवाई में खोरा बीसल थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई रणसिंह, कांस्टेबल शीशराम, रामसिंह, राकेश कुमार, गुरुदयाल, मीना तथा तकनीकी शाखा के राजमहेंद्र, मुकुट बिहारी और सुरेश की विशेष भूमिका रही।

## छात्र नेता रेवाड़ की भूख हड़ताल 11वें दिन भी जारी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की बहाली और राजस्थानी भाषा विभाग की स्थापना की मांग को लेकर छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने 11 वें दिन भी अपना आमरण अनशन जारी रखा।

पिछले दिनों स्वास्थ्य अत्यधिक बिगड़ने पर उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की निगरानी और अस्पताल में इलाज के बावजूद उन्होंने अपनी हड़ताल नहीं तोड़ी। शुभम के इस संघर्ष को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक समर्थन मिल रहा है। लाडनूं विधायक मुकेश भाकर ने अस्पताल पहुंचकर शुभम रेवाड़ का हाल-चाल जाना और उनकी मांगों को पूरी तरह जायज ठहराते हुए अपना सीधा समर्थन व्यक्त किया। इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रौनक खत्री सहित कई प्रमुख नेताओं व छात्र प्रतिनिधियों ने शुभम रेवाड़ की मांगों का समर्थन किया है तथा सरकार से तुरंत वार्ता कर समाधान निकालने की अपील की है।

# 8.30 करोड़ रुपए की कपड़ा ठगी का मुख्य आरोपी दुबई से लौटते ही गिरफ्तार

## आरोपी जयपुर में फर्जी फर्म बनाकर व्यापारियों का पहले भरोसा जीतता, फिर करोड़ों रुपये का माल उधार लेकर विदेश भाग जाता

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के एक कपड़ा व्यापारी से 8.30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में मुहाना थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को दुबई से लौटते ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जयपुर में फर्जी फर्म बनाकर व्यापारियों का भरोसा जीतता, करोड़ों रुपये का माल उधार लेकर विदेश फरार हो जाता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने कई व्यापारियों से धोखाधड़ी करने के साथ-साथ फर्म के नाम पर विभिन्न बैंकों से ऋण लेकर भी भुगतान नहीं किया।

डीसीपी (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस ने फलौदी जिले के मतोड़ा निवासी कमल चांडक को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ में उसके अन्य साथियों और पूरे गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले किसी नए शहर में जाकर एक नई फर्म स्थापित करता था। शुरुआत में व्यापारियों को समय पर भुगतान कर उनका विश्वास जीतता और बाजार भाव से अधिक कीमत देकर खुद को विश्वसनीय साबित करता था।



आरोपी कमल चांडक

भरोसा बनने के बाद वह बड़ी मात्रा में माल खरीदता और करोड़ों रुपये की देनदारी छोड़कर विदेश फरार हो जाता था। उसके साथी पीछे से माल बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे।

मामले में कपड़ा व्यापारी भैरूलाल ने 28 मार्च को मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, हरप्यारी एक्सपोर्ट लिमिटेड और राधिका इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट लिमिटेड के नाम से संचालित फर्मों ने वर्ष 2024 से कपड़ा खरीदना शुरू किया। शुरुआती लेन-देन में समय पर भुगतान कर विश्वास कायम किया और बाद में अधिक मांग का हवाला देकर करीब 8.30 करोड़ रुपये का कपड़ा खरीद लिया। इसके बाद आरोपी और उसकी पत्नी फरार हो गए। जांच में पता चला कि फर्म का पंजीकरण किराए के पते पर था और वहां भी दोनों नहीं मिले।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपनी फर्मों के जरिए सात बैंकों से कैश क्रेडिट (सीसी) और बिजनेस लोन भी लिया। इसके बाद वह दुबई चला गया, जबकि उसकी पत्नी और अन्य साथियों ने खरीदा गया माल बेचकर रकम आपस में बांट ली।

जांच में सामने आया है कि आरोपी और उसके गिरोह ने जयपुर के कई व्यापारियों से 15 से 20 करोड़ रुपये तक का कपड़ा खरीदकर धोखाधड़ी की हो सकती है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में इसी तरह की कई और धोखाधड़ी की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

# राजलक्ष्मी बैंक लोन घोटाले में 8 साल से फरार दंपती गिरफ्तार

## दोनों आरोपियों पर फर्जी दस्तावेज से करोड़ों रुपए के बैंक ऋण स्वीकृत करवाकर हेरा-फेरी का आरोप है

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में चर्चित दी राजलक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लोन घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए माणकचौक थाना पुलिस ने आठ साल से फरार चल रहे 10-10 हजार रुपये के इनामी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये के बैंक ऋण स्वीकृत कराकर हेराफेरी करने का आरोप है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद शर्मा (65) और उनकी पत्नी सिंधु शर्मा (50) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से जयपुर ग्रामीण के फुलेरा स्थित गार्ड कॉलोनी के निवासी हैं और वर्तमान में झोटवाड़ा की स्वर्ण कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी पर पुलिस ने पहले से 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस के अनुसार माणकचौक थाने में 28 सितंबर 2018 को बैंक के अधिकृत ऋण प्रभारी सादत अली की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि बैंक की तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. फिरोजा बानो, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, वैल्युअर्स, अधिवक्ताओं, ऋणियों और गारंटरों सहित कुल 59 नामजद आरोपियों ने आपराधिक साजिश रचकर फर्जी सोसायटियों के पट्टे और विवादित एवं कूटरचित संपत्ति दस्तावेज बैंक में गिरवी रखे। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियमों के विपरीत 13 ऋण खाते स्वीकृत कराए गए और करोड़ों रुपये की ऋण राशि का गबन कर बैंक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार की जांच में पूरे घोटाले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मालीराम, राजेश्वरी, कांस्टेबल श्यामलाल, गिरधर सिंह, विक्रम सिंह, अजय और मंजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल गिरधर सिंह ने आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी में विशेष योगदान दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए होटल में किसी अन्य महिला की फर्जी आईडी देकर कमरा बुक कराया था। वहीं, विशेष अभियान के तहत पुलिस ने छह स्थायी वारंटियों को भी गिरफ्तार कर वारंटों का निस्तारण किया। थानाधिकारी प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि दर्ज प्रकरण में आरोपी महेंद्र सांसी (33) निवासी जयंती नगर, आगरा रोड (थाना कानोता) को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर होटल ले गया और उसकी पहचान छिपाने के लिए किसी अन्य महिला की फर्जी आईडी देकर कमरा बुक कराया। इसके बाद उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने होटल के रिकॉर्ड की जांच की तो आरोपी के नाम पर अलग-अलग महिलाओं के नाम से कई एंट्रियां दर्ज मिलीं। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर पलटा केमिकल से भरा मिनी ट्रक

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर रविवार को जागुवास फ्लाईओवर के ऊपर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब केमिकल से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से केमिकल लेकर जयपुर जा रहा था। जागुवास फ्लाईओवर पर अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकालकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कार्यवाहक थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि हादसे में चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाद में क्रेन की सहायता से हाईवे से हटाकर सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कराया गया, जिससे यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। चूंकि ट्रक में केमिकल भरा हुआ था, इसलिए किसी

**■ चालक केबिन में फंसा, पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया**

भी प्रकार की आग या रासायनिक प्रतिक्रिया की आशंका को देखते हुए दमकल विभाग की टीम ने पूरे वाहन पर लगातार पानी का छिड़काव किया। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाद में ट्रक को आबादी क्षेत्र से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गांव शेरपुर के पास एक खुले स्थान पर ले जाकर खड़ा किया गया। प्रशासन ट्रक मालिक से संपर्क कर यह जानकारी जुटा रहा है कि वाहन में किस प्रकार का रासायनिक पदार्थ भरा हुआ था, ताकि आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा सकें।

घटना की सूचना मिलते ही बहरोड़ कार्यालय के कानूनगो, पटवारी, कार्यवाहक थानाधिकारी बलराम यादव, सदर थानाधिकारी मनोहर सिंह, डीएसपी सचिन शर्मा तथा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और हाईवे पर यातायात को व्यवस्थित ढंग से संचालित कराया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# शादी समारोह में युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा स्थित सचिवालय नगर में शादी समारोह के दौरान युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले तीन माह से फरार चल रहा था। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य आरोपियों और वारदात से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन सैनी (23) पुत्र मुकेश सैनी निवासी शिव कॉलोनी, गोगिया पेट्रोल पंप के पीछे, सांगानेर है। पुलिस के अनुसार बूंदी जिले के बामनगांव निवासी मियाराम गुर्जर ने 2 मई 2026 को सांगानेर सदर थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा चेतराम गुर्जर (30) एक मई को गांव के ही रूपशंकर जांगिड़ की बेटियों के विवाह समारोह में शामिल होने सीतापुरा के सचिवालय नगर आया था। रात में चेतराम अपने साथी मुकेश गुर्जर के साथ गुटखा लेने निकला था। इसी दौरान तीन काले रंग की थार और स्कॉर्पियो में सवार होकर आए 8 से 10 बदमाशों ने उस पर लोहे के पाइप और लाठियों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए मुकेश के साथ भी मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल चेतराम को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि अस्पताल ले जाते समय चेतराम ने हमलावरों में अपने गांव के कौशल नागर और उसके साथियों की पहचान की थी। जांच में पता चला कि करीब एक माह पहले चेतराम के भतीजे महेश राज और कौशल नागर के बीच विवाद हुआ था। उसी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से हमला किया। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया था।

## दिनदहाड़े बुजुर्ग के गले से सोने की चेन झपटी

**जयपुर**। मुहाना थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक 60 वर्षीय व्यक्ति से करीब 4 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन झपट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन देर शाम तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस के अनुसार वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मुहाना निवासी राजेंद्र मीणा के साथ हुई। वह पार्श्वनाथ नारायण सिटी क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पहले पीड़ित की रेकी की और जैसे ही वह सुनसान स्थान पर पहुंचे, बाइक को उनके पास लाकर पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर गले में पहनी सोने की भारी चेन तोड़ ली। घटना के बाद दोनों आरोपी तेज गति से फरार हो गए।

# मैरिज गार्डनों से गहने चुराने वाला शातिर बदमाश और खरीददार सुनार गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने मैरिज गार्डनों में शादी समारोह के दौरान चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर और चोरी के जेवर खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार कर चोरी की पूरी ज्वेलरी बरामद की है। मुख्य आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और पूछताछ में कई अन्य वारदातें करना भी स्वीकार किया है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी विकास कुमार सैनी (26) पुत्र बंशीधर माली निवासी ढाणी गौरूवाला, बबई (झुंझुनूं) हाल निवासी हंस विहार, मांग्यावास (जयपुर) है। वहीं चोरी का माल खरीदने के आरोप में मुकेश सोनी (43) पुत्र कांता किशोर सोनी निवासी आचार्यों का रास्ता, मोदी खाना (कोतवाली क्षेत्र) को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, मानवेंद्र सिंह राजावत निवासी सवाई माधोपुर हाल निवासी वाटिका (जयपुर) ने 25 जून 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 23 जून को उनके साले की शादी मानसरोवर स्थित किरण पैराडाइज मैरिज गार्डन में थी। रात करीब एक बजे वह और उनकी पत्नी भोजन करने गए थे। इस दौरान कमरे में रखे पर्स से किसी ने सोने-चांदी के आभूषण और 8 से 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान में रखड़ी, बाजूबंद, कान के टॉप्स, नथ, कांटा, चांदी

**■ मुख्य आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और पूछताछ में उसने कई अन्य वारदातें करना भी स्वीकार किया है।**

की दो अंगूठियां और बिछिया सेट शामिल थे। मामले में पत्रकार कॉलोनी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान वारदात के तरीके के आधार पर संदिग्ध विकास सैनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले सुनार मुकेश सोनी को गिरफ्तार कर चोरी की गई ज्वेलरी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार विकास सैनी शातिर अपराधी है। इससे पहले भी पत्रकार कॉलोनी थाने के एक अन्य चोरी के मामले में उसे गिरफ्तार कर 3 लाख रुपये बरामद किए जा चुके हैं। पूछताछ में उसने कई अन्य चोरी की वारदातें करना भी स्वीकार किया है, जिनकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार सुनार मुकेश सोनी के खिलाफ भी पूर्व में मानक चौक और कोतवाली थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थानाधिकारी उदय सिंह यादव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल उमेश कुमार, रामस्वरूप, दिनेश कुमार तथा हेड कांस्टेबल लोकेश की विशेष भूमिका रही।

## सार-समाचार

### साहित्यकार डॉ. लीलाधर के कहानी संग्रह 'मिट्टी की कीमत' का विमोचन



**जयपुर** (कासं)। जन सम्पर्क मित्र समूह की ओर से रविवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित जैन भट्टारक जी की नसियां परिसर में 16वें जनसम्पर्क कर्मी स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. लीलाधर दोचानियां के कहानी संग्रह 'मिट्टी की कीमत' का सेवानिवृत्त जनसम्पर्क अधिकारियों एवं कर्मियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी गोविन्द पारीक ने कहानी संग्रह की सराहना करते हुए कहा कि इसकी कहानियों में गांव की सौंधी मिट्टी की खुशबू और भारतीय संस्कारों की झलक है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मिट्टी से जुड़ा रहना चाहिए, क्योंकि यही हमारी वास्तविक पूंजी है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. लीलाधर का शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक गोपाल शर्मा ने कहा कि डॉ. लीलाधर ने सरल और सहज भाषा में ग्रामीण जनजीवन को प्रभावी ढंग से चित्रित किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पूर्व कृति 'जिंदगी मुस्कुराती रहे' के बाद 'मिट्टी की कीमत' गांव की संवेदनाओं और संस्कृति को समेटे हुए है। प्रसिद्ध लेखिका एवं विभाग की पूर्व अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा कि लेखक ने गांव के परिवेश और अनुभवों को पूरी ईमानदारी से शब्द दिए हैं। उनके अनुसार मिट्टी केवल धरती नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति और संस्कारों का आधार है। प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक ईश्वर दत्त माथुर ने कहा कि डॉ. लीलाधर की कहानियां ग्रामीण जीवन, संघर्ष, बेरोजगार युवाओं की पीड़ा और सामाजिक मूल्यों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनसम्पर्क कर्मी यादवेन्द्र सेन, रूपसिंह कविया, गणपत नारोलिया, वीना करमचंदानी, रेणु जुनेजा, रवि गोस्वामी एवं राजेन्द्र शर्मा 'राजू' सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया तथा अंत में राजेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। मित्रता दिवस के अवसर पर डॉ. लीलाधर ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं भी दीं।

### स्व. चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित

**जयपुर**। भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संगठनकर्ता स्व. डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी की जयंती पर रविवार को प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संगठनात्मक योगदान और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित जीवन का स्मरण किया। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह, अजीत मांडण, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, वरिष्ठ नेता रवि नैयर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश सह-कार्यालय प्रभारी भवानी शंकर शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धेय डॉ चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### 10 करोड़ प्रतिज्ञा महाअभियान कल

**जयपुर**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के जयपुर स्थित वैशाली नगर सेवा केन्द्र के प्रभु निधि सभागार में 4 अगस्त को प्रातः 8 बजे संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में ''10 करोड़ प्रतिज्ञा महाअभियान'' का शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि रहेंगे। वरिष्ठ राजयोगिनी सुषमा दीदी का विशेष सान्निध्य एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वस्थ, मूल्यनिष्ठ एवं नशामुक्त जीवनशैली के प्रति व्यापक जनजागरण करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक वातावरण का निर्माण करना है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों, महिलाओं, अभिभावकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़कर विकसित, सशक्त एवं नशामुक्त भारत के संकल्प को गति प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में स्वस्थ जीवनशैली, आत्मसंयम, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों तथा युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विचार रखे जाएंगे। अभियान का उद्देश्य केवल प्रतिज्ञा दिलाना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन से एक स्वस्थ और संस्कारित समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देना है।

### 2 स्पा सेंटर्स पर छापा, 14 लोग गिरफ्तार

**जयपुर**। राजधानी के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में स्पा सेंटरों की आड़ में संचालित अनैतिक गतिविधियों पर पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए दो स्पा सेंटरों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 14 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि सवाई थाई स्पा (गिरधर मार्ग, मालवीय नगर) पर एसआई रमन पूनियां के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। यहां संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर 5 युवक और 6 युवतियों सहित कुल 11 लोगों को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। एनटीएफ स्पा (सेक्टर-6, मालवीय नगर) पर एसआई लटूर प्रसाद के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एक युवक और दो युवतियों सहित कुल 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, स्पा सेंटरों की आड़ में संचालित अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

# रस्सी लटकाकर खिड़की से बेचता था ड्रग्स, सप्लायर गिरफ्तार

## आरोपी पर पूर्व में गबन व मादक पदार्थ तस्करी के छह मामले दर्ज हैं, अब ड्रग्स नेटवर्क के बारे में पूछताछ शुरू

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सेज थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एमडी (मैफेड्रोन) ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक शातिर और आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने मकान के पीछे बनी खिड़की (रोशनदान) से रस्सी लटकाकर ग्राहकों तक एमडी ड्रग्स पहुंचाता था, ताकि पुलिस और स्थानीय लोगों की नजर से बचा जा सके। पुलिस आरोपी से उसके पूरे नेटवर्क और ड्रग्स के मुख्य सप्लायरों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि शहर में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के



आरोपी जगदीश विश्नोई


लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 13 अप्रैल को बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अभिषेक मुंडोतिया को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के दौरान अभिषेक ने साक्ष्य मिटाने की नीयत से एमडी ड्रग्स का पैकेट निगल लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अभिषेक के स्वस्थ होने के बाद एनडीपीएस एक्ट के दर्ज प्रकरण की जांच सेज थाना प्रभारी उदय सिंह शेखावत को सौंपी गई। पूछताछ में दहमी कलां (बगरू) निवासी हेमराज कुमावत उर्फ पंछी का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। हेमराज से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसे एमडी ड्रग्स की सप्लाई मूल रूप से बाड़मेर निवासी जगदीश विश्नोई करता था।

वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सेज थाना प्रभारी उदय सिंह शेखावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा कांस्टेबल राजेंद्र और वीरेंद्र शामिल रहे।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी जगदीश विश्नोई (34) निवासी सेड़वा (बाड़मेर) हाल निवासी करणी विहार जयपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने मकान के पीछे बनी खिड़की या रोशनदान से रस्सी के सहारे एमडी ड्रग्स की पुड़िया नीचे पहुंचाकर ग्राहकों को सप्लाई करता था। इस तरीके से वह सीधे संपर्क से बचते हुए लंबे समय से अवैध कारोबार चला रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी जगदीश विश्नोई शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ करणी विहार थाना में मैफेड्रोन (एमडी) की तस्करी के तीन मामले, गबन का एक मामला तथा नशीले पदार्थ का सेवन कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने का एक मामला दर्ज है। इसके अलावा मुंद्रा थाना (कच्छ, गुजरात) में भी गबन का एक प्रकरण दर्ज है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके पूरे ड्रग्स नेटवर्क, सप्लाई चेन तथा अन्य तस्करों की भूमिका की जांच कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।



## Celebrate National Watermelon Day with Freshness and Fun

National Watermelon Day is celebrated every year on August 3 to honour one of the most refreshing and nutritious fruits enjoyed around the world. Watermelon is rich in vitamins A and C, antioxidants, and water, making it an excellent choice for staying hydrated during hot weather. Families and friends often celebrate by sharing fresh watermelon, preparing creative recipes, or enjoying outdoor picnics. The day also highlights the importance of healthy eating and seasonal fruits. Whether eaten in slices, blended into juice, or added to salads, watermelon brings joy, flavor, and freshness, making National Watermelon Day a fun and meaningful celebration.



#A NEW WAY OF THINKING

# Petrarch and the Birth of Humanism

People travel to admire the heights of mountains and the vastness of oceans, yet neglect their own souls





In 1336, an unusual act took place on a mountain in southern France. Francesco Petrarch, often called Petrarch, set out to climb Mont Ventoux. What made this journey remarkable was not the climb itself, but the reason behind it. He did not go for hunting, trade, or any practical necessity. He climbed simply to see the view from the top.

At a time when most human activity was driven by survival or religious duty, this act stood apart. It reflected curiosity, a desire for experience, and an appreciation of nature for its own sake. When Petrarch finally reached the summit, however, the moment took a deeper turn. He opened a copy of Confessions by Saint Augustine and read a passage that struck him profoundly: people travel to admire the heights of mountains and the vastness of oceans, yet neglect their own souls.

That line transformed the experience. What began as a physical journey became an inward one. Petrarch found himself reflecting not just on the world around him, but on the nature of human existence itself. This moment of self-awareness marked a subtle but powerful shift in thinking. Until then, intellectual life in Europe was largely centered on religious study. But Petrarch began to ask a different question: instead of focusing only on theology, why not also explore the writings of ancient civilizations to better understand human nature? This curiosity led him to the works of classical authors, particularly those of ancient Greece and Rome.

He developed a deep admiration for figures like Cicero, even going so far as to write letters addressed to him, despite the fact that Cicero had lived over a thousand years earlier. These "letters to the dead" were not acts of fantasy, but expressions of intellectual dialogue across time, as Petrarch sought wisdom from the past to enrich the present. In doing so, Petrarch helped revive interest in classical antiquity. He is often credited with coining or popularizing the idea of the "Dark Ages," a term used to describe the period between the fall of Rome and the revival of classical learning, a period he believed had lost touch with human-centered inquiry.

This renewed focus on human experience, emotion, and individual thought became the foundation of Renaissance humanism. It encouraged people to look beyond rigid structures and rediscover the richness of human potential.

The ripple effects of this shift were immense. Centuries later, writers and thinkers across Europe drew inspiration from classical forms and ideas that Petrarch had helped bring back into focus. Among them was William Shakespeare, whose mastery of the sonnet form echoes the poetic traditions that Petrarch himself refined and popularized.

What began as a simple climb up a mountain became something far greater, a turning point in intellectual history. Petrarch's journey up Mont Ventoux symbolized a new way of seeing the world: not just as something to observe, but as something to question, reflect upon, and understand from within.


In that moment, standing between the vast landscape below and the quiet voice of introspection within, Petrarch helped set in motion a movement that would reshape literature, philosophy, and the very idea of what it means to be human.



# Celebrating Love That Ripens with Time

अद्वैतं सुखदुःखयोः अनुगतं सर्वास्ववस्थासु यत्।
विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः।।
कालेनावरणात्ययात् परिणते यत् स्नेहसारे स्थितं।
भद्रं तस्य सुमानुषस्य कथमप्येकं हि तत् प्राप्यते।।

**A free English rendering of the verse is:**
"Blessed indeed is the person who attains that rare love in which two hearts become one through both joy and sorrow; where the heart finds its deepest repose in every stage of life; whose sweetness cannot be diminished even by old age; and which, when the coverings of time have fallen away, matures into the very essence of affection."















Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

When we think of love, our minds instinctively turn to images of young couples, the excitement of first meetings, stolen glances, and the intoxicating euphoria of a new relationship. Literature, cinema, and popular culture have long celebrated this exhilarating phase of love, where emotions are intense, hope is boundless, and every moment seems touched by magic.

Yet, there is another kind of love, quieter, deeper, and perhaps, more extraordinary. It is the love that has weathered storms, endured misunderstandings, survived disappointments, celebrated triumphs, and grown richer through shared experiences. It is love that has ripened over time, acquiring a depth that youthful passion alone cannot offer. Such love deserves to be celebrated no less than the romance of youth.

Few poets have described this mature love as beautifully as the great Sanskrit dramatist Bhavabhuti. In his *Uttararamacarita*, he portrays love not as a fleeting emotion but as a lifelong companionship. His celebrated verse reads:

अद्वैतं सुखदुःखयोः अनुगतं सर्वास्ववस्थासु यत्।
विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः?
कालेनावरणात्ययात् परिणते यत् स्नेहसारे स्थितं।
भद्रं तस्य सुमानुषस्य कथमप्येकं हि तत् प्राप्यते?


A free English rendering of the verse is:


"Blessed indeed is the person who attains that rare love in which two hearts become one through both joy and sorrow; where the heart finds its deepest repose in every stage of life; whose sweetness cannot be diminished even by old age; and which, when the coverings of time have fallen away, matures into the very essence of affection."

Bhavabhuti presents love as a companionship that transcends the changing fortunes of life. True love shares happiness and grief alike, offers rest to the heart in every circumstance, and does not lose its flavour with advancing years. Instead, time strips away superficial attractions, revealing the enduring core of mutual affection. Such love is exceedingly rare, and the poet considers its attainment as one of life's greatest blessings.



#BHAVABHUTI AND SHAKESPEARE




This vision bears a striking resemblance to Shakespeare's immortal Sonnet 116, which opens with the famous lines:

*Let me not to the marriage of true minds*
*Admit impediments. Love is not love*
*Which alters when it alteration finds,*
*Or bends with the remover to remove.*

Like Bhavabhuti, Shakespeare insists that genuine love is not governed by changing circumstances. It neither weakens in adversity nor fades with the passage of time. He continues:

*O no! it is an ever-fixed mark,*
*That looks on tempests and is never shaken;*
*It is the star to every wandering bark,*
*Whose worth's unknown, although his height be taken.*

> In a world fascinated by the excitement of new romance, these poets remind us to celebrate another, perhaps greater, miracle, the love that survives. The love that grows gentler with the years, steadier through adversity, and deeper with every passing season. Such love is not simply a feeling; it is an achievement, a quiet triumph of the human heart. It is this enduring, ripened love that deserves our admiration, our gratitude, and our celebration.

The image is unforgettable. Love is compared to a steadfast lighthouse and to the Pole Star guiding lost ships across turbulent seas. Tempests may rage, but true love remains unshaken. Here, Shakespeare's poetry may almost be read as a poetic gloss on Bhavabhuti's insight. Both poets, separated by nearly a millennium and belonging to vastly different cultures, arrive at remarkably similar conclusions: authentic love is constant, resilient, and strengthened rather than diminished by the trials of life. There is another striking parallel. Bhavabhuti speaks of love that survives old age, its sweetness impossible to steal away. Shakespeare echoes the same sentiment:

*Love's not Time's fool, though rosy lips and cheeks*
*Within his bending sickle's compass come.*

Physical beauty fades, youth passes, and time leaves its marks upon the body. But true love belongs to another realm; it remains untouched by the ravages of time.

The two poets differ is in their concluding note. Bhavabhuti ends with quiet wisdom, declaring such mature love to be one of humanity's rarest blessings. Shakespeare, however, concludes with characteristic confidence:

*If this be error and upon me proved,*
*I never writ, nor no man ever loved.*

It is a bold challenge. Shakespeare stakes not only his poem but his entire identity as a poet, and even the very existence of love itself, on the truth of his conviction.

Bhavabhuti's masterwork Uttararamacarita and Shakespeare's The Winter's Tale both focus heavily on profound sorrow, the painful loss of a wife, and an eventual, emotional reunion years later.

The convergence of these two literary giants is extraordinary. Bhavabhuti, writing in classical India in the eighth century, and Shakespeare, writing in Elizabethan England nearly eight hundred years later, speak in different languages, inhabit different worlds, and yet arrive at the same timeless understanding: love is not merely the thrill of beginnings. Its highest form is companionship tested by life, purified by suffering, enriched by shared memories, and made enduring through unwavering trust.

In a world fascinated by the excitement of new romance, these poets remind us to celebrate another, perhaps greater, miracle, the love that survives. The love that grows gentler with the years, steadier through adversity, and deeper with every passing season. Such love is not simply a feeling; it is an achievement, a quiet triumph of the human heart. It is this enduring, ripened love that deserves our admiration, our gratitude, and our celebration.

rajeshsharma1049@gmail.com



##COMMODIFICATION

# The Punganur Comeback

Conservation, Commerce, and the Price of Popularity, will these cows be able to shoulder the burden!





In the red-soil stretches of Rayalaseema, where survival has always demanded resilience, a remarkable story is unfolding. Punganur cattle, once on the brink of extinction, have staged an unlikely comeback. But their revival brings with it a new and complicated question: will their future be shaped by careful conservation, or by the forces of commodification?

The crisis did not happen overnight. After independence, India's agricultural policy increasingly prioritized milk volume. Subsidies and institutional support flowed towards high-yielding exotic breeds, leaving indigenous varieties like the Punganur behind. Unable to compete in terms of sheer litres of milk, this hardy dwarf breed was gradually abandoned. By 2007, the Food and Agriculture Organization classified the Punganur cattle as "critical," a stark warning that extinction was no longer a distant possibility.

The numbers tell a sobering story. By 2016, fewer than thirty Punganur cows remained on government farms across India. What followed, however, was a rare success in revival. In 2020, the government of Andhra Pradesh launched Mission Punganur with an investment of 69 crore, alongside scientific breeding interventions such as IVF programs. Gradually, the population rebounded. Today, estimates place their numbers between ten thousand and thirteen thousand, a dramatic recovery within a few years.

The Punganur cow is no ordinary animal. Standing just 70 to 90 centimetres tall, about the height of a large dog, and weighing under 200 kilograms, it is considered the world's smallest humped cattle breed. Its coats range from white and grey to deep red and mottled patterns, and its crescent-shaped horns add to its distinctive elegance. Despite its size, it is remarkably resilient, thriving in the rocky, drought-prone terrain of Chittoor district, where fodder is scarce and summers are unforgiving.

For generations, this breed has been perfectly adapted to the harsh ecology of Rayalaseema, requiring minimal feed, tolerating extreme climates, and producing nutrient-rich milk. It is, in many ways, a living reflection of the land itself.

But just as conservation efforts began to succeed, a new and unexpected challenge emerged: popularity.

Urban India "discovered" the Punganur cow. Videos and reels showcasing its unusually small size began circulating widely on platforms like Instagram. What was once a quiet symbol of rural resilience suddenly became a viral sensation. Demand surged, not from farmers, but from urban buyers eager to own something rare, distinctive, and shareable.

With this attention came commodification. The Punganur cow, once valued for its utility and adaptability, began to be priced as a novelty. Transactions increasingly reflected status rather than sustainability.

For breeders like Venkata Reddy, who has spent over a decade raising these animals near Madanapalli, this shift is deeply unsettling. Watching a three-week-old calf confidently step into the afternoon light, he sees not an object of curiosity, but a legacy of survival.

As he puts it:

"This is not a pet. This is a working animal, a farmer's companion, a sacred breed. It survived this land for hundreds of years without pampering. That deserves respect, not novelty."

His words capture the tension at the heart of the Punganur story. Conservation has brought the breed back from the edge, but commodification risks reshaping its identity.


This does not mean that economic value is inherently harmful. Rising demand can support breeders, improve rural incomes, and ensure that indigenous breeds remain relevant. But when demand is driven by novelty rather than necessity, it can distort breeding practices, reduce genetic diversity, and disconnect the animal from its ecological roots.

The future of the Punganur cow now rests on a delicate balance. It is no longer just about saving a breed, it is about deciding what kind of relationship society wants with it.

In Rayalaseema, where resilience is born from scarcity, the Punganur cow has already proven its worth. The challenge now is ensuring that its second life is defined not by fleeting fascination, but by lasting respect.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नशा मुक्त, अनुशासित और विचारवान बनें युवा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## पीएम मोदी ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया



एमपीयूटी में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया।

- सीएम भजनलाल शर्मा ने उदयपुर के नगर निगम ऑडिटोरियम से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से जुड़े

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उदयपुर के नगर निगम ऑडिटोरियम से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से जुड़े और युवाओं के साथ उनके संबोधन को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा नशा मुक्त, अनुशासित और विचारवान बनें और अपनी ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता एवं सामर्थ्य का सकारात्मक दिशा में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह नशामुक्ति अभियान युवाओं को अपने अंदर परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन आगामी 100 सप्ताह तक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में माय भारत स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, युवा क्लब, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन सहित अनेक संस्थाएं सक्रिय भागीदारी निभा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों और संगठनों को 50वें, 75वें और 100वें सप्ताह के पड़ाव पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान युवाओं में सार्वजनिक सेवा, सामाजिक नेतृत्व और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका युवा है। ऊर्जावान, जागरूक और नशा मुक्त युवा ही राष्ट्रीय विकास की वास्तविक पूंजी है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से 350 से अधिक महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही राज सवेरा कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालयों में नशामुक्ति वार्ड स्थापित किए जा रहे हैं तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री युवा सुयोग पोर्टल प्रारंभ किया है तथा नेतृत्व, नवाचार और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई राजस्थान युवा नीति लागू की है।

उन्होंने कहा कि सरकार के गठन के साथ ही एसआईटी का गठन कर पेपर लीक माफिया के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई शुरू की गई। अब तक पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के मामलों में 569 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राज्य सरकार 410 परीक्षाएं बिना किसी पेपर लीक के सफलतापूर्वक आयोजित कर चुकी है। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं।

# आर्मी जवान की पत्नी की संदिग्ध मौत, फंदे से लटका मिला शव



मृतका महिला।

**चिड़ावा/सुलताना, (निसं)।** जिले के सुलताना थाना क्षेत्र के किठाना गांव में रविवार सुबह एक आर्मी जवान की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना को लेकर ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि पीहर पक्ष ने दहेज के लिए हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, प्रियंका (26) पत्नी टेकचंद, जो भारतीय सेना में सिपाही हैं, रविवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर में फंदे से लटकी हुई मिलीं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर सुलताना थाना प्रभारी रामनिवास पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। मृतका के चचेरे भाई मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि प्रियंका को पिछले छह-सात वर्षों से दहेज की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीहर पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रियंका को परेशान किया जाने लगा। शादी में बाइक मिलने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार कार लाने का दबाव बनाते हुए उसे आए दिन तिरस्कृत किया जाता था। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि दहेज के लिए की गई हत्या का मामला है। आरोप है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को फंदे पर लटका दिया गया। मृतका का पीहर घरडाना खुर्द गांव में है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रियंका अपने पीछे दो मासूम बेटों को छोड़ गई हैं। बड़ा बेटा तीन वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा महज दो माह का है। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। मां की असमय मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया है।

सुलताना थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल की वैज्ञानिक जांच, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या फिर पीहर पक्ष द्वारा लगाए गए दहेज हत्या के आरोपों में कितनी सच्चाई है। फिलहाल पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच जारी है।

- पीहर पक्ष ने दहेज के लिए हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की
- शादी में बाइक मिलने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार कार लाने का दबाव बनाते हुए उसे आए दिन तिरस्कृत किया जाता था

## मोबाइल हैक कर रुपए निकाले

**सीकर।** सीकर में सायबर ठग ने एक युवक का मोबाइल हैक करके 1.47 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित कोटड़ी लुहारवास निवासी हंसराज यादव ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पीड़ित हंसराज ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 20 जुलाई को व्हाट्सएप के किसी ग्रुप पर एक एपीके फाइल आई थी, जिसे उसने डाउनलोड कर लिया। इसके बाद उसका मोबाइल हैक हो गया। काफी ट्राई करने के बाद भी मोबाइल ठीक नहीं हुआ। इस बीच साइबर ठगों ने 20 और 23 जुलाई को हंसराज के बैंक अकाउंट से कई ट्रांजेक्शन किए और 1 लाख 47 हजार 489 रुपए निकाल लिए। ठगों ने यह अमाउंट अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिया। इस संबंध में पीड़ित ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से भी संपर्क किया। फिलहाल पुलिस बैंक डिटेल के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। साइबर पुलिस ने लोगों ने अपील की है कि यदि आपके मोबाइल पर किसी भी अनवैरिफाइड नंबर से लिंक आए तो उस पर क्लिक ना करें। यदि आपके व्हाट्सएप पर कोई भी एपीके फाइल आती है तो उसे डाउनलोड ना करें।

# श्रीगंगानगर में 720 निवेशकों से 1.63 करोड़ की ठगी

## ज्यादा रिटर्न और प्रॉफिट का झांसा दिया था, 20 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने 720 से अधिक निवेशकों के साथ लगभग 1 करोड़ 63 लाख 72 हजार 679 रुपए की आर्थिक धोखाधड़ी के मामले में 20 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में आरोप है कि निवेशकों को ज्यादा मुनाफा और सुरक्षित निवेश का भरोसा देकर विभिन्न योजनाओं में पैसा जमा करवाया गया, लेकिन समय पूरा होने के बावजूद न तो मूल पैसे लौटाए गए और न ही रिटर्न मिला।

एफआईआर के अनुसार, कथित धोखाधड़ी का सिलसिला साल 2012 से 31 दिसंबर 2021 के बीच का है। 29 बी ब्लॉक निवासी शिकायतकर्ता सरोज ने अन्य पीड़ित निवेशकों की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई फिक्स्ड डिपॉजिट और मासिक आवर्ती जमा जैसी योजनाओं में लगाई थी। समय पूरा होने के बाद भी निवेशकों को पैसा नहीं मिला, जिससे सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट में फंस गए।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि निवेशकों से पैसा समृद्ध जीवन मल्टी स्टेट मल्टी पर्पस को-ऑपरेटिव सोसायटी, प्रॉस्पेरिटी एग्रो इंडिया लिमिटेड (पीएआईएल) और बाद में दौलत प्राइड इंडिया लिमिटेड (डीपीआईएल) के माध्यम से लिया किया गया। कंपनियों ने बेहतर रिटर्न और समय पर भुगतान का भरोसा दिलाया, लेकिन भुगतान नहीं किया। एफआईआर में कंपनियों के चेयरमैन, निदेशक, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी और श्रीगंगानगर इकाई से जुड़े पदाधिकारियों समेत 20 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें महेश किशन, लीना मोटवर, वैशाली, राजकुमार, प्रशांत किशोर समेत अधिकांश प्रमुख आरोपी महाराष्ट्र के पुणे और सतारा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं, जबकि कुछ आरोपी श्रीगंगानगर से संबंधित हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह मामला एक-दो लोगों तक सीमित नहीं, बल्कि 720 से ज्यादा निवेशक इस धोखाधड़ी से प्रभावित हुए हैं। निवेशकों के टोटल 1.63 करोड़ से ज्यादा फंसे हुए हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## होटल में डेढ़ लाख की चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** वार्ड नंबर एक के लक्ष्मीपुरा के पास सिक्सलेन स्थित टाटा मोटर्स के निकट एक चाय की होटल पर शनिवार देर रात अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और चोरों की तलाश की जा रही है।

चोर होटल से नकदी सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया। चोरी में करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार होटल संचालक ओमप्रकाश जब सुबह दुकान पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर नकदी व अन्य कीमती सामान गायब मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। पीड़ित ओमप्रकाश ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि चोरी से उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और चोरों की तलाश की जा रही है।

# चिड़ावा के अड़ूका क्षेत्र में 38 साल पुरानी टंकी जर्जर, हादसे का अंदेशा

- टंकी के मुख्य स्तंभ, बीम, सीढ़ियां और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं
- ग्रामीणों ने जर्जर टंकी को जल्द से जल्द गिराने और नई टंकी का निर्माण करवाने की मांग की

**चिड़ावा, (निसं)।** अड़ूका क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था से जुड़ी एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्राम पंचायत अड़ूका में स्थित करीब 38 वर्ष पुरानी सार्वजनिक पेयजल की टंकी पूरी तरह से जर्जर और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी है, जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हालात यह हैं कि टंकी के मुख्य स्तंभ (पिलर), बीम, सीढ़ियां और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और जगह-जगह से सीमेंट उखड़ने के साथ लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं। इस गंभीर खतरे को भांपते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने जर्जर टंकी के पास इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह विशाल पेयजल टंकी वर्ष 1988 में बनाई गई थी, जिसे अब लगभग 38 वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ रख-रखाव के अभाव में यह पूरी तरह नाकारा हो गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस टंकी के चारों तरफ घनी आबादी और रिहायशी मकान बसे हुए हैं। दिनभर यहां लोगों और बच्चों का आना-जाना रहता है। ऐसे में यदि यह टंकी अचानक ढहती है, तो क्षेत्र में भारी जनहानि हो सकती है। बड़े हादसे की आशंका से सहमे ग्रामीणों ने सरकार और जिम्मेदार आला अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि इस जर्जर टंकी को जल्द से जल्द गिराया जाए और उसकी जगह पर नई पेयजल टंकी का निर्माण करवाया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी या जनहानि से बचा जा सके। इस विरोध प्रदर्शन और रोष व्यक्त करने वालों में डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, मनोज स्वामी, भवानी सिंह, पप्पू जी, फेनी भाई, राधेश्याम, बुद्धराम गुर्जर, और काशु सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# टोंक में श्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रेलर से टकराई, 23 घायल



हादसे के बाद मौके पर लोगों ने घायलों को बस बाहर निकाला।

- हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया
- जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु

**टोंक, (निसं)।** घाड़ थाना क्षेत्र स्थित जयपुर कोटा नेशनल हाईवे-52 के नया गांव में रविवार सुबह जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 23 लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में गंभीर घायल कंडेक्टर समेत चार को जयपुर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन समाज के तीर्थ यात्री कोटा से मेहंदवास थाना क्षेत्र के मौजमाबाद जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे थे, जो एक ही परिवार और आपस में रिश्तेदार एवं कोटा और आसपास क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे हैं। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

घाड़ थाना प्रभारी हरि राम वर्मा ने बताया कि रविवार को एक निजी बस नेशनल हाईवे स्थित नया गांव के पास रोड पर खड़े ट्रेलर के पीछे से टकरा गई, जिसमें करीब 20-25 यात्री सवार थे। घायलों में 11 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल है। एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए घायलों को अस्पताल लाया गया, वहीं तीन लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। वर्मा ने बताया कि जिस ट्रेलर से बस टकराई थी, उस ट्रेलर का चालक एक्सीडेंट के बाद ट्रेलर लेकर भाग गया। इस हादसे में संदीप बकवाना, नमृता जैन, प्रेम बाई, दिनेश जैन, जंबो कुमार, अतुल, अनिता, जे.के. जैन, कैलाश देवी, कमला, बाबूलाल, रमेश चंद्र, चंद्रा जैन सहित अन्य लोग घायल है। हादसे में बस का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, बस में सवार सभी सवारियां चोटिल हो गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने बस के ख्वेबिन को तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस, निजी वाहनों से सभी को अस्पताल पहुंचा, एक्सीडेंट के बाद चालक ड्राइवर ट्रेलर को लेकर भाग गया। बाद में सूचना मिलने पर बीजेपी नेता और भरतपुर जिला बीजेपी संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने घायलों से मिलने सआदत अस्पताल में पहुंचे।

# बेड में कपड़ों के नीचे छिपा था ठगी का आरोपी, पुलिस ने दबोचा

- 90 हजार रूपये के आम खरीदकर किसान के पैसे नहीं लौटाए थे

**सिंघाना, (निसं)।** किसानों से आम खरीदकर भुगतान नहीं करने और पुलिस से लगातार बचता फिर रहा एक शातिर आरोपी आखिरकार सिंघाना थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस की दबिश पड़ते ही आरोपी अपने ही घर में बेड के अंदर कपड़ों के नीचे छिप गया, लेकिन पुलिस टीम ने बारीकी से तलाशी लेकर उसकी चालाकी नाकाम कर दी। बेड से आरोपी को बाहर निकालने का वीडियो भी सामने आया है, जो पूरे घटनाक्रम को बयां करता है।

पुलिस के अनुसार, सिंघाना कस्बे के पथवारी वाला कुआं निवासी राहुल सैनी पुत्र नंदलाल ने उत्तर प्रदेश के किसान शराफत अली से मंडी में बिक्री के लिए करीब 90 हजार रुपये के आम खरीदे थे। आम लेने के बाद आरोपी लगातार भुगतान टालता रहा। काफी प्रयासों के बावजूद राशि वापस नहीं मिलने पर किसान ने सिंघाना थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी, लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। आखिरकार थानाधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी के घर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी घर में रखे बेड के अंदर घुस गया और कपड़ों के नीचे छिपकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने पूरे घर की सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान जब बेड की जांच की गई तो आरोपी कपड़ों के नीचे छिपा मिला। पुलिस ने तत्काल उसे बाहर निकालकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बेड से बाहर निकालने का वीडियो भी चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ करीब एक वर्ष पूर्व चेक बाउंस का मामला भी दर्ज हो चुका है। पुलिस अब उससे गहन पूछताछ कर रही है।

## ट्रेलर पलटा, हादसा टला

**निवाई, (निसं)।** दौसा-कोथून हाईवे पर स्थित करेड़ा बुजुर्ग के पास रविवार को मक्का के कट्टों से भरा 22 चक्का ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हदसे में ट्रेलर में भरे मक्का के कट्टे सड़क पर बिखर गये, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर दतवास पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता से कट्टों को सड़क किनारे करवाकर यातायात सुचारु करवाया गया। हादसे में चालक सुरक्षित बच गया।

दतवास थाना प्रभारी निरमा मीणा ने बताया कि ट्रेलर चालक सुरेश गाडरी पुत्र कालू गाडरी निवासी अरनिया रासा गाडरी खेड़ा, थाना शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा ट्रेलर में मक्का के कट्टे भरकर उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश जा रहा था। इसी दौरान करेड़ा बुजुर्ग के पास तुर्किया की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन अचानक पलट गया।

# उधारी के रुपए मांगने पर महिला को पीटा, मौत

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में चार दिन पहले उधारी के 35 हजार रुपए वापस मांगने पर आरोपी ने महिला को बेरहमी से मारा था। इससे महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला मौत हो गई थी। यह वारदात शहर के विवेक विहार थाना इलाके में 30 जुलाई को हुई थी। पुलिस ने रविवार को मामले का खुलासा किया।

विवेक विहार थाने में भैरूलाल ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि विवेक विहार निवासी मेरी पत्नी रजनी सदनानी ने आरोपी राकेश विश्नोई (24) पुत्र बाबूलाल निवासी कुड़ी भगतासनी को 35 हजार रुपए उधार दिए थे। रजनी ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी राकेश ने विवेक विहार अपने घर बुलाया था। आरोपी राकेश पेशे से ड्राइवर है।

थाना अधिकारी बलवंत राम ने बताया कि आरोपी राकेश पुलिस से बचने के लिए बिना मोबाइल के खेत में छुपा हुआ था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी राकेश को वारदात के सिर्फ 6 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की भी जांच की जा रही है। रजनी के पति भैरूलाल ने बताया कि रजनी आरोपी राकेश की बाइक पर बैठकर उसके घर गई थी। घर पहुंचने पर लेन-देन को लेकर कहासुनी हो गई थी। गुस्साए आरोपी राकेश ने रजनी पर हमला कर दिया और उसका मोबाइल छीनकर मौके से भाग निकला। घायल रजनी को एंबुलेंस से एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। वहीं वारदात के बाद गठित टीम ने एफएसएल की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए।

डीसीपी कमल शेखावत ने बताया कि आरोपी राकेश घटना के बाद मोबाइल बंद कर कच्चे रास्तों के जरिए फरार हो गया था। वह खेतों में छुपकर रुपए जुटाने और शहर से बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस की टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उसे दबोच लिया।

# राजसमंद में एमडी फैक्टरी का खुलासा, तीन जनों को पकड़ा

- दूसरी कार्रवाई में 29.78 ग्राम एमडी जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत राजसमंद पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक अवैध एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ किया, वहीं दूसरी ओर 29.78 ग्राम एमडी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त की है। दोनों कार्रवाइयों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पहली कार्रवाई में राजसमंद डीएसटी, भीलवाड़ा डीएसटी एवं चारभुजा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चारभुजा थाना क्षेत्र के सोडा की भागल में एक मकान पर दबिश देकर अवैध एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्टरी का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान मौके से हीरालाल गुर्जर (50) निवासी सोडा की भागल, दुर्गेश डांगी (21) निवासी मांगलिया, थाना घासा, जिला उदयपुर तथा पवन विश्नोई (21) निवासी गंगावास, थाना मंडली, जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया गया। मौके से एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त हाइड्रोजन पेरॉक्साइड, एसीटोन, हाइड्रोब्रोमिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, एल्युमिनियम क्लोराइड सहित अन्य रसायन, फिल्टर, हीटर, बीकर, ओवरहेड स्टिरर मशीन, ऑयल बाथ, इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं अन्य उपकरण जब्त किए गए। इस संबंध में चारभुजा थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच कुंवारिया थाना प्रभारी पूरण सिंह को सौंपी गई है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस ने नाथद्वारा के त्रिनेत्र सर्किल पर नाकाबंदी के दौरान तेज गति से आ रही एक संदिग्ध सफेद बैलेनो कार को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार केशरलाल (35) निवासी केमुनिया, थाना रायपुर, जिला भीलवाड़ा तथा शुभम त्रिपाठी (30) निवासी सदर बाजार, मावली, जिला उदयपुर के कब्जे से 29.78 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) बरामद हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार जब्त कर ली गई। आरोपियों के खिलाफ श्रीनाथजी मंदिर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, आपूर्ति श्रृंखला और इससे जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# अलवर में पुलिस की कथित मंथली से परेशान बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर्स यूनियन हड़ताल पर

- पुलिस के रवैये से नाराज करीब 68 सप्लायर्स ने काम पूरी तरह बंद कर दिया है

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में कथित मंथली वसूली के खिलाफ बिल्डिंग मेटेरियल सप्लायर्स ने मोर्चा खोल दिया है और हड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के रवैये से नाराज करीब 68 सप्लायर्स ने काम पूरी तरह बंद कर दिया है, जिससे शहर में रोड़ी और बजरी की सप्लाई ठप हो गई है।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि यह अवैध वसूली तुरंत बंद नहीं हुई, तो वे अलवर से जयपुर तक पैदल मार्च करेंगे। सप्लायर्स का आरोप है कि रॉयल्टी चुकाने के बावजूद पुलिस मनमाने तरीके से गाड़ियां रोकती है। पहले जहां 1 से 2 हजार रुपये मंथली ली जाती थी, उसे अब बढ़ाकर 5 हजार रुपये कर दिया गया है। इस वसूली का सीधा बोझ आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की इस अवैध वसूली के कारण उन्हें रोड़ी और बजरी 5 से 10 रुपये प्रति फुट महंगी बेचनी पड़ रही है। यदि यह वसूली बंद हो जाए, तो जो बजरी अभी 1800 रुपये प्रति टन मिल रही है, वह आमजन को 1400 रुपये प्रति टन में आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है।

बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर योगेश सैनी ने कहा कि पुलिस की मंशा सिर्फ मंथली वसूलने की है। अब स्टॉक की अलग और हर ट्रैक्टर के हिसाब से 2 से 5 हजार रुपये मंथली मांगी जा रही है। पहले किसी एक थाने को ही पैसे देने पड़ते थे, लेकिन अब अलवर में 15 से ज्यादा थाने हो गए हैं और हर जगह वसूली हो रही है। क्रशर से माल लाने वाली गाड़ी को थानों में 5 हजार रुपये देने पड़ते हैं।

विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि सप्लायर्स पूरी तरह कानूनी (लीगल) तरीके से रॉयल्टी देकर माल लाते हैं, इसके बावजूद पुलिस गाड़ियां पकड़ लेती है। ओवरलोड पकड़ने के पीछे पुलिस की असली मंशा सिर्फ वसूली की होती है। स्टॉक पर माल खाली करने वाले ट्रैक्टर चालकों को भी पुलिस नहीं छोड़ती। शहर के 65 से अधिक सप्लायर्स के पास कई लोग काम करते हैं, जिनकी आजीविका अब काम बंद होने से संकट में आ गई है।

ट्रैक्टर ड्राइवर राजेंद्र सूद ने कहा कि मैं मिट्टी का ट्रैक्टर चलाता था। पहले मिट्टी पर कोई मंथली नहीं ली जाती थी, लेकिन अब हर थाने से 5 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। तंग आकर मैंने अपना ट्रैक्टर घर पर ही खड़ा कर दिया है।

## संक्षिप्त

### मनोज यादव बने जिला महासचिव



**निवाई।** श्री कृष्णा यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी संदीप यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेशकुमार यादव एवं महामंत्री राजेश यादव की अनुशंसा पर युवा जिलाध्यक्ष सुरेंद्रयादव ने सर्वसम्मति से संगठन में मनोज कुमार यादव निवासी बालापुरा भरथला को युवा जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया है।

### कांवड़ यात्रा 9 अगस्त को

**फुलेरा।** फुलेरा-सांभर बाइपास रोड पर स्थित स्वर्ग आश्रम बगीची में बाबा भोलेनाथ की अध्यक्षता में आगामी विशाल कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। हैप्पी माथुर ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के दूसरे रविवार 9 अगस्त 2026 को देवयानी सरोवर से स्वर्ग आश्रम बगीची, सांभर रोड फुलेरा तक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में यात्रा की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि यात्रा का मुख्य आकर्षण अघोरियों की विशेष प्रस्तुतियां, भगवान शिव का भव्य श्रृंगार एवं विशाल भंडारा रहेगा। इसके साथ ही रुद्राभिषेक, महाआरती एवं प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुबह 5 बजे स्वर्ग आश्रम बगीची से देवयानी सरोवर तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वहीं कांवड़ ड्रेस निःशुल्क वितरित की जाएगी तथा प्रथम 251 महिला कांवड़ियों को चुनरी की साड़ी भेंट की जाएगी। बैठक में हैप्पी माथुर, रजत सैन, दीपेश सैनी, मुकेश गेहनोलिया, रोहित सैनी, हेमंत टोनी, उमेश पांचाल, राकेश, दीपू माथुर, महेंद्र, राहुल योगी, अनिल बंसल, संजय, सुनील, यश कुमावत, मास्टर वासदेव, शेरा एवं डैनी सहित अन्य महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

### खाटूश्याम पदयात्रा की तैयारियां जोर शोर पर

**निवाई।** धार्मिक नगरी निवाई में करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम के सानिध्य में श्री श्याम सखा संस्थान कोटपुतली धर्मशाला खाटूश्याम एवं श्री श्याम सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में खाटू श्याम सीकर के लिए द्वितीय विशाल श्री श्याम पदयात्रा का भव्य व दिव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर निवाई सहित आसपास के सभी श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों में भारी उत्साह बना हुआ है। आयोजन समिति के रवि अग्रवाल ने बताया कि पद यात्रा को लेकर 13 सितम्बर को इन्दिरा कॉलोनी में स्थित श्री श्याम मंदिर से प्रात: 8 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भव्य झांकियों एवं गाजे-बाजे के साथ बाबा श्याम की ध्वजा लहराई जाएगी। इसके पश्चात निवाई से खाटूधाम के लिए पदयात्रा रवाना होगी। यात्रा के विभिन्न पड़ावों से गुजरते हुए पदयात्रा 18 सितम्बर को आस्था के केंद्र खाटूश्याम जी सीकर पहुंचेगी। खाटूश्याम जी पहुंचने पर विशाल ध्वजयात्रा निकाली जाएगी एवं बाबा श्याम को निशान अर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत खाटूश्याम जी स्थित स्थल पर सभी श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### एनीमिया से पीड़ित महिला का सुरक्षित प्रसव किया

**पावटा।** राजकीय उपजिला चिकित्सालय पावटा की चिकित्सकीय टीम ने रविवार को त्वरित निर्णय, दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक गर्भवती महिला का अस्पताल परिसर में खड़े निजी वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया। समय पर मिली चिकित्सा सहायता से जच्चा और नवजात दोनों सुरक्षित है। बाद में दोनों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार एवं निगरानी में रखा गया।

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# ‘स्वस्थ, जागरूक व जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं’

## युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली



**अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अलवर में वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया**

- 100 सप्ताह तक चलेगा राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी अभियान
- कार्यक्रम के दौरान देशभर के युवाओं ने मादक पदार्थों से दूर रहने के साथ-साथ समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया

**अलवर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इसी क्रम में माय भारत, अलवर द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अलवर में वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

अभियान के अंतर्गत देशभर में सांस्कृतिक, खेल, फिटनेस, योग, ध्यान, जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता जैसी विविध गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं की निरंतर सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

माय भारत जिला युवा अधिकारी श्रीमती नेहा जादौन ने बताया कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह अभियान आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा।

वर्चुअल कार्यक्रम से देशभर के लगभग 10 हजार स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े। इनमें माय भारत के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, युवा क्लबों के सदस्य, स्कूल, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के युवा विंग तथा 125 से अधिक भागीदार संस्थाओं के सदस्य शामिल रहे। युवाओं ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली तथा स्वयं मादक पदार्थों से दूर रहने के साथ-साथ समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के माय भारत नोडल अधिकारी रवि प्रकाश शर्मा, फैकल्टी सदस्य डॉ. हर्ष यादव, डॉ. हर्ष शर्मा एवं डॉ. अवनीश शर्मा, माय भारत के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक तोताराम गुर्जर तथा माय भारत स्वयंसेवक भावना सैनी, प्रिंस नरूका, सौरभ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

## भरतपुर पुलिस ने 1 घंटे में बैग ढूंढकर दंपती को लौटाया

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील कार्यशैली एक बार फिर लोगों के भरोसे पर खरी उतरी। रेल चौकी प्रभारी एएसआई ब्रजलाल की सूझबूझ और तत्परता से गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रहे एक दंपती का गुम हुआ बैग महज एक घंटे में तलाश कर उन्हें सकुशल वापस सौंप दिया गया। बैग में चांदी के आभूषण, नकदी, दो मोबाइल फोन और अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। बैग मिलने के बाद दंपती ने भरतपुर पुलिस का आभार जताया।रेल चौकी प्रभारी एएसआई ब्रजलाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कतकपुर निवासी अमन और उनकी पत्नी आरती गुजरात में काम करते हैं। उनके बाबा के निधन की सूचना मिलने पर दोनों ट्रेन से अपने गांव लौट रहे थे। भरतपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद वे ऑटो से हीरादास की ओर रवाना हुए। जल्दबाजी में उन्होंने अपना बैग ऑटो में पीछे रख दिया और हीरादास पहुंचने पर उतर गए। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि उनका बैग गायब है।बैग की काफी तलाश करने के बाद किसी राहगीर ने उन्हें रेल चौकी जाने की सलाह दी।

## बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की नई कार्यकारिणी ने शपथ ली



**सुबेसिंह मोरोड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

**फुलेरा।** बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं कार्यकारिणी विस्तार समारोह रविवार को बिचून रोड स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देव बाबा रामदेव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं गरीब साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर समाज के उत्थान एवं एकता का संकल्प लिया गया।

समारोह की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष ताराचंद मेहरडा ने की, जबकि परिषद के विधि सलाहकार एडवोकेट भागचंद सांभरिया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें मुकेश नराणिया को यूथ विंग अध्यक्ष तथा सोना देवी को महिला मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ताराचंद मेहरडा ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन की एकता बनाए रखते हुए शिक्षा, सामाजिक उत्थान और जनसेवा के कार्यों में समर्पित भाव से कार्य करने का अव्हान किया। इस अवसर पर समाज के शिक्षा कोष के लिए सहयोग राशि की भी घोषणा की गई।

अध्यक्ष ताराचंद मेहरडा ने शिक्षा कोष हेतु 11 हज़ार तथा सांभरिया परिवार, जयसिंहपुरा की ओर से 11 हज़ार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। समाज के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी कदम बताया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लेकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

समारोह के अंत में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कालावत ने अपने कार्यकाल के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को विधिवत कार्यभार (चार्ज) सौंपा। कार्यक्रम का समापन समाज हित में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## साइबर अपराध के खिलाफ कार्यवाही में एक ठग गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में निवाई वृताधिकारी रवि प्रकाश शर्मा एवं दत्तवास थानाधिकारी सुश्री निरमा के नेतृत्व में गठीत टीम द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ कार्यवाही करते हुए, साइबर ठगी करने वाले आरोपी राहुल मीणा पुत्र रामकुवार मीणा उम्र 18 साल निवासी जगसरा, दत्तवास को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ साईबर पोर्टल पर पूर्व में दो शिकायत दर्ज है, जिसके अन्तर्गत आरोपी राहुल मीणा अपने दोस्त आशीष कुमार मीणा के साथ मिलकर फर्जी मोबाईल नम्बर से वॉटसअप बनाकर ऑनलाईन ठगी करने के लिए आर्कषण गिफ्ट, कपडें, घरेलु आईटम ऑनलाईन भेजनें के विज्ञापन सोशल मिडीया पर मेटा एड्स के जरियें चलवाकर ठगी करनें के लिए एड देखनें वालों से चेटिंग कर आईटमों की फोटों प्रेषित कर डिलेवरी करनें का झासा देकर एडवांस में पीडीतों से पैसा म्युअल अकाउण्ट्सों में डलवाता था। खातों की जांच में पाया गया कि आरोपियों ने साईबर ठगी की राशी डलवायी गई है।

## देवधाम जोधपुरिया में खुले दानपात्र, 14 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई



**भगवान देवनारायण जोधपुरिया की बैठक दान पात्र में प्राप्त राशि को गिनते हुए श्रद्धालु।**

**निवाई।** भगवान देवनारायण मंदिर ट्रस्ट देवधाम जोधपुरिया की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर दौसा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर के दानपात्र खोले गए, जिनमें श्रद्धालुओं की ओर से अर्पित 14 लाख 43 हजार 40 रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई। बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने मंदिर ट्रस्ट की मासिक आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

आय-व्यय का पूरा विवरण बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं श्रद्धालुओं को पढ़कर सुनाया गया। पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से इस विवरण को मंदिर परिसर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर एवं महामंत्री रतनदीप गुर्जर ने बताया कि बैठक में मंदिर की आगामी कार्ययोजना, विकास कार्यों की प्रगति एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। आगामी लक्खी मेला महोत्सव को लेकर सभी निर्माण कार्य समय पर पूरे करवाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा मंदिर परिसर की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं में सुधार एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से सुझाव भी लिए गए, जिन पर आगामी बैठकों में अमल करने पर सहमति बनी। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि अगली बैठक में भगवान देवनारायण लक्खी मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति तय की जाएगी। बैठक में अम्बालाल गुर्जर, हनोतालाल गुर्जर, श्योजीराम गुर्जर, बिलाराम गुर्जर, जगदीशनारायण गर्जर, महेन्द्र कसाणा, कजोड़ गुर्जर, हंसराज कसाणा व लालाराम गुर्जर सहित ट्रस्ट के कई सदस्य व श्रद्धालु मौजूद थे।

## कोटपूतली में 5 अगस्त तक आयोजित होंगे फॉलोअप कैंप

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में लंबित प्रकरणों एवं नवीन आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिए शहरी सेवा शिविर-2026 फॉलोअप कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 से 5 अगस्त तक नगर परिषदों एवं नगरपालिकाओं में निर्धारित वार्डों के लिए विशेष शिविर लगाए जायेंगे।

नगर परिषद कोटपूतली में 3 अगस्त को वार्ड सं. 28, 29 एवं 30, 4 अगस्त को वार्ड सं. 31, 32 एवं 33 तथा 5 अगस्त को वार्ड सं. 34, 35 एवं 36 के लिए नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित किए जायेंगे। इसी प्रकार नगर परिषद बहरोड़ में 3 अगस्त को वार्ड 23 एवं 24, 4 अगस्त को वार्ड 25 एवं 26 तथा 5 अगस्त को वार्ड 27 एवं 28 के लिए नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिविर लगाए जायेंगे। इसी प्रकार नगरपालिका बानसूर एवं नारायणपुर में 3 अगस्त को वार्ड 17 एवं 18, 4 अगस्त को वार्ड 19 एवं 20 तथा 5 अगस्त को वार्ड 21 एवं 22 के लिए नगर पालिका कार्यालय परिसर में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में 3 अगस्त को वार्ड 23, 4 अगस्त को वार्ड 24 तथा 5 अगस्त को वार्ड 25 के लिए तथा नगर पालिका विराटनगर में 3 अगस्त को वार्ड 10, 4 अगस्त को वार्ड 11, 5 अगस्त को वार्ड 12 के लिये नगर पालिका कार्यालय परिसर में शिविर निर्धारित किए गए है। शिविरों के दौरान विभिन्न प्रकार के पट्टे जारी करना, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा।

## रक्तदान किया

**जयपुर, (निसं)।** मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप द्वारा तलवंडी स्थित अपना ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 53 यूनिट रक्तदान हुआ तथा बड़ी संख्या में परिवारों, मित्रों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर संयोजक हेमा विजय एवं अतुल विजय ने बताया कि वे पिछले एक दशक से मित्रता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इस अभियान में वे अपने मित्रों, रिश्तेदारों, पारिवारिक सदस्यों एवं परिचितों को जोड़कर रक्तदान के प्रति जागरूक करते हैं। सहसंयोजक अरुण विजय ने बताया कि इस अवसर पर कई दंपतियों ने साथ मिलकर रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इनमें शालू विजय-मनोज विजय, राधिका विजय-मनोज विजय, हेमा विजय-अतुल विजय तथा शशि विजय-शंभुदयाल विजय प्रमुख रहे। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। जिनमें मधु विजय एवं प्रीत अंबावानी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज का दायित्व : निरंजन लाल आर्य



**कोटपूतली में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया।**

- सेवा भारती समिति के 08 वें प्रतिभा सम्मान समारोह में 30 मेधावी छात्र-छात्राओं सहित सिलाई प्रकल्प की प्रतिभागियों का हुआ सम्मान, नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**कोटपूतली।** सेवा भारती समिति कोटपूतली द्वारा बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में 08 वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवा भारती समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद, निर्धन एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण एवं सेवा के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। समिति द्वारा समय-समय पर प्रतिभा सम्मान, सिलाई प्रशिक्षण, शिक्षा सहयोग तथा सामाजिक सेवा के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। समारोह के मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य एवं सेवा भारती समिति जयपुर प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य निरंजन लाल आर्य ने कहा कि सेवा ही राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सेवा भावना का समन्वय ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करने का संकल्प लेना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती समिति के जिलाध्यक्ष रामसिंह यादव ने की तथा मंच संचालन विजय कुमार आर्य ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रकल्प शिक्षिकाओं ने दीप मंत्र, गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

समारोह में क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों एवं गुरुजनों का भी सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त सेवा भारती समिति के सिलाई प्रकल्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### पंचायत व नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित



**टोंक।** पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देहात एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टोंक की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आने वाले नगर निकाय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई तथा इस पर उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें। इस दौरान शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले चुनाव में बूथ स्तर से लेकर वार्ड तथा मंडल और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस के समर्पित और निष्ठावान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में भाजपा कि राज्य सरकार को लेकर नाराजगी है उन्होंने कहा कि भाजपा राज में कोई विकास के कार्य नहीं हो रहे हैं उन्होंने कहा कि बूथ,वार्ड मंडल स्तर पर समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। इस असवर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, दिनेश चौरसिया, हंसराज फागना, अब्दुल खालिक, सीपी श्रीवास्तव, रामलाल संडीला, आमिर फारूक, वासीद नूर, इमरान पहलवान मूलचंद बैरवा, रोनित जैन, नवीन बैरवा, गोपाल चौधरी, शिव राज आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

### पावटा हखडेत हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित हखडेत हनुमान मंदिर में महीने के पहले शनिवार की देर शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकांड पाठ शुरू होते ही पूरा परिसर भगवान श्रीराम और वीर बजरंगबली के जयघोषों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड का श्रवण किया। पाठ के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। कार्यक्रम में नवीन शर्मा, मन्नू महाराज, हर्षवर्धन, यशवर्धन शर्मा, गिरिराज शास्त्री सहित भजन गायकों ने सुंदरकांड के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। हनुमान जी की वीरता, भक्ति और समर्पण के प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा और रामधुन का भी गायन किया। आयोजकों ने बताया कि सुंदरकांड पाठ का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता फैलाना, लोगों को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में सकारात्मक विचारों का संचार होता है और समाज में प्रेम व सद्भाव मजबूत होता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। उन्होंने विश्व कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और समाज में व्याप्त बुराइयों के अंत की कामना भी की। श्रद्धालुओं का मानना है कि सुंदरकांड का पाठ जीवन की कठिनाइयों को दूर करने और मानसिक शांति प्राप्त करने में सहायक है। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### नारेहड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक संपन्न



**कोटपूतली।** आगामी नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर के निर्देश पर नारेहड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष एड. सतीश निमोरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोटपूतली विधानसभा प्रभारी डॉ. विनोद कुमारी सांगवान व ब्लॉक प्रभारी जयराम पूनियां मौजूद रहे। इस दौरान आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस की तैयारियों पर विस्तार से मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को बूथ स्तर तक बेहद मजबूत और सक्रिय बनाया जायेगा, ताकि चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की जा सके। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे मौजूदा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करेंगे और कांग्रेस की जनकल्याणकारी विचारधारा व सामाजिक न्याय के संदेश को प्रत्येक घर तक पहुंचायेंगे। बैठक में संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ताओं को बताते हुए मंडल स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता के बल पर कांग्रेस आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में शानदार जीत दर्ज करेगी। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, सरपंच विक्रम छावड़ी, सतीश मांडिया, एड. रामावतार नाहर, बनेठी मंडल अध्यक्ष ब्रह्मानंद गौड़, नारेहड़ा मंडल अध्यक्ष पूर्ण सिंह तंवर, पनियाला मंडल अध्यक्ष प्रभुदयाल रावत, सांगटेड़ा मंडल अध्यक्ष वीरसिंह चौधरी, कांग्रेस सेवादल के विधानसभा अध्यक्ष कमल मीणा, राकेश रावत, सुभाष महारानियां, उदय सैनी, अजीत जाट, हरिराम मीणा, राकेश पोषवाल, सुभाष मीणा समेत बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### 300 युवाओं ने देखा प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण

**टोंक।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत टोंक द्वारा रविवार को आयोजित 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने का आह्वान किया।

**खोया पाया**
मेरे मकान 1/1328 मालवीय नगर जयपुर का मूल अलॉटमेंट लेटर नं.2002 दिनांकित- 06/03/1981, मालवीय नगर में कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें- महेंद्र कुमार निगम 63750-55073

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल फकीर मोहम्मद पुत्र अजमेरी खांन निवासी 419, नवल बस्ती, हसनपुरा-ए, जयपुर का पुत्र फरजान मेरे मुवक्किल के कहने मे नही है एवं आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त है, समाज के लोगो व मोहल्ले के व्यक्तियों से आये दिन इसकी शिकायते मिलती है, इसकी वजह से मेरी इज्जत धूमिल हो गयी है, उसने मेरे मुवक्किल का जीना दूश्वार कर रखा है, इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र फरजान को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से फरजान का मेरे मुवक्किल व उसकी चल-अचल संपति से कोई संबंध व हक अधिकार नही रहा है तथा फरजान द्वारा किसी भी व्यक्ति, संस्था से किये जाने वाले संव्यवहार, लेन-देन व कार्यो के बारे मे मेरे मुवक्किल की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही है। अतः सूचित रहे।
(अब्दुल वाहिद नकवी) एडवोकेट, मो.9414439775

## संक्षिप्त

### करीरिया में महायज्ञ 7 से

**निवाई।** संन्यास अद्वैत आश्रम घाटा करीरिया में संत कर्मानंद गिरि महाराज के सानिध्य में ब्रह्मलीन



महामण्डलेश्वर भजनानंद गिरि महाराज के नवम निर्वाण दिवस को लेकर तीन दिवसीय पंच कुण्डात्मक गौपुष्टि महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मोहरसिंह कुंडेर एवं रामेश्वर पोसवाल ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ 7 अगस्त को विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद 8 अगस्त को आचार्य पं. कृष्णबिहारी शास्त्री टोंक व उपाचार्य पं. रामसहाय शर्मा नौहटा के सानिध्य में हवन पूजन, सत्संग एवं धर्मसभा का आयोजन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन 9 अगस्त को गुरु पूजन, पूर्णाहुति, महाआरती एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### कांग्रेस की बैठक में रणनीति पर मंथन

**फुलेरा।** नगर कांग्रेस कमेटी फुलेरा के तत्वावधान में आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं जिला प्रभारी आरसी चौधरी मुख्य अतिथि रहे। बैठक में जिला महासचिव राकेश परिहार तथा ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन निठारवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी ने की। जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक की शुरुआत ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष हरिशरण चतुर्वेदी के जन्मदिवस पर उनके सम्मान एवं शुभकामनाओं के साथ हुई। इसके बाद गिरधारी सिंह शेखावत ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आरसी चौधरी ने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। बैठक को संबोधित करते हुए आरसी चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले और गली में कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनसे नियमित संपर्क बनाए रखा जाए तथा आगामी नगर पालिका चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत किया जाए। बैठक में वार्ड स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने और कार्यकर्ताओं की भूमिका को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, मनोज कुल्हारी, पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, हरिशरण चतुर्वेदी, लतीफ कुरैशी, दुर्गा सिंह और टीकम शर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे तथा वार्ड स्तर पर नियमित बैठकों और सघन जनसंपर्क अभियान चलाने का सुझाव दिया। बैठक का संचालन नगर संगठन महामंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर योगेश सैनी, दयानंद चौधरी, मनोज कुलहरी, जाकिर हुसैन मंसूरी, विमल सोनी, सीएल गोठवाल, विष्णु सोनी, जगदीश कायथ, आसिफ अली, गणेश बिजारणिया, अलीमुद्दीन कुरैशी, विद्यासागर शर्मा, प्रमोद मीणा, दिलीप डेनी, विशाल वर्मा, पांचूलाल, प्रेम सैनी, डॉ. कर्दम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी की निकाय चुनावों को लेकर बैठक

**टोंक।** आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष नदीम खान, शहर अध्यक्ष राहुल एवं निवाई विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र खटीक उपस्थित रहे। बैठक डॉ. दयानंद चंदीला के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर आगामी निकाय चुनाव की रणनीति, संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आगामी निकाय चुनाव में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### विधानसभा प्रभारी विनोद कुमारी का स्वागत

**कोटपूतली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देव कसाना के स्थानीय कार्यालय पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महासचिव देव कसाना के नेतृत्व में कोटपूतली विधानसभा प्रभारी एवं कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आगामी पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से रोड़मैप तैयार किया गया। सांगवान ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय और सशक्त बनाने पर जोर

# सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं : पटेल

**पावटा/कोटपूतली।** ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज में शनिवार को बहुप्रतीक्षित उपस्वास्थ्य केन्द्र का विधिवत शिलान्यास समारोह उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। लंबे समय से ग्रामीणों की मांग रहे इस उपस्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण से भूरी भड़ाज सहित आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं गांव के नजदीक उपलब्ध हो सकेंगी।

ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उपस्वास्थ्य केन्द्र की भूमि का पूजन कर आधारशिला रखी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी एवं जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा



**विधायक हंसराज पटेल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उपस्वास्थ्य केन्द्र की भूमि का पूजन कर आधारशिला रखी।**

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज के प्रशासक कैलाश चंद स्वामी ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। भूरी भड़ाज में उपस्वास्थ्य केन्द्र बनने से क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं गांव के निकट ही उपलब्ध होंगी। विशेष रूप

- **भूरी भड़ाज में उपस्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास, ग्रामीणों को गांव में ही मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं**

से गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और सामान्य मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

वही भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की महत्वपूर्ण सोच का हिस्सा है। उपस्वास्थ्य केन्द्र बनने से लोगों का समय और धन दोनों बचेंगे तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब और किसान के हित में निरंतर विकास कार्य कर रही है। जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला है। उपस्वास्थ्य केन्द्र बनने से महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा तथा नियमित टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत भूरी भड़ाज के प्रशासक कैलाश चंद स्वामी ने कहा कि यह उपस्वास्थ्य केन्द्र ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इसके निर्माण से भूरी भड़ाज सहित आसपास के गांवों के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

## कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया

**कोटपूतली।** कांग्रेस सेवादल के विधानसभा अध्यक्ष कमल मीणा के नेतृत्व में रविवार को सैकड़ां कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम नारेहड़ा पहुंचने पर कोटपूतली विधानसभा प्रभारी डॉ. विनोद कुमारी सांगवान, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोष व उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर सेवादल यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष विक्रम पोषवाल, नारेहड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव, जिला महासचिव विक्रम स्वामी, देवेंद्र सिंह,ओमप्रकाश मीणा, राजेश, दीपक व जयराम सहित सेवादल के सैकड़ां कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# वीर गुर्जर शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान के तहत पौधारोपण किया

**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल के जन्मदिवस 01 अगस्त से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में शुरू किये गये सेवा पखवाड़े का आगाज शनिवार सायं संगीतमय श्रीराम धुनी एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इस मौके पर कस्बे के वार्ड नं. 31 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भगवान से विधायक पटेल के उत्तम स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की प्रार्थना की। वार्डवासियों द्वारा पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी का 21 किलो की माला व साफा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। साथ ही केक काटकर प्रसादी का वितरण भी हुआ। इस मौके पर पूर्व पार्षद कृष्ण कारोड़िया, महेष सराधना समेत




**सेवा पखवाड़े का आगाज शनिवार को संगीतमय श्रीराम धुनी एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ।**

वार्डवासी मौजूद रहें। वहीं रविवार को राजमार्ग पर ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कर भगवान श्री देवनारायण का आर्षीवाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम संयोजक एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने मंदिर पुजारी का स्वागत-अभिनंदन किया। वहीं ग्राम कल्याणपुरा खुर्द स्थित वीर गुर्जर शहीद स्मारक पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस

- **वार्डवासियों ने विधायक पटेल के उत्तम स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की प्रार्थना की। वार्डवासियों द्वारा पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी का 21 किलो की माला व साफा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया**

दौरान राजेन्द्र कसाना, एड. महेष सराधना, राजीव शर्मा, प्रो. मनोज बागड़ी, रमेष गुरूजी, संजय पीएचईडी, प्रदीप ठेकेदार, पूर्व पार्षद राजेन्द्र सैनी, लालाराम सैनी, सचिन गोयल आदि मौजूद रहें।

# पावटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**पावटा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा के तत्वावधान में पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में रविवार को ग्रीन पार्क होटल में पावटा ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी पंचायती राज एवं निकाय चुनावों को लेकर संगठनात्मक रणनीति, चुनावी तैयारियों

- **बैठक में पंचायत व नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन हुआ**

तथा बूथ स्तर पर संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक मे कांग्रेस कमेटी विराटनगर प्रभारी सागर महावर, पावटा ब्लॉक प्रभारी अंजना यादव ने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित संगठन और जमीनी कार्यकर्ता हैं। आगामी पंचायत एवं निकाय चुनाव संगठन की मजबूती की परीक्षा हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर जनता के बीच पार्टी की विचारधारा, जनहितकारी नीतियों एवं




**पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में पावटा ब्लॉक के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।**

संगठन के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज़ बनकर उनके अधिकारों और विकास के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है तथा आने वाले चुनावों में भी कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता ही पार्टी की सफलता का आधार बनेगी।

इस दौरान विराटनगर प्रभारी सागर महावर, पावटा ब्लॉक प्रभारी अंजना यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, पावटा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महादेव यादव, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र पारीक, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र गोयल, एनएसयूआई जिला प्रभारी ओपी बायला, सरपंच रामेश्वर यादव, रामकरण यादव, रोशन सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामजीलाल यादव, पूर्व सरपंच जगदीश डाबड़, जिला पार्षद हरफुल कसाना, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश यादव, जिला कांग्रेस महासचिव अजय सैनी, जिला सचिव श्री मुकेश शेखावत, रिजवान कुरेशी, मंडल अध्यक्ष सुनिल बिरला, पूर्व पार्षद दिनेश यादव, पावटा प्रधान प्रत्याशी प्रतिनिधि दशरथ यादव जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव डहरवाल,मंडल अध्यक्ष, पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार व शराब के खिलाफ कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** विराटनगर थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विराटनगर थाना क्षेत्र में एक के बाद एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुआ, अवैध हथियार और अवैध शराब के तीन अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ सामग्री, नकदी, ताश के पत्ते, एक अवैध छुर्रा तथा हथकड़ी देशी शराब बरामद कर संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह (आईपीएस) के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने ग्राम नवरंगपुरा में हार-जीत की बाजी लगाकर ताश से जुआ खेल रहे दो आरोपियों दयालु खान और अशोक रैगर को मौके से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने उनके कब्जे से 810 रुपये की नकदी और 104 ताश के पत्ते बरामद किए। इस संबंध में प्रकरण संख्या 167/2026 धारा 13

- **पुलिस ने नवरंगपुरा क्षेत्र से विशाल उर्फ लक्ष्य खिंची को बिना लाइसेंस एवं परमिट के अवैध छुर्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया**

आरपीजीओ के तहत मामला दर्ज किया गया। वही इसी अभियान के दौरान पुलिस ने नवरंगपुरा क्षेत्र से विशाल उर्फ लक्ष्य खिंची को बिना लाइसेंस एवं परमिट के अवैध छुर्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त कर प्रकरण संख्या 163/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। ग्राम देवली में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महेश बावरीया को एक लीटर अवैध हथकड़ी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 165/2026 धारा 16/54 राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने कहा कि जिले में जुआ, अवैध हथियार, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अवैध खनन जैसी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जमवारामगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**मनोहरपुर ।** श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट और टीम सुमन मीणा जमवारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जमवारामगढ़ में वृक्षारोपण एवं वृक्ष-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

शनिवार को कार्यक्रम के तहत माता जी की ढाणी (कानड़ियावाला),

- **सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए और निशुल्क पौधों का वितरण किया**

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कानड़ियावाला, मुख्य गाँव ड्योड़ा डूंगर, चार ढाणी-झोल, पितृ प्रेत थान परिसर झोल, बिजली ग्रिड-आरवाड़ी, नाडा की ढाणी-भावपुरा, मुख्य गाँव भावपुरा, मुख्य गाँव मानोता, बड़ा कुआँ की ढाणी-मानोता, मुख्य गाँव बूज, मुख्य गाँव सरजोली, मुख्य गाँव खरकड़ा, श्री गंगा मंदिर खवारानी जी, सीताराम मंदिर खवा रानीजी, बावड़ी,



**वृक्षारोपण करके 'पेड़ लगाओ - जीवन बचाओ अभियान ' का शुभारंभ किया।**

नकटी घाटी एवं जारुण्डा सहित अनेक गाँवों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए और निशुल्क पौधों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि "यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की एक जन-जागरूकता मुहिम है। आज का लगाया हुआ एक छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा।"-

डॉ हरसहाय मीना ने कहा कि "यदि हर परिवार हर वर्ष मानसून के मौसम में केवल दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो हमारा क्षेत्र और पूरा राजस्थान हरियाली से भर सकता है।"

ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा जनप्रतिनिधि जमवारामगढ़ ने युवाओं और महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि"इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा साथी, मातृशक्ति और टीम के समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो अपने व्यक्तिगत कार्यों से समय निकालकर निस्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा में जुटे हुए हैं। बदलाव सरकारों से नहीं, समाज की भागीदारी से आता है।"-

उन्होंने सभी से 5 संकल्प लेने का आव्कान किया कि एक पौधा अवश्य लगाएँ, लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल करें,अपने बच्चों को प्रकृति से जोड़ें,जल, जंगल और जमीन की रक्षा को अपना कर्तव्य समझें,हर जन्मदिन, वर्षगाँठ और शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएँ

सुमन मीणा ने कहा, -"पेड़ लगाना आसान है, लेकिन उसे वृक्ष बनाना ही सच्ची सेवा है। आज की हमारी छोटी-सी मेहनत ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी बनेगी।"-

अभियान के दौरान सैकड़ों वरिष्ठजन, किसान, महिलाएं, बच्चे और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामुहिक संकल्प लिया आइए, हम सभी मिलकर हर गाँव को हरा-भरा, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएँ।

## सार-समाचार

### महात्मा ज्योतिबा फूले सर्कल से दंडवत परिक्रमा शुरू



**राजगढ़।** राजगढ़ में केंद्रीय विद्यालय खुलने के मामले मे शासन, प्रशासन को सद्बुद्धि को लेकर राजगढ़ आवाज मंच के मुकेश जैमन ने महात्मा ज्योतिबा फूले सर्कल से दंडवत परिक्रमा शुरू की। इस दौरान सूरेर निवासी रामावतार मीना एवं अन्य ने भी दंडवत परिक्रमा कर सहयोग किया। इससे पूर्व आवाज मंच के मुकेश एवं अन्य ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं मां सावित्रीबाई फुले के नारे लगाए। इसके पश्चात दंडवत परिक्रमा बस स्टैंड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा से ठेकड़ा हनुमान मंदिर पहुंची। रास्ते में प्रमुख लोगों ने केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ का हक है, केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में खुले, को लेकर उद्घोष किया। प्रमुख मार्ग में जैमन का लोगों ने माल्यार्पण एवं साफा बांध अभिनंदन किया। विदित रहे कि राजगढ़ क्षेत्र में आवंटित केंद्रीय विद्यालय को राजगढ़ से बाहर ले जाने के विरोध में राजगढ़ कस्बा 31 दिसंबर 2025 तक आठ दिन संपूर्ण बंद रहा था। 31 दिसंबर को राज्य सरकार के मंत्री संजय शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के आश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित किया था। आठ माह गुजर जाने के बाद भी इस दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने को लेकर राजगढ़ आवाज मंच के मुकेश जैमन ने रविवार 2 अगस्त को दंडवत परिक्रमा शुरू की। इससे पूर्व अग्रवाल धर्मशाला में करीब सात दिन पूर्व बैठक आयोजित कर केंद्रीय विद्यालय मामले को लेकर वक्ताओं ने विचार व्यक्त कर मामले को लेकर रणनीति निर्धारित की । इस अवसर पर कस्बे के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### कांवड़ियों की निःशुल्क सेवा

**शाहपुरा।** सावन मास में बीलवाड़ी की घाटी के पास शिव कावड़ सेवा संघ नवरंगपुरा के प्रमुख संयोजक गोपाल लाल मीणा के नेतृत्व में 20 सदस्यों की टीम रोजाना कांवड़ियों को निःशुल्क भोजन, चाय -पानी, नाशता, मेडिकल उपचार की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध करवाकर निः स्वार्थ भावना से सेवा कर रही है। संघ के प्रमुख गोपाल लाल मीणा ने बताया कि सावन माह में जहां एक ओर शिव भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ता है, वहीं दूसरी ओर नवरंगपुरा का शिव कावड़ सेवा संघ नवरंगपुरा विराटनगर जो कि पिछले 25 वर्षों से कांवड़ यात्रियों की सेवा में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। संघ द्वारा हर वर्ष सावन के पूरे एक महीने तक शिव कावड़ यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाती है। इतना ही नहीं, फाल्गुन माह में आयोजित होने वाले खाटूश्यामजी के प्रसिद्ध फागुन मेले में भी यह सेवा संघ पैदल यात्रियों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाता है। यात्रा के दौरान थके-हारे श्रद्धालुओं को विश्राम, भोजन और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं प्रदान कर संघ मानव सेवा की मिसाल पेश कर रहा है। इस सेवा कार्य में गोपाल लाल मीणा, राधेश्याम सैनी, कैलाश कुमावत, हंसराज गुर्जर, सीताराम, राजू चौधरी, जयराम गुर्जर, तेजपाल गुर्जर, देशराज सैनी सहित करीब 20 सदस्यों की टीम सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिव कावड़ सेवा संघ का यह सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और आने वाली पीढ़ियों को भी निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। जहां एक ओर शिव भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है।

### आगामी कल्याणजी लक्खी पदयात्रा व त्यौहारों के लिए बैठक आयोजित

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में आगामी कल्याणजी महाराज डिग्गी की लक्खी पदयात्रा, कांवड़ यात्रा एवं आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना डिग्गी पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी व वृताधिकारी आशीष कुमार प्रजापत एवं डिग्गी थानाधिकारी गोपाल चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएलजी सदस्य, युवा सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, श्री कल्याणजी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य, व्यापार मण्डल प्रतिनिधि, सरपंचगण तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य एवं मौजिज नागरिकों ने भी सहभागिता की। बैठक में आगामी 18 अगस्त से प्रारम्भ होने वाली कल्याणजी महाराज डिग्गी लक्खी पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सहायता, चिकित्सा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।

# नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**जिलाध्यक्ष एड. सूबेसिंह मोरोड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

**कोटपूतली।** मेघवाल विकास समिति ब्लॉक बानसूर की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघवाल विकास समिति जिलाध्यक्ष एड. सूबेसिंह मोरोड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मेघवाल विकास समिति अलवर के जिलाध्यक्ष मिर्चुराम सांवरिया व जिला कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोठवाल भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई गई, जिनमें अध्यक्ष कैप्टन अरविन्द कुमार, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार डुमोलिया एवं ताराचंद, महासचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष चेतराम आर्य, सचिव दयानंद आर्य, राजकुमार व सुनील ठेकेदार, संगठन मंत्री रामसिंह बाबरिया, भूपसिंह घिलोटिया व अशोक काजीपुरा, संगठन सचिव बाबूलाल मेहरा मांची व हरिसिंह छिपारी, प्रचार मंत्री सूरजभान नारोल व मानसिंह खलील वाली, ऑडिटर कैलाश चंद धीरपुर, विधि सलाहकार एड. शशि नाहर रतनपुरा, प्रवक्ता कैलाश चंद रंगा श्यामपुरा व अशोक कुमार खेड़ा, राधेश्याम नैनावत संरक्षक, बस्तीराम व जगदीश नैनावत सह-संरक्षक एवं इनके साथ मुकेश कुमार नैनावत, सुरेश कुमार, रोहिताष्व, धर्मचंद, कैलाश, बिल्लु, माड़ाराम, राजेश कुमार, झम्मन, रुड़ाराम, जयप्रकाश, महावीर व सोहन लाल सहित समाज के अन्य गणमान्य लोगों को भी पद की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सूबेसिंह मोरोड़िया के आव्हान पर बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन अरविन्द कुमार ने मेघवाल समाज ब्लॉक बानसूर की तरफ से कोटपूतली-बहरोड़ में निर्माणाधीन मेघवाल महिला छात्रावास में एक कमरे का निर्माण करवाने की घोषणा की। समाज के प्रबुद्धजनों ने सामाजिक उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक बुराईयों व कुरीतियों को दूर करने पर विस्तार से चर्चा की तथा युवाओं को शिक्षा व संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# खेल जगत



यह तो बस शुरुआत है और मेहनत करती रहो। मुझे तुम पर गर्व है। मुझे तन्वी शर्मा पर बेहद गर्व है। मैं कई वर्षों से कहती आ रही हूं कि तन्वी में एक बेहद खास खिलाड़ी बनने के सभी गुण हैं।
-पीवी सिंधु

**बैडमिंटन ओलंपिक पदक विजेता, बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतने को लेकर बोलते हुए**

## आज का खिलाड़ी ▶ लवलीना बोरगोहेन



**कॉमनवेल्थ गेम्स** 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय बॉक्सिंग टीम के लिए ग्लासगो में एक सेलिब्रेशन डिनर रखा गया था। लेकिन इस खुशी के माहौल में उस समय विवाद हो गया, जब ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन की नजर रेस्टोरेंट के नैपकिन पर छपे भारत के नक्शे पर गई। लवलीना ने देखा कि नक्शे में भारत का नॉर्थ-ईस्ट हिस्सा नहीं दिखाया गया था। उन्होंने इस पर अपनी नाराजगी जताई और रेस्टोरेंट से इसे ठीक करने की अपील की। असम की रहने वाली लवलीना ने कहा कि रेस्टोरेंट के नैपकिन और बाहर लगे बोर्ड पर भी भारत का गलत नक्शा दिखाया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय मुक्केबाजों ने 7 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर नया इतिहास रचा।

# ग्लासगो में भारतीय बॉक्सरों की चमक, अंकुश-सचिन स्वर्ण विजेता, लवलीना को रजत







ग्लासगो, 02 अगस्त। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को अंकुश पंघाल और सचिन सिवाच ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के मुक्केबाजी अभियान को नई ऊंचाई दी, जबकि ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहाईं ने महिला 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। इन शानदार प्रदर्शनों की बदौलत भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।

**अंकुश पंघाल बने 80 किग्रा वर्ग के चैंपियन:** पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अंकुश पंघाल ने मेजबान इंग्लैंड के शिड्डू डिमेजी को 4-1 के स्प्लिट फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

पहले राउंड में कुछ जजों के स्कोरकार्ड पर पिछड़ने के बावजूद अंकुश ने दूसरे और तीसरे राउंड में शानदार वापसी की। आक्रामक पंच, सटीक काउंटर अटैक और बेहतरीन रिंग कंट्रोल के दम पर उन्होंने मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। तीन जजों ने उन्हें 29-26 से विजेता घोषित किया, जबकि अन्य दो जजों ने 28-27 का फैसला दिया, जिनमें एक अंकुश और एक इंग्लैंड के मुक्केबाज के पक्ष में था।

**सचिन सिवाच ने रोमांचक मुकाबले में जीता गोल्ड :** पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत के सचिन सिवाच ने नामीबिया के ट्रायअगेन मोर्नी नदेवेलो को बेहद करीबी मुकाबले में 3-2 के स्प्लिट निर्णय से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीनों राउंड में कांटे की टक्कर देखने को मिली। सचिन ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक पंच लगाकर जजों को प्रभावित किया। अंत में तीन जजों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला सुनाया, जबकि दो जजों ने नामीबियाई खिलाड़ी को बढ़त दी।

**लवलीना को मिला रजत पदक:** महिला 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की स्टार मुक्केबाज और टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहाईं को ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री के खिलाफ 4-1 के स्प्लिट फैसले से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना ने पूरे मुकाबले में शानदार संघर्ष किया और कई प्रभावी पंच भी लगाए, लेकिन जजों ने ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज की आक्रामकता और रिंग नियंत्रण को अधिक प्रभावी माना। इसके बावजूद लवलीना ने रजत पदक जीतकर भारत के पदक अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**मुक्केबाजी में भारत का दबदबा:** शनिवार को भारतीय मुक्केबाजों ने कुल नौ पदक जीते, जिनमें सात स्वर्ण और दो रजत शामिल रहे। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अंकुश पंघाल, सचिन सिवाच, अरुंधति चौधरी, प्रिया, साक्षी, प्रीति और जैस्मीन शामिल हैं, जबकि लवलीना बोरगोहाईं और जादूमणि सिंह ने रजत पदक हासिल किए।

इसके अलावा पुरुषों की एफ-57 शॉटपुट स्पर्धा में भारत ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया तथा जूडो में कांस्य पदक भी जीता। इन उपलब्धियों के दम पर भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है।

भारत के खाते में अब तक 35 पदक आ चुके हैं, जिनमें 11 स्वर्ण, 16 रजत और 8 कांस्य पदक शामिल हैं। मुक्केबाजी में अभी भी कई भारतीय खिलाड़ी फाइनल में पहुंच चुके हैं, जिससे पदकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।

# तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रचा



ताइपे (ताइवान), 02 अगस्त। भारत की 17 वर्षीय उभरती बैडमिंटन स्टार तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। रविवार को खेले गए फाइनल में तन्वी ने वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को सीधे गेमों में 21-16, 21-16 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम किया।

महज 36 मिनट तक चले मुकाबले में तन्वी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और अनुभवी वियतनामी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। पिछले साल यूएस ओपन सुपर-300 में उपविजेता रहीं तन्वी ने इस बार खिताब जीतकर साबित कर दिया कि वह भारतीय बैडमिंटन की अगली बड़ी स्टार बनने की राह पर हैं। उनके खेल में लगातार आक्रामकता और निरंतरता साफ दिखाई दी।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाएआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तन्वी की उपलब्धि की सराहना करते हुए लिखा, 17 साल की उम्र... रिकॉर्ड तोड़ने वाली... चैंपियन! तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन 2026 जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे युवा चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। साथ ही वह सुपर-300 खिताब जीतने वाली भारत की चौथी महिला एकल खिलाड़ी भी बन गई हैं।''

तन्वी ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन को 21-17, 21-11 से हराया था। तन्वी शर्मा की यह ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है और आने वाले वर्षों में उनसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

## ग्लासगो से लौटे भारतीय वेटलिफ्टर्स का भव्य स्वागत

# देश के लिए पदक जीतना गर्व की बात : मीराबाई चानू



नई दिल्ली, 02 अगस्त । ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाले भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर्स) खिलाड़ी रविवार को स्वदेश लौट आए। स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू समेत अन्य खिलाड़ियों का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में प्रशंसक पहले से मौजूद थे। जैसे ही खिलाड़ी बाहर आए, फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली मीराबाई चानू ने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि मैंने भारत के लिए पदक जीता है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं मणिपुर से हूं, इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपने देश के लिए कुछ करके दिखाया है।

मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसके साथ ही उन्होंने लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने की उपलब्धि भी हासिल की। महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि देश के लिए पदक जीतना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

# अरुंधति चौधरी को स्वर्ण पदक जीतने से बुखार भी नहीं रोक सका

## राजस्थान सरकार की बेरुखी से हैं आहत



नई दिल्ली, 02 अगस्त । राजस्थान की पहली मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को इस बात की निराशा है कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने कि ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बावजूद उन्हें अब तक राज्य सरकार की ओर से किसी तरह का प्रोत्साहन या शुभकामना संदेश नहीं मिला है। अरुंधति ने महिलाओं के 70 किग्रा वर्ग के फाइनल में इंग्लैंड की शेंटेले रीड को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके परिवार के त्याग और अपने राज्य के लिए इतिहास रचने की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए आने के बाद उन्हें पता चला कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला मुक्केबाज हैं।

राजस्थान में मुक्केबाजी के ढांचे पर निराशा जताते हुए उन्होंने कहा, ''राजस्थान में इस तरह के खेलों के लिए कोई खास सुविधा नहीं है। मुझे पदक जीते हुए काफी समय हो गया है, लेकिन अभी तक राज्य सरकार या खेल मंत्री की ओर से कोई शुभकामना या प्रोत्साहन नहीं मिला है।'' राजस्थान के कोटा जिले की इस खिलाड़ी ने कहा, ''वहां (राजस्थान) से जो खिलाड़ी आगे आ रहे हैं, वे अपने दम पर आ रहे हैं। कोटा में भी मुक्केबाजी के लिए कोई खास सुविधा नहीं है। जब मैं वहां जाती हूं तो क्रिकेट के मैदान में अभ्यास करना पड़ता है। इसी कारण मैं भारतीय सेना से जुड़ी और वहीं की सुविधाओं का उपयोग कर प्रशिक्षण ले रही हूं।'' अरुंधति को मुक्केबाज बनाने के सफर में परिवार का पूरा साथ मिला और इन खेलों में जब उनका मुकाबला शुरु होने से पहले से ही उनके पिता ने उपवास रखा जो उनके स्वर्ण पदक जीतने पर टूटा।

अरुंधति ने कहा, ''राष्ट्रमंडल खेलों में जब मैंने अपना पहला मुकाबला जीता था, तब मेरी बड़ी बहन ने बताया कि मेरे पिता मेरे स्वर्ण पदक जीतने के लिए उपवास रख रहे हैं। इसके बाद मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हो गई। मुझे अपने राज्य के लिए भी कुछ करना था। परिवार का मुझे पूरा सहयोग मिला।'' इस मुकाबले से पहले अरुंधति को तेज बुखार था लेकिन उन्होंने कहा कि इतने बड़े मंच पर खिलाड़ियों को अपने शरीर की परेशानियों को पीछे छोड़कर प्रदर्शन करना पड़ता है।

# युवराज सिंह के नाम और तस्वीर का अब नहीं होगा मिसयूज

नई दिल्ली, 02 अगस्त । दिल्ली उच्च न्यायालय ने क्रिकेटर युवराज सिंह के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए तीसरे पक्ष को उनके नाम, तस्वीर और अन्य पहचान संबंधी विशेषताओं का व्यावसायिक या निजी लाभ के लिए अनधिकृत उपयोग करने से रोक दिया है। इस रोक में उनके नाम पर वस्तुओं की बिक्री और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार सामग्री और 'डीपफेक' सामग्री का सृजन भी शामिल है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने क्रिकेटर की ओर से दायर याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि युवराज देश के सबसे सम्मानित, चर्चित और विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटरों में से एक हैं।

उन्होंने 17 वर्षों तक क्रिकेट के सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अदालत ने कहा कि उनके व्यक्तित्व और निजता के अधिकारों का उल्लंघन करने वालों से 'सख्ती से निपटा जाना चाहिए।' अदालत ने 29 जुलाई को पारित आदेश में 'युवराज सिंह' और 'युवी' नाम के साथ-साथ उनकी तस्वीर, आवाज, समानता और व्यक्तित्व से जुड़ी अन्य विशेषताओं के दुरुपयोग या अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगा दी।

# रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तानी लीजेंड्स को थमाई हार, 2 विकेट से दी शिकस्त

जाम्बिया, 02 अगस्त। जाम्बिया में खेली जा रही एशियन लीजेंड्स लीग में आज इंडियन रॉयल्स का सामना पाकिस्तान पैंथर्स हुआ। इस मुकाबले में भारतीय लीजेंड्स ने पाकिस्तान के दिग्गजों को दो विकेट से हार थमाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक ने 168 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने 2 विकेट शेष रहते हासिल किया।

शिखर धवन, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, दिनेश कार्तिक और अंबाती रायुडू जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा हैं। पाकिस्तान भी अपने पूर्व दिग्गजों के दम पर भारत से कड़ा मुकाबला करने उतरा थी, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पारी शुरू हुई। नमन ओझा 4 (4) बनाकर आउट हो गए हैं। उन्हें मोहम्मद इरफान ने आउट किया। इरफान की हाइट 7 फिट से अधिक है। अभिषेक भी आउट हो गए। उन्होंने आउट होने से पहले शानदार शॉट्र्स खेले और भारत को पहला विकेट गिरने के बाद अच्छी शुरुआत दी। उन्हें भी मोहम्मद इरफान ने ही आउट किया। भारत के चार विकेट जल्दी गिर गए। लेकिन उसके बाद ऋषि धवन और सारुल के ने पारी को संभाला।

हालांकि, इन दोनों के आउट होने के बाद भारत के विकेट जल्दी- जल्दी गिरे। चार विकेट बहुत जल्दी आउट हो गए। हालांकि, आखिरी बल्लेबाजों ने पारी को संभाला और आक्रामक शॉट्स लगाकर भारत को जीत दिलाए। भारत ने 14 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया।

# वैभव की दमदार शुरुआत



नई दिल्ली, 02 अगस्त । युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपने इंटरनेशनल करियर की शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए आईसीसी की ताजा टी 20 बैटिंग रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की हालिया 3-0 सीरीज जीत के दौरान सूर्यवंशी ने 50.33 की औसत से 151 रन बनाए और अपना पहला प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता। उनके इस शानदार प्रदर्शन का असर बुधवार को अपडेट हुई साप्ताहिक रैंकिंग पर भी दिखा। 15 साल के इस खिलाड़ी ने 230 स्थानों की छलांग लगाई और टी 20 बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में 48वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। इस रैंकिंग में उनके साथी खिलाड़ी ईशान किशन नंबर 1 पर हैं।

# जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी की हो सकती है भारतीय टीम में एंट्री





नई दिल्ली, 02 अगस्त । भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ होने वाले आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से गाले में दो मैचों की टेस्ट सीरीज होने वाली है। जिसके लिए हाल ही में बुमराह ने फिटनेस टेस्ट पास किया था लेकिन अब वह रिपोर्ट के मुताबिक सीरीज से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज को बाएं घुटने में समस्या है और बोर्ड उनको लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता है, इस वजह से उन्हें फुल रिकवर होने की सलाह दी गई है। हालांकि अभी तक इस लेकर बोर्ड की तरफ से आधिकारिक बयान नहीं आया है। जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट का भी ऐलान हो सकता है, जिसके लिए आकिब नबी का नाम सबसे आगे है।

**आकिब नबी डार को मिल सकता है मौका:** नंबर वन टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह के बाएं घुटने में दर्द है और इस वजह से उन्हें आराम करने और रिकवर करने की सलाह दी गई है। बुमराह ने भारत के लिए पिछली बार नवंबर 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला खेला था। उनके नहीं होने से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण थोड़ी कमजोर नजर आएगी।

# 26 साल बाद पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में धूल चटाना चाहेगा वेस्टइंडीज, आज से शुरू दूसरा टेस्ट



नई दिल्ली, 02 अगस्त । पाकिस्तान वर्सेस वेस्टइंडीज दो मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज यानी रविवार, 2 अगस्त से पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में खेला जाना है। इस मैच को अपने नाम कर मेजबान टीम की नजरें पाकिस्तान को 2-0 से धूल चटाने पर होगी। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट 90 रनों के अंतर से जीता था। वेस्टइंडीज अगर दूसरा टेस्ट भी जीतने में कामयाब रहता है या फिर यह टेस्ट ड्रॉ भी रहता है तो वह पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज अपने नाम कर लेगा। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज 26 साल पहले 2000 में जीती थी। इसके बाद चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा, वहीं इतनी ही बार सीरीज ड्रॉ रही।

**2000 में भी मुश्किल से जीता था वेस्टइंडीज:** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 2000 में तीन मैच की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। सीरीज के पहले दो मुकाबले ड्रॉ होने के बाद आखिरी मुकाबले में दोनों टीमों की नजरें सीरीज को अपने नाम करने पर थी।

पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए मोहम्मद यूसुफ के शतक के दम पर 269 रन बोर्ड पर लगाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 4 रन की लीड हासिल करने में कामयाब रही थी। उनकी पहली पारी 273 रनों पर सिमटी थी। शिवनरेन चंद्रपॉल ने 89 रनों की सर्वाधिक पारी खेली थी, वहीं वसीम अकरम ने 6 विकेट चटकाए थे।

पाकिस्तान की दूसरी पारी 219 रनों पर ही सिमट गई थी। वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 216 रनों का टारगेट था। इस स्कोर का पीछा करते हुए मेजबान टीम 197 के स्कोर पर 9 विकेट खो चुकी थी। पाकिस्तान की जीत के आड़े जिमी एडम्स अटके हुए थे। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए 19 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मात्र 1 विकेट से यह मैच जिताया। जिमी एडम्स ने 212 गेंदों का सामना करते हुए 48 रनों की नाबाद पारी खेली। वसीम अकरम ने इस पारी में भी पंजा खोला था। पाकिस्तान जरूर यह मैच हारा था, मगर वसीम अकरम को उनके लाजवाब परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया था।

# अभिषेक शर्मा ने ठोका दोहरा शतक, टीम ने 50 ओवर में बना दिए 533 रन



नई दिल्ली, 02 अगस्त । भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को पंजाब स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर वन डे लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट 2026-27 में अमृतसर सीनियर की ओर से खेलते हुए धमाकेदार बैटिंग की। उन्होंने तरन तारन के खिलाफ मुकाबले में 91 गेंदों में 233 रन की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 15 चौके और 25 छक्के लगाए। उनकी इस ताबड़तोड़ पारी की बदौलत टीम ने 500 से अधिक रन का स्कोर बनाया। उन्होंने स्टेडियम के चारों तरफ चौकों छक्कों की बरसात की।

**अभिषेक शर्मा ने बनाए 233 रन :** अमृतसर सीनियर के लिए पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने 256 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने अभय चौधरी के साथ पहले विकेट के लिए 305 रन जोड़े। जिन्होंने 85 गेंद में 93 रन की पारी खेली। अमृतसर को पहला विकेट अभिषेक के रूप में लगा, लेकिन जब तक वह आउट टीम को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया था। उन्हें 25वें ओवर की चौथी गेंद पर अशीष ने आउट किया। अभिषेक के दोहरे शतक के बदौलत अमृतसर ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 533 रन बनाए। उन्होंने 91 गेंद में 15 चौके और 25 छक्के की मदद से 233 रन बनाए। अभिषेक शर्मा के अलावा सलील अरोरा भी अमृतसर की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे, जोकि आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हैं। उन्होंने 18 गेंद में 29 रन बनाए। अभिषेक शर्मा भारतीय टीम टीम के अहम सदस्य हैं। हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने सीरीज में 1,8 और दो रन बनाए। जिसके कारण उनकी आलोचना भी हुई थी और कईयों का मानना था कि वैभव सूर्यवंशी के आने और बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद अब अभिषेक की जगह खतरे में हैं।

## राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

# धौलपुर ने पाली को 4-0 से हराया



जयपुर, 02 अगस्त । धौलपुर में राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को धौलपुर में तसीमों स्थित फुटबॉल मैदान पर शुरू हुई। इसका आयोजन जिला फुटबॉल संघ, धौलपुर की ओर से किया जा रहा है। उद्घाटन पहले मुकाबले में मेजबान धौलपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाली को 4-0 से हराया। वहीं, दूसरे मैच में गंगानगर ने सीकर को भी 4-0 से मात दी तीसरे मैच में, अजमेर ने जोधपुर को 2-0 से हराया और चौथा और लास्ट मैच, झुंझुनू और उदयपुर के बीच हुआ जिसमे दोनों टीमें बराबर ही ट्राइबेकर में उदयपुर ने झुंझुनू को 3-1 से हराया

नगर परिषद धौलपुर की पूर्व सभापति खुशबू सिंह मुख्य अतिथि और राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत उपस्थित थे सभापति ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि धौलपुर की बेटियां फुटबॉल में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आ ान किया।

राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि धौलपुर फुटबॉल के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि यहां के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। शेखावत ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला फुटबॉल संघ की सराहना की।

समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ के पर्यवेक्षक रफीक सिंधी, करौली फुटबॉल संघ के सचिव आसिफ, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान, सचिव संदीप राना, नागौर सचिव फ़रहत अली, गंगानगर सचिव मदन लाल ओर कोच असलम खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# 13 महीने बाद टेस्ट में वापसी के लिए तैयार हैं जोश हेजलवुड

नई दिल्ली, 02 अगस्त । 13 महीने बाद जोश हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं और एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि के करीब हैं। उन्हें 300 टेस्ट विकेट पूरे करने के लिए केवल पांच और विकेटों की आवश्यकता है। केवल पांच ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने यह उपलब्धि हासिल की है, लेकिन हेजलवुड का कहना है कि उनका पूरा ध्यान ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के साथ और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने पर केंद्रित है।

**दक्षिण अफ्रीका को हराना मेन लक्ष्य, भारत पर भी नजर:** हेज़लवुड ने कहा कि यह समूह काफी लंबे समय से एक साथ है। वैसे भी इसका अधिकांश हिस्सा और बड़ी श्रृंखलाएं जाहिर तौर पर इंग्लैंड और भारत के खिलाफ हैं। उन्होंने आगे कहा- ''मैंने दक्षिण अफ्रीका में भी जीत हासिल नहीं की है, इसलिए अभी तीन और मुकाबले आने वाले हैं। न केवल मेरे लिए, बल्कि इस पूरे खिलाड़ियों के ग्रुप के लिए भी वहां कुछ लक्ष्य पूरे करने हैं।''

# भारतीय खेल प्राधिकरण एवं सहयोग पब्लिक स्कूल द्वारा ''संडे ऑन साइकिल'' का आयोजन



जयपुर। 02 अगस्त। भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केंद्र, जयपुर द्वारा सहयोग पब्लिक स्कूल के सहयोग से दिनांक 02 अगस्त 2026 को विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में ''संडे ऑन साइकिल'' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, फिटनेस प्रेमियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन ''नशा मुक्त भारत अभियान'' की थीम पर किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें खेल एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र से हुई, जिसके पश्चात नृत्य, फिटनेस ड्रिल, मनोरंजक खेल तथा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लगभग 4 से 5 किलोमीटर की साइकिल रैली रही, जिसमें प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर सामूहिक रूप से साइकिल चलाकर फिट इंडिया, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्त भारत का संदेश आमजन तक पहुँचाया। इस रैली ने लोगों को नियमित साइकिलिंग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया।

# खाद्य सुरक्षा योजना में एक करोड़ पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने राजसमंद में 491 करोड़ रूपए की 347 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राजसमंद, 02 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजसमंद के भिक्षु निलयम में आयोजित समारोह में 491 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 347 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनमें 369 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 266 कार्यों का लोकार्पण तथा 122 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 81 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं से श्रीनाथजी की आस्था एवं महाराणा प्रताप के शौर्य धरा पर विकास गाथा में एक नया अध्याय जुडेगा।

इस अवसर पर कुंभलगढ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनी देवी, पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह राठौड सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण एवं दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान दे रही है।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजसमंद के भिक्षु निलयम में आयोजित समारोह में 491 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 347 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रॉनिक मोटराइज़्ड ट्राई साइकिल वितरित कीं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करते हुए शिक्षा से लेकर रोजगार की राह प्रशस्त की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आरोग्य योजना से स्वस्थ राजस्थान का संकल्प साकार हो रहा है। मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी सुविधा के लिए 4 लाख 82 हजार से अधिक कूपन जारी किए गए हैं। जरूरतमंदों को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा योजना में 1 करोड पात्र व्यक्तियों के नए नाम जोड़े हैं।

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजसमंद के भिक्षु निलयम में आयोजित समारोह में विशेष योग्यजनों को इलैक्ट्रॉनिक मोटराइज़्ड ट्राई साइकिल, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ के चैक, 167 स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज के चैक दिए।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रॉनिक मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ के चेक राजीविका 167 स्वयं सहायता समूहों को 7.90 करोड रुपये के क्रेडिट लिंकेज के चेक एवं कोविड-19 में अनाथ आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये।

# गोवा में कांग्रेस ने चुनावी गठबंधन पर वार्ता शुरु की

पणजी, 02 अगस्त। गोवा में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों, कांग्रेस और 'गोवा फॉरवर्ड पार्टी' (जीएफपी) ने गठबंधन को लेकर शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) ने भी विपक्षी एकजुटता के तहत साथ आने के संकेत दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, बातचीत में गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडणकर ने रविवार को बताया कि उन्होंने गठबंधन बनाने को लेकर गोवा फॉरवर्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई के साथ चर्चा की है।

चोडणकर ने कहा कि शनिवार को हुई बातचीत केवल शुरुआती दौर की थी और पुराने गठबंधन को दोबारा आगे बढ़ाने पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान, आम आदमी पार्टी की गोवा इकाई के अध्यक्ष वाल्मीकि नायक ने भी शनिवार को समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन पर निर्णय लेने के लिए गठित पार्टी समिति के साथ बैठक की।

# हरमाड़ा पुलिस ने सरकारी भूमि पर उगाया 40 किलो गांजा जब्त किया

जयपुर, 02 अगस्त। हरमाड़ा पुलिस ने ग्राम बिचपड़ी में खाली आबादी भूमि पर उगाई जा रही अवैध गांजे की फसल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 48 हरे-गीले गांजे के पौधे जब्त किए, जिनका शुद्ध वजन 40 किलो 384 ग्राम निकला। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता, सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अंजू यादव तथा हरमाड़ा थानाधिकारी नरेन्द्र भड़ाना के निर्देशन में गठित विशेष टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बिचपडी स्थित जगदीश मंदिर के पास खाली पड़ी आबादी भूमि पर संदिग्ध पौधे उगाए गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि सभी 48 पौधे गांजे के हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन खेती करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। राजस्व रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि उक्त जमीन गांव की सार्वजनिक खाली आबादी भूमि है। इसके बाद पुलिस ने सभी पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया।

■ **अभी तक खेती करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।**

प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की खेती किसी सुनियोजित नेटवर्क द्वारा अवैध तस्करी और क्षेत्र में नशे का जाल फैलाने के उद्देश्य से की जा रही थी।

# 'जंतर मंतर के प्रदर्शनकारियों ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

छोटा मुद्दा है और रुचिका का बयान एक बड़ी समस्या है।"

उन्होंने कहा, "हम आज भी जवाब मांग रहे हैं। 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों पर पैलैट गन क्यों चलाई गई? सुरक्षा बलों को पैलैट गन क्यों दी गई? कीलों से जड़ी लाठियां क्यों इस्तेमाल की गईं, जिनसे प्रदर्शनकारी घायल हुए?"

नेहा ने यह भी सवाल उठाया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नेताओं द्वारा कही गई अपमानजनक बातों की उसी तरह जांच क्यों नहीं हुई।उन्होंने कहा, "जब आपके लोग संसद से अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं और जब आरएसएस का कोई विचारक कहता है कि "जंतर मंतर पर रेप पसंद करने वाली महिलाएं प्रदर्शन कर रही थीं, तब क्या वह आपको अभद्र नहीं लगता?"

नेहा ने आरोप लगाया कि विवाद के बाद उन्हें और रुचिका सिंह को सोशल मीडिया पर कई बलात्कार की धमकियां मिलीं।

उन्होंने कहा, "यह दमन महिलाओं को निशाना बनाकर किया जा रहा है। रुचिका के खिलाफ छह एफआईआर दर्ज की गई हैं, उन्हें बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं। प्रदर्शनकारियों पर की गई इस कार्रवाई में जैंडर का पहलू साफ नज़र आता है।"

उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदर्शनकारियों के आंदोलन को कमजोर करने के लिए उन्हें जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, "समाज में पहले से मौजूद जाति, धर्म और जैंडर के विभाजन को अब दमन की प्रक्रिया में भी इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि आंदोलन की एकता को तोड़ा जा सके।"

यह कहते हुए कि आंदोलन का मकसद हर प्रदर्शनकारी की हर बात को सही ठहराना नहीं है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें पूरे आंदोलन को सिर्फ भाषा पर बहस तक सीमित करने की कोशिश पर आपत्ति है।

उन्होंने कहा, "देश के सामने मुद्दा यह नहीं है कि किसी ने कोई बुरा शब्द बोला या नहीं। असली मुद्दा यह है कि क्या शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे आम नागरिकों पर पैलैट गन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया जा सकता है। लोगों के लिए यही बात परेशान करने वाली होना चाहिए।"

जहां पेपर लीक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि 20 जुलाई को शांतिपूर्ण संसद मार्च के दौरान पुलिस ने उन पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया और पैलैट गन का इस्तेमाल किया, वहीं दिल्ली पुलिस ने इन आरोपों से इनकार किया है। केंद्र सरकार का कहना है कि सुरक्षा बलों ने कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की

इस सप्ताह की शुरुआत में रुचिका सिंह के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें नोएडा में दर्ज की गई एक ज़ीरो एफआईआर भी शामिल है, जिसे जांच के लिए दिल्ली पुलिस को भेज दिया गया है। नेहा ने कहा कि युवाओं को डराने और उन्हें भयभीत करने के लिए एफआईआर दर्ज की जा रही हैं।

ये मामले भारतीय न्याय संहिता की उन धाराओं के तहत दर्ज किए गए हैं जो जानबूझकर अपमान करने, लोक शांति भंग करने वाले बयान देने और मानहानि से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, "पूरी जिम्मेदारी अमित शाह की है। पूरी जिम्मेदारी पुलिस आयुक्त की है। अगर किसी को इस्तीफा देना चाहिए या हटाया जाना चाहिए तो यही दो लोग हैं। किसी छोटे अधिकारी को निलंबित कर देना हमारे लिए पर्याप्त नहीं है।"20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पैलैट गन और जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग के आरोपों पर सवाल उठाते हुए सीपीआई (एमएल) लिबरेशन से संबद्ध वामपंथी छात्र संगठन की प्रमुख ने कहा कि सरकार यह बताने में विफल रही कि सुरक्षा बलों को पैलैट गन और "कीलों से जड़ी लाठियां" क्यों दी गईं। उन्होंने कहा, "हम आज भी जवाब मांग रहे हैं। 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों पर पैलैट गन क्यों चलाई गई? सुरक्षा बलों को पैलैट गन क्यों दी गई? कीलों से जड़ी लाठियां क्यों इस्तेमाल की गईं, जिनसे प्रदर्शनकारी घायल हुए?"

नेहा बोरा ने कहा कि चाहे यह कथित कार्रवाई किसी मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुई हो या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, इसकी राजनीतिक जिम्मेदारी आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्री की ही बनती है। उन्होंने कहा, "अगर यह मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुआ, तो आप किस तरह के गृह मंत्री हैं? और अगर यह आपके आदेश पर हुआ, तो आप कैसा आपराधिक शासन चला रहे हैं, जहां आम नागरिकों पर पैलैट गन चलाई जा सकती हैं?"

बोरा ने कहा कि पुलिस की कथित कार्रवाई के बाद आंदोलन का स्वरूप पूरी तरह बदल गया। अब यह केवल पेपर लीक का आंदोलन नहीं रहा, बल्कि सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ किए गए व्यवहार के खिलाफ एक बड़ा राजनीतिक अभियान बन गया।

ए.आई.एस.ए. की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, "हर दिन बहुत बड़ी संख्या में लोग हमारे पास आते थे और कहते थे कि वे अब तक भाजपा सरकार को वोट देते रहे हैं, लेकिन आज उनके वोट की वजह से ही हमें भूख हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है। वो लोग कह रहे थे कि उनके वोट की वजह से छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और अब उन्हें बहुत शर्म आ रही है।"उन्होंने कहा, "यह आंदोलन अब केवल धर्मेंद्र प्रधान के बारे में नहीं है। यह इस बात के बारे में है कि क्या सरकार देश के आम नागरिकों के साथ इतनी बर्बरता कर सकती है।" उन्होंने दावा किया कि छात्रों और युवाओं के भीतर पैदा हुई विश्वासघात की भावना अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और दिल्ली पुलिस आयुक्त की ओर केंद्रित हो गई है। उन्होंने दोहराया कि अमित शाह के इस्तीफे की मांग और आंदोलन के दौरान या उसके बाद हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग, दोनों एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

# हमने हमला ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है और ना ही होर्मुज़ पर उनके देश का स्टैंड बदला है। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी वार्ताकारों के करीबी सूत्रों का हवाला देते हुए रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जब तक अमेरिका उनकी जमीन पर हमले जारी रखेगा, तब तक तेहरान रणनीतिक जलमार्ग होर्मुज़ स्ट्रेट को नहीं खोलेगा। अमेरिका होर्मुज़ जलडमरूमध्य को खुलवाना चाहता है तो उसे सैन्य हमले रोकने होंगे। दोनों देशों की ओर से ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब बीते दिनों में क्षेत्र में शांति की किरण दिखी है।ईरान में अमेरिका कीकरीब दो हफ्ते से जारी बमबारी के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को ईरान पर हमले रोकने का ऐलान किया है। इसके बाद से अमेरिका या ईरान की ओर से किसी नए हमले की खबर नहीं मिली है।

# जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में बादल फटने से बाढ़ आई

श्रीनगर, 02 अगस्त। मध्य कश्मीर के गांदरबल ज़िले के सफापोरा इलाके में रविवार को बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई जिससे घर, दुकानें, बाग और सड़कें पानी में डूब गईं और भारी अव्यवस्था फैल गई।

जानकारी के अनुसार पानी का अचानक बहाव कई घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घुस गया जिससे घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा और इलाके में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। कई बाग भी पानी में डूब गए जिससे बागवानों को अपनी फसलों के भारी नुकसान की आशंका है।

अचानक आई बाढ़ के कारण कई सड़कें और अंदरूनी गलियां जलमग्न हो गईं जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार दिन की शुरुआत में हुई भारी बारिश और ऊपरी इलाकों में बादल फटने जैसी घटना के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए जिससे स्थानीय नालों और जल निकासी चैनलों में पानी का स्तर तेज़ी से बढ़ गया।

■ **घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बाग, सड़कें पानी में डूबी, फसलों को भारी नुकसान।**

अधिकारियों ने बताया कि सफापोरा में अचानक आई बाढ़ के कारण पानी का स्तर तेज़ी से बढ़ गया जिससे कई घर डूब गए और लोगों में दहशत फैल गई। इस अचानक आई बाढ़ ने कई रिहायशी इलाकों को प्रभावित किया। घरों में पानी घुसने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आई बाढ़ कई आवासीय घरों में घुस गई और क्षेत्र में खड़ी फसलों के अलावा बड़े कृषि क्षेत्रों को भी नुकसान पहुंचाया। सफापोरा की यह घटना जम्मू और कश्मीर में सक्रिय मानसून के व्यापक दौर के बीच हुई है।

# अमरनाथ यात्रा फिर शुरु

जम्मू, 02 अगस्त। भारी बारिश के कारण रोकी गई अमरनाथ यात्रा मौसम में सुधार होने के बाद जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रविवार को फिलहाल बहाल कर दी गई है बारिश और मलबा जमा होने के कारण बंद हुए 250 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) को मरम्मत के बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है।

यात्रियों का नया जत्था कड़े सुरक्षा पहरे और एस्कॉर्ट गाड़ियों के साथ बेस कैंप से रवाना किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने पंजीकरण और टोकन वितरण से जुड़ी ऑफलाइन सेवाएं भगवती नगर बेस कैंप में स्थानांतरित कर दी हैं।

इससे पहले भूस्खलन प्रभावित हिस्सों की मरम्मत के लिए उधमपुर और बनिहाल के बीच एनएच-44 को बंद करने के बाद शनिवार को तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। मरम्मत के बाद शनिवार शाम हाइवे को फिर से खोल दिया गया।

# आरटीआई कार्यकर्ता ने अभिजीत दीपके के खिलाफ शिकायतें कीं

नई दिल्ली, 02 अगस्त। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके एक बार फिर विवादों में हैं। गुजरात के सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने उनके परिवार की संपत्ति, पार्टी की फंडिंग और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर तीन अलग-अलग सरकारी एजेंसियों से शिकायत की है। तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

अमित तिवारी का कहना है कि अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर कार्यरत थे। उनका दावा है कि इस पद पर औसतन 60 से 65 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी आय में परिवार ने अपने बच्चों को अमेरिका जैसे महंगे देश में पढ़ाई के लिए कैसे भेजा। तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार से मांग की है कि भगवानराव दीपके और उनके परिवार की आय और संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

■ **सूरत के कार्यकर्ता अमित तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग तथा सीबीआईसी से कार्यवाही की मांग की।**

अमित तिवारी ने चुनाव आयोग को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि कॉकरोच जनता पार्टी खुद को राजनीतिक संगठन के रूप में पेश कर रही है और लोगों से चंदा भी जुटा रही है।

तिवारी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि यह जांच की जाए कि क्या सीजेपी बिना पंजीकरण के राजनीतिक गतिविधियां चला रही है और यदि ऐसा है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

# कर्नाटक में मंत्रिमंडल का विस्तार आज, 18 को मंत्री पद मिलेगा

बेंगलुरु/नई दिल्ली, 02 अगस्त। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का लंबे समय से इंतजार अब खत्म होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार यानि 3 अगस्त को किया जा सकता है। इससे पहले नई दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व ने अंतिम दौर की बैठक कर नए मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया है। पिछले सप्ताह से नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल, कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच लगातार बैठकें हुईं। इन बैठकों में क्षेत्रीय, जातीय, सामुदायिक और लैंगिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए मंत्रियों के नामों पर चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक, इस विस्तार में करीब 18 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। मुस्लिम समुदाय, महिलाओं, अंहिदा वर्ग और युवा विधायकों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने पर विशेष जोर है। साथ ही डी के शिवकुमार और सिद्धारमैया समर्थक विधायकों के बीच भी संतुलन साधने की कोशिश की जा रही है। बैठकों में नए नामों में रिजवान अर्शद, कनीज फातिमा और तनवीर सैत जैसे नेताओं के नामों पर चर्चा हुई। वहीं डी के शिवकुमार लक्ष्मी हेब्बालकर को मंत्रिमंडल में शामिल कराने के पक्ष में बताए जा रहे हैं। इसके अलावा बी जेड जमीर और शरथ बाचे गौड़ा जैसे नामों पर भी विचार हुआ। इसी सप्ताह कर्नाटक भवन में सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार की अलग से बैठक हुई थी, जिसके बाद दोनों नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी के हरिप्रसाद के साथ खड़गे के आवास पर पार्टी नेतृत्व से चर्चा की थी।

■ **मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की खड़गे, राहुल गांधी, वेणुगोपाल, सुरजेवाला व सिद्धारमैया से मुलाकात के बाद नाम फाइनल हुए**

# हनीट्रैप में फंसाकर सीकर के कारोबारी से 1 करोड़ रू. मांगे

## पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग और अपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया

जयपुर, 02 अगस्त। राजधानी जयपुर में हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीकर निवासी 60 वर्षीय कारोबारी ने एक महिला, उसके पति और एक सहयोगी पर हनीट्रैप में फंसाकर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर जयपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग और आपराधिक साजिश सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित कारोबारी फाइनेंस का व्यवसाय करते हैं। वर्ष 2025 में उनकी मुलाकात एक परिचित के माध्यम से आरोपी महिला और उसके पति से हुई थी। महिला ने स्वयं को विदेश में नौकरी दिलाने वाली फर्म संचालित करने वाली बताया। सितंबर 2025 में उसने विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लिए गए पैसे खर्च हो जाने और अपने खिलाफ दर्ज मामले का हवाला देकर कारोबारी से आर्थिक मदद मांगी। उसने संपत्ति गिरवी रखकर ऋण लेने का भरोसा दिलाया, जिस पर कारोबारी ने अक्टूबर 2025 में 6.50 लाख रुपये दिए। इसके बदले महिला ने उन्हें एक चेक सौंपा। शिकायत के अनुसार अप्रैल 2026 में महिला ने कारोबारी को यह कहकर होटल बुलाया कि फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधि आने वाले हैं और उनकी गारंटी से उसका ऋण स्वीकृत हो जाएगा। चौबीस अप्रैल को होटल पहुंचने पर महिला ने अपने कार्ड से भुगतान नहीं होने का बहाना बनाकर कारोबारी के क्रेडिट कार्ड से बिल जमा कराया। आरोप है कि महिला उन्हें कमरे में ले गई, जहां उसने शराब पिलाई। कारोबारी का आरोप है कि नशे की हालत में महिला ने उनके साथ आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं और बाद में इन्हीं तस्वीरों के आधार पर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शुरुआत में महिला ने 1 लाख रुपये मांगे, पैसे नहीं देने पर तस्वीरें परिवार और बेटे को भेजने की धमकी दी। इसके बाद जून 2026 में महिला ने कारोबारी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया। कारोबारी का आरोप है कि महिला के एक परिचित ने फोन और व्हाट्सएप के जरिए संदेश भेजकर कहा कि गिरफ्तारी से बचना है तो 1 करोड़ रुपये देकर समझौता करना होगा। जब कारोबारी ने पहले दिए गए 6.50 लाख रुपये लौटाने की बात कही तो आरोपियों ने कथित रूप से रकम भूल जाने और नया भुगतान करने का दबाव बनाया।

■ **आरोप है कि महिला ने होटल में बुलाकर, शराब पिलाकर, आपत्तिजनक तस्वीरें खींचकर ब्लैकमेलिंग शुरु की**

# बारामूला में आतंकी सहयोगी पकड़ा गया

बारामूला, 02 अगस्त। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में रविवार को सुरक्षाबलों ने ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू अर्थात आतंकी सहयोगी ) को दबोच लिया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि नरवाव के जंडफरान-गोरीवान क्रॉसिंग पर 46 राष्ट्रीय राइफल्स, पुलिस एसओजी, 53 बटालियन सीआरपीएफ और 112 बटालियन बीएसएफ के जवानों ने संयुक्त नाका लगाया था।गोरीवान की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति ने नाका देखकर भागने की कोशिश की, जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर सुरक्षाबलों को उसके पास से एक कैमोफ्लाज़्ड एमपी-5 टाइप पिस्तौल, 10 ज़िंदा 9एमएम कारतूस वाली एक मैगज़ीन, एक मोबाइल फोन और एक काला बैकपैक मिला।

# शेख हसीना ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

घटना शेख हसीना के 15 साल के शासन के खत्म होने की दूसरी बरसी के मौके पर हो रही है, जब 5 अगस्त 2024 को विवादित कोटा सिस्टम के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन एक देशव्यापी सरकार-विरोधी आंदोलन में बदल गया था।

# भारत के क्लीन एनर्जी उत्पादन ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कचरे के प्रबंधन पर भी बना रहेगा।

परमाणु बिजलीघरों के सामान्य संचालन और रखरखाव के दौरान रेडियोधर्मी कचरा पैदा होता है।

इसमें इस्तेमाल किए गए फिल्टर, सुरक्षा कपड़े, औजार, उपकरण और वो अन्य सामग्री शामिल होती हैं जो रेडियोधर्मी पदार्थों के संपर्क में आई हों।

जब किसी परमाणु रिएक्टर की आयु पूरी हो जाती है और उसे हटाया जाता है, जिसे डीकमीशनिंग कहते हैं, तब भी रेडियोएक्टिव कचरा पैदा होता है।एक आम गलतफहमी यह है कि सारे रेडियोएक्टिव कचरे में समान स्तर की रेडियोएक्टिविटी होती है।

वास्तव में, अलग-अलग प्रकार के कचरे में रेडियोएक्टिविटी का स्तर अलग-अलग होता है। इसलिए उनके रखरखाव, उपचार और निपटान के तरीके भी अलग होते हैं। जिन पदार्थों में अधिक रेडियो एक्टिविटी होती है, उनके लिए अधिक कड़े नियम और लंबे समय तक निगरानी की आवश्यकता होती है।

संसद में दिए गए जवाब के अनुसार, परमाणु बिजलीघरों से निकलने वाला रेडियोएक्टिव कचरा मुख्य रूप से तीन प्रकार का होता है- गैस, लिक्विड और सॉलिड। स्वाभाविक रूप से, इन तीनों का निपटान अलग-अलग तरीके से किया जाता है।

भारत रेडियोधर्मी कचरे का प्रबंधन कैसे करता है?

सरकार ने कहा कि रेडियोएक्टिव कचरा बनने के तुरंत बाद उसका निपटान नहीं किया जाता है।

पहले उसके भौतिक स्वरूप और उसमें मौजूद रेडियो एक्टिविटी के स्तर के अनुसार उसका ट्रीटमैंट किया जाता है। उसके बाद ही उसके निपटान पर विचार किया जाता है।

गैस वाले कचरे को, रैगुलेटरी सीमाओं के अनुसार, छोड़ने से पहले स्रोत पर ही ट्रीट किया जाता है। जबकि, तरल कचरे को उसकी विशेषताओं के आधार पर, स्थापित शुद्धिकरण विधियों का उपयोग करके ट्रीट किया जाता है। ठोस कचरे को अलग-अलग किया जाता है और उसका आकार कम करने के बाद उसका निपटान किया जाता है।

संसद में दिए गए जवाब में यह भी कहा गया कि सरकार की नीति के अनुसार, किसी भी प्रकार का रेडियोएक्टिव कचरा तब तक पर्यावरण में नहीं छोड़ा जाता, जब तक उसे रैगुलेटरी कंट्रोल से मंजूरी न मिल जाए, या उसे नियमों से छूट न दी जाए अथवा उसे रैगुलेटरी कंट्रोल से बाहर न माना जाए।

रेडियोएक्टिव कचरा पैदा करने वाली हर इकाई को एईआरबी से अनुमति लेनी होती है। यह अनुमति तय करती है कि कितनी मात्रा में रेडियोएक्टिव पदार्थ छोड़ा जा सकता है और किस स्वीकृत तरीके से उसका निपटान किया जाएगा।

ठोस रेडियोएक्टिव कचरे का निपटान विशेष रूप से बनाई गई सुविधाओं में किया जाता है, जैसे पत्थर की लाइनिंग वाली खाइयाँ, रीइन्फोर्स्ड कंक्रीट की खाइयाँ और टाइल वाले गड्ढे। ये सभी एक्सैस कंट्रोल्ड क्षेत्रों में होते हैं।

इन संरचनाओं में बहु-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें कई प्राकृतिक और कृत्रिम सुरक्षा परतें होती हैं। इनका उद्देश्य रेडियोएक्टिव पदार्थ को आसपास के वातावरण में फैलने से रोकना है।

इसके अलावा, इन निपटान स्थलों की लगातार निगरानी की जाती है। इसमें आसपास बने बोर-वैल की निगरानी भी शामिल है।

तथापि, भारत अब उस समस्या का सामना करना शुरू कर रहा है, जिसका सामना कई अन्य देश लंबे समय से कर रहे हैं।

अलग-अलग देश अपने परमाणु कार्यक्रम के आकार, वे किस प्रकार के फ्यूल चक्र का पालन करते हैं, और अपनी दीर्घकालिक कचरा प्रबंधन नीतियों के आधार पर रेडियोधर्मी कचरे का अलग-अलग तरीके से प्रबंधन करते हैं।

भारत, अमेरिका और फिनलैंड, तीनों ही कड़े नियमों और कई सुरक्षा परतों पर भरोसा करते हैं, लेकिन इस्तेमाल किए जा चुके परमाणु ईंधन के प्रबंधन के मामले में इनकी नीतियां अलग हैं। इस्तेमाल हो चुका परमाणु ईंधन अत्यधिक रेडियोएक्टिव ईंधन होता है।

भारत एक बंद परमाणु ईंधन चक्र (क्लोज़्ड न्यूक्लियर फ्यूल सायकल) की नीति अपनाता है। इसके तहत इस्तेमाल किए गए परमाणु ईंधन को केवल कचरा नहीं माना जाता। पहले इसे रैगुलेटरी निगरानी में सुरक्षित रखा जाता है, और फिर यूरेनियम और प्लूटोनियम जैसी दोबारा उपयोग में आने वाली सामग्री को निकालने के लिए रीप्रोसैस किया जाता है।

इस प्रक्रिया के बाद बचा हुआ उच्च स्तर का रेडियोएक्टिव कचरा ही लंबे समय तक सुरक्षित रखने की आवश्यकता होती है। इसलिए रीप्रोसैसिंग भारत की दीर्घकालिक परमाणु ऊर्जा रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# नशे से ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रधानमंत्री ने परिवारों से अपील की कि यदि घर का कोई बच्चा नशे का शिकार हो जाए तो सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण इसे छिपाया न जाए। बच्चों के साथ संवाद की संस्कृति विकसित करना जरूरी है, ताकि समय रहते उनके व्यवहार में आने वाले बदलावों को पहचाना जा सके।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908